

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 209 | शनिवार, 12 सितम्बर 2026 | भाद्रपद माह, शुक्ल, प्रतिपदा, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया


देश दुनिया

हर खबर पर हमारी नजर

## पीएम मोदी और पेजेशकियन की द्विपक्षीय बैठक

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** ब्रिक्स बिजनेस फोरम में शामिल होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के बीच होने वाली द्विपक्षीय बैठक शुरू हो गई है। इस बैठक में पश्चिम एशिया संघर्ष से लेकर भारत की ऊर्जा जरूरतों तक बातचीत होने की संभावना है। दोनों नेताओं की बैठक से पहले मुलाकात में गर्मजोशी नजर आई। इस बैठक में ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से भी मुलाकात की। दो सप्ताह से भी कम समय में दोनों नेताओं की यह दूसरी मुलाकात है।

दोनों नेताओं ने भारत और ईरान के बीच द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद ब्रिक्स से संबंधित बैठकों में ईरान की नियमित और उच्चस्तरीय भागीदारी के लिए आभार जताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ग्लोबल साउथ के देशों के बीच लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता की भावना विकसित करने में ब्रिक्स में काफी संभावनाएं हैं। उन्होंने ब्रिक्स बिजनेस फोरम के नेताओं के सत्र में राष्ट्रपति पेजेशकियन की भागीदारी के लिए भी उनका धन्यवाद किया।

## ब्रिक्स बिजनेस फोरम में क्या बोले पीयूष गोयल?

एजेंसी न्यूज

नई दिल्ली। दिल्ली में ब्रिक्स बिजनेस फोरम के नेताओं के सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग का लाभ उन लोगों तक पहुंचे, जो अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि इसका लाभ किसानों तक पहुंचना चाहिए, कारोबार और अन्य क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाना चाहिए और युवा उद्यमियों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए संपत्ति और समृद्धि के अधिक अवसर उपलब्ध कराने चाहिए।

गोयल ने कहा कि आज सदस्य देशों और साझेदार देशों के 2,000 से अधिक कारोबारी नेता और प्रतिनिधि यहां जुटे हैं। यह अब तक आयोजित सबसे बड़ा ब्रिक्स बिजनेस फोरम है।

## पुतिन ने दिया पीएम मोदी को रूस आने का निमंत्रण

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। इस साल दोनों नेताओं की यह दूसरी मुलाकात है। दोनों ने भारत-रूस के बीच राजनीतिक, आर्थिक, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, कौशल आधारित श्रम आवाजाही और लोगों के बीच संपर्क समेत विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने बहुपक्षीय मंचों पर भारत-रूस सहयोग को लेकर विचारों का आदान-प्रदान किया। खास तौर पर भारत की 2026 की अध्यक्षता में ब्रिक्स के भीतर सहयोग पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने आपसी हित से जुड़े प्रमुख क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार साझा किए। इनमें पश्चिम एशिया और काला सागर क्षेत्र के संघर्ष शामिल रहे। इन संघर्षों का समुद्री व्यापार और भारतीय नाविकों की सुरक्षा पर असर पड़ा है।



## पीएम मोदी की यूएन के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के साथ बैठक

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** राजधानी नई दिल्ली के 'भारत मंडपम' में 12 और 13 सितंबर को आयोजित हो रहे 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए वैश्विक नेताओं का आगमन जारी है। सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए



रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा, ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा और युगांडा की उपराष्ट्रपति जेसिका अलुपो समेत 21 देशों के प्रतिनिधि और शीर्ष नेता नई दिल्ली पहुंच चुके हैं। इस महासम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूसी राष्ट्रपति पुतिन, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और ईरानी राष्ट्रपति पेजेशकियन सहित कई शीर्ष नेताओं के साथ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच नई दिल्ली इस ऐतिहासिक वैश्विक महाकुंभ की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है।

# 'पता नहीं अपने आप को जी-7 क्यों कहते हैं?'

## पुतिन ने पश्चिमी देशों पर कसा तंज, समझाया ब्रिक्स कैसे बना ताकतवर

**एजेंसी न्यूज**

नई दिल्ली। नई दिल्ली में ब्रिक्स बिजनेस फोरम के मंच से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों और जी-7 समूह पर जोरदार हमला बोला। पुतिन ने आधिकारिक आंकड़े पेश करते हुए समझाया कि कैसे वैश्विक जीडीपी और आर्थिक वृद्धि में ब्रिक्स समूह जी-7 से बहुत आगे निकल चुका है। क्या पश्चिमी प्रतिबंधों के बीच ब्रिक्स समूह दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनने की राह पर है?

नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स बिजनेस फोरम में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों के आर्थिक दबदबे को खुली चुनौती दी। जी-7 समूह पर तीखा प्रहार किया। पुतिन ने कहा कि वर्तमान में पूरी दुनिया गहरे संरचनात्मक और व्यापक बदलावों के दौर से गुजर रही है। उन्होंने दो टूक शब्दों में स्पष्ट किया कि पश्चिमी देश निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा करने से बुरी तरह डरते हैं और इसी वजह से रूस पर मनमाने और गलत प्रतिबंध थोपे गए हैं। हालांकि इन प्रतिबंधों के बावजूद रूस न केवल आगे बढ़ा है, बल्कि ब्रिक्स देश आपसी सहयोग और मजबूत रिश्तों के दम पर वैश्विक चुनौतियों का डटकर मुकाबला कर रहे हैं।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ठोस तथ्यों का हवाला देते हुए बताया कि पिछले पांच वर्षों में दुनिया की कुल जीडीपी का 40 प्रतिशत से अधिक उत्पादन अकेले ब्रिक्स देशों ने किया है।

इसके उलट तथाकथित जी-7 समूह का योगदान सिमटकर केवल 29 प्रतिशत



रह गया है। पुतिन ने तंज कसते हुए कहा कि वे समझ नहीं पाते कि उसे जी-7 या ग्रेट-7 क्यों कहा जाता है, जबकि हकीकत इसके उलट है।

उन्होंने विश्व अर्थव्यवस्था के विकास का आंकड़ा समझाते हुए कहा कि समान अवधि में वैश्विक आर्थिक विकास की आधी से अधिक यानी 50 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि ब्रिक्स देशों की वजह से हुई है, जबकि जी-7 समूह का योगदान इसमें केवल 18 प्रतिशत रहा है।

पुतिन ने इस भारी अंतर की सीधी वजह बताते हुए कहा कि ब्रिक्स देशों में दुनिया की आधी से अधिक आबादी बसती है, जिससे उनके पास बेहद गतिशील, विशाल और जीवंत घरेलू बाजार मौजूद हैं।

पुतिन ने भारत की तकनीकी प्रगति को विशेष रूप से रेखांकित करते हुए कहा कि भारत की आईटी कंपनियां बहुत तेज गति से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने बताया कि ब्रिक्स देशों के बीच आज दुनिया का करीब 40 फीसदी व्यापार संचालित होता है। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि भरोसेमंद बिजनेस-टू-बिजनेस संबंध और मजबूत आर्थिक साझेदारियां ही अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था की रीढ़ हैं। ये साझेदारियां दुनिया के सामने मौजूद संकटों को हल करने में मदद करती हैं। उन्होंने साफ किया कि रूस पूरी दुनिया में केवल विश्वसनीय और उम्मीदों पर पूरी तरह खरे उतरने वाले साझेदारों के साथ अपने संबंध लगातार मजबूत कर रहा है।

पिछले 5 वर्षों में ब्रिक्स देशों ने विश्व की 40% से अधिक जीडीपी बनाई, जबकि जी-7 का हिस्सा केवल 29% रहा।

दुनिया की आर्थिक वृद्धि में ब्रिक्स की हिस्सेदारी 50% से अधिक रही, जबकि जी-7 केवल 18% का योगदान दे सका।

ब्रिक्स देशों के पास दुनिया की आधी से अधिक आबादी और अत्यंत जीवंत घरेलू बाजार मौजूद हैं।

वर्तमान में विश्व का लगभग 40 प्रतिशत व्यापार ब्रिक्स देशों के बीच हो रहा है।

मंच से पुतिन ने भारत की आईटी कंपनियों की तेज विकास दर की जमकर सराहना की।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने जोर देकर कहा कि रूस पर्यटन, उद्योग और व्यापार के क्षेत्रों में दिलचस्प और आशाजनक पहलों के लिए पूरी तरह खुला है। उन्होंने स्पष्ट किया कि रूस अपने साझेदार देशों के साथ मिलकर वैश्विक ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसके साथ ही उन्होंने दुनिया भर में विश्वसनीय लॉजिस्टिक और परिवहन मार्ग तैयार करने पर विशेष बल दिया। पुतिन ने कहा कि रूस अपने सहयोगियों के साथ मिलकर आर्कटिक ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर और 'नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर' जैसे अहम और रणनीतिक व्यापारिक रास्तों के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

पश्चिमी प्रतिबंधों और प्रतिस्पर्धा के बदसूरत रूप पर क्या बोले पुतिन?

रूस-यूक्रेन संघर्ष और पश्चिम एशिया संकट की पृष्ठभूमि के बीच राष्ट्रपति पुतिन ने अमेरिका या किसी अन्य देश का सीधा नाम लिए बिना पश्चिमी देशों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने पश्चिमी प्रतिबंधों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि कई बार अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा बेहद बदसूरत रूप अख्तियार कर लेती है। पुतिन ने रेखांकित किया कि यह बदसूरत रूप अब केवल निजी स्तर पर नहीं, बल्कि सरकारी और राज्य स्तर पर भी साफ देखा जा रहा है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि कभी-कभी प्रतिस्पर्धा को दबाने के लिए ऐसे उपाय अपनाए जाते हैं जो भौतिक प्रकृति के यानी सीधे नुकसान पहुंचाने वाले होते हैं।

## पीएम मोदी बोले- चार देशों का समूह आज 21 की संख्या तक पहुंचा

एजेंसी न्यूज



**नई दिल्ली।** ब्रिक्स बिजनेस फोरम में शामिल सभी नेताओं का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वागत किया। पीएम मोदी ने कहा कि 2006 में जब ब्रिक्स समूह की शुरूआत हुई थी, तब इसमें महज चार देश शामिल थे। आज ब्रिक्स और ब्रिक्स के सहयोगी देशों को मिलाकर 21 देशों का परिवार हो चुका है। दिल्ली में ब्रिक्स बिजनेस फोरम के नेताओं के सत्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज ब्रिक्स देश दुनिया की 50 प्रतिशत आबादी, 40 प्रतिशत वैश्विक जीडीपी और वैश्विक व्यापार के 25 प्रतिशत से अधिक हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, 'इन वर्षों में जहां वैश्विक जीडीपी लगभग ढाई गुना बढ़ी है, वहीं ब्रिक्स देशों की संयुक्त जीडीपी करीब साढ़े चार गुना बढ़ी है। दूसरे शब्दों में, ब्रिक्स की आर्थिक ताकत बाकी दुनिया की तुलना में लगभग दोगुनी गति से बढ़ी है।' मोदी ने कहा कि ब्रिक्स देश वैश्विक नवाचार और समाधान के प्रमुख केंद्रों के रूप में भी उभर रहे हैं।

# पीएम मोदी बोले- हर साल करें ब्रिक्स की प्रगति की समीक्षा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में ब्रिक्स बिजनेस फोरम के नेताओं के सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता की थीम 'लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण' है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने इस मंत्र को अपनी आर्थिक और व्यापार नीतियों की नींव बनाया है।

लचीलेपन का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने ऊर्जा से लेकर तकनीक तक विभिन्न क्षेत्रों में फैली आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक विविध और भरोसेमंद बनाया है। उन्होंने कहा कि इसी लचीलेपन के कारण वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भी भारत आज विकास और स्थिरता का भरोसा देता है।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों और हवाई अड्डों का तेजी से विस्तार कर रहा है। इसके साथ ही जहाज निर्माण, सेमीकंडक्टर, क्वांटम तकनीक, महत्वपूर्ण खनिज और जैव प्रौद्योगिकी जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में नई क्षमताएं विकसित की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि भारत की यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) ने बड़े पैमाने पर वित्तीय समावेशन और डिजिटल लेनदेन को नई गति दी है। आज दुनिया के वास्तविक समय में होने वाले भुगतान में 50 प्रतिशत भुगतान इस तकनीक के जरिये होते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक स्तर पर व्यापार बाधाएं बढ़ रही हैं, वहीं भारत आर्थिक पुल बना रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 से भारत ने करीब 40 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। पीएम मोदी ने कहा,



'हमारा दृष्टिकोण व्यापारिक बाधाओं को कम करने और कारोबार के लिए अवसर बढ़ाने पर केंद्रित है।' उन्होंने कहा कि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत कृषि, स्वास्थ्य, कौशल और स्मार्ट ग्रिड जैसे क्षेत्रों में नए सहयोग नेटवर्क स्थापित किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि स्टार्टअप और एमएसएमई को बाजार और वित्त से जोड़ने के लिए ब्रिक्स इन्क्यूबेटर नेटवर्क, ब्रिक्स एमएसएमई पोर्टल और ब्रिक्स स्टार्टअप इनोवेशन फंड जैसी पहल शुरू की गई हैं। उन्होंने कहा कि सभी देश इन सहयोग ढांचों का लाभ उठाकर निवेश और प्रतिभाओं के आदान-प्रदान को बढ़ा सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक व्यापार में प्रगति तभी संभव है, जब समुद्री मार्ग सुरक्षित हों, आपूर्ति मार्ग खुले रहें और नाविक सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि भारत नौवहन की स्वतंत्रता और नाविकों की सुरक्षा का दृढ़ समर्थक है। पीएम मोदी ने कहा कि ब्रिक्स महिला बिजनेस अलायंस भी भारत के दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि भारत चाहता है कि महिला उद्यमी देश की विकास गाथा का नेतृत्व करें। उन्होंने बताया कि भारत में आयोजित इस गठबंधन की बैठक में करीब 200 महिला कारोबारी नेताओं ने हिस्सा लिया।

## ब्राजील के विदेश मंत्री विएरा बोले- ब्रिक्स ने खुद को मजबूत किया

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में ब्रिक्स बिजनेस फोरम के नेताओं के सत्र को संबोधित करते हुए ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा ने कहा कि दुनिया के वैश्विक परिदृश्य में गहरे बदलाव हो रहे हैं और इसके पीछे ग्लोबल साउथ की अर्थव्यवस्थाओं की दशकों से जारी लगातार वृद्धि प्रमुख वजह है।

उन्होंने कहा, '1960 के दशक से लेकर आज तक दुनिया की जीडीपी में निम्न और मध्यम आय वाले देशों की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत से अधिक हो गई है। आज ब्रिक्स देश दुनिया के आर्थिक उत्पादन में 40 प्रतिशत का योगदान देते हैं।'

विएरा ने कहा कि हालिया विस्तार के बाद ब्रिक्स ने खुद को दुनिया की कुछ सबसे गतिशील और समृद्ध अर्थव्यवस्थाओं को जोड़ने वाले मंच के रूप में मजबूत किया है।

BRICS INDIA 2026

## ब्रिक्स बिजनेस फोरम में पेजेशकियन बोले- दुनिया कठिन दौर से गुजर रही

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में ब्रिक्स बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने भारत में बैठक की मेजबानी के लिए सरकार और लोगों का आभार जताया। उन्होंने ब्रिक्स सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की भी सराहना की। पेजेशकियन ने कहा, 'मेरे लिए यह बेहद संतोष की बात है कि मैं आज निजी क्षेत्र, कारोबारी प्रतिष्ठानों और उद्यमियों के प्रतिनिधियों के बीच मौजूद हूं। ये लोग ब्रिक्स के भीतर सहयोग के विचार को ठोस आर्थिक वास्तविकताओं में बदल सकते हैं।' उन्होंने कहा कि दुनिया आज सबसे जटिल दौर में से एक से गुजर रही है। भू-राजनीतिक अनिश्चितता, आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान और राजनीतिक दबाव बनाने के लिए आर्थिक साधनों के बढ़ते इस्तेमाल ने देशों के लिए आर्थिक माहौल को और जटिल बना दिया है।

# यूपी: राजस्व सेवाओं में बड़ा बदलाव, ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र बनवाना हुआ आसान; जमीन बंटवारे का काम भी ऑनलाइन होगा

**एजेंसी न्यूज**

लखनऊ. उत्तर प्रदेश में राजस्व सेवाओं को डिजिटल बनाने के लिए ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र, सरलीकृत खतौनी और भूमि विभाजन से जुड़े नए पोर्टल शुरू किए गए हैं। अब ईडब्ल्यूएस आवेदन और भूमि बंटवारे की प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। खतौनी में क्षेत्रफल छह दशमलव तक दिखेगा। इससे पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्ध निस्तारण बढ़ेगा तथा तहसील के चक्कर कम होंगे। ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र की प्रक्रिया को ऑनलाइन करने के लिए ईडब्ल्यूएस पोर्टल, भूमि अभिलेखों को सरल और सटीक बनाने के लिए सरलीकृत खतौनी तथा राजस्व संहिता की धारा 116 के तहत भूमि विभाजन के मामलों के ऑनलाइन निस्तारण के लिए नया पोर्टल शुरू किया गया है।



राजस्व परिषद की अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल ने शुक्रवार को आंबेडकर सभागार में इन सुविधाओं का शुभारंभ किया।

ईडब्ल्यूएस पोर्टल के जरिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के नागरिक अब प्रमाणपत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन लेखपाल और तहसीलदार स्तर पर भी ऑनलाइन भेजा और निस्तारित किया जा सकेगा। आवेदन किस स्तर पर है और उसकी स्थिति क्या है, इसकी जानकारी डिजिटल माध्यम से देखी जा सकेगी।

इससे कागजी कार्यवाही कम होने के साथ ही नागरिकों को बार-बार तहसील या संबंधित कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत कम होगी।










## एक नजर

### चेकिंग के दौरान अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**फतेहगंज पश्चिमी।** अवैध शस्त्रों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने चिटौली अंडरपास के पास चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, उपनिरीक्षक आदेश कुमार टीम के साथ संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान हाईवे लिंक रोड पर युवक के अवैध असलहे के साथ खड़े होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सोनू पुत्र महावीर सिंह, निवासी मोहल्ला नौगवां, फतेहगंज पश्चिमी बताया। तलाशी में उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। थाना प्रभारी प्रवीन कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

# पुलिस मुठभेड़ में दो पशु चोर गिरफ्तार

## मीरगंज में भैंसा चोरी का खुलासा, तीन आरोपी अब भी वांछित, गिरफ्तार उस्मान पर 13 मुकदमे दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय





**मीरगंज।** थाना मीरगंज पुलिस और एसओजी द्वितीय की संयुक्त टीम ने पुलिस मुठभेड़ के दौरान भैंसा चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने 5 सितंबर की रात ग्राम मीरनगर उर्फ नौगवां से दो भैंसे चोरी किए थे। मुठभेड़ के दौरान दोनों आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे, कारतूस, दो मोबाइल फोन और 550 रुपये बरामद हुए हैं। मुठभेड़ में आरोपी उस्मान घायल हुआ, जिसे उपचार के लिए सीएचसी मीरगंज भेजा गया।

पुलिस के अनुसार 5 सितंबर की रात अनोखेलाल पुत्र रामस्वरूप निवासी मीरनगर उर्फ नौगवां के घर से अज्ञात चोर दो भैंसे चोरी कर ले गए थे। मामले में 10 सितंबर को थाना मीरगंज में मुकदमा संख्या 445/26 धारा 305/317(2)/3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने चोरी में प्रयुक्त पिकअप UP 23 AT 1609 को दो चोरी किए गए भैंसों समेत मीरनगर उर्फ नौगवां और पैगानगरी से भाखड़ा नदी की ओर जाने वाले खड़ंजे के चौराहे के पास से बरामद कर लिया था। दोनों भैंसों को उनके मालिक के सुपुर्द कर दिया गया। इसी मामले में एसओजी द्वितीय और मीरगंज पुलिस की टीम आरोपियों की तलाश में जुटी थी। पुलिस के मुताबिक 10/11 सितंबर की रात मुखबिर की सूचना पर आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया गया। आरोप है कि बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उस्मान पुत्र नक्शे निवासी खेमपुर, थाना अजीमनगर, रामपुर और रईस पुत्र मोहम्मद शाह निवासी महेशपुरा, थाना भोट, रामपुर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उस्मान के कब्जे से 315 बोर का तमंचा, खोखा कारतूस और जिंदा कारतूस तथा रईस के कब्जे से 12 बोर का तमंचा, जिंदा कारतूस और मिस कारतूस बरामद करने का दावा किया है। दोनों के पास से वीवो और ओपो कंपनी के मोबाइल फोन तथा 550 रुपये भी बरामद हुए।

### पांच सदस्यीय गिरोह का खुलासा

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि 5 सितंबर को नौगवां से दो भैंसे चोरी करने में कुल पांच लोग शामिल थे। इनमें गिरफ्तार उस्मान और रईस के अलावा राशिद उर्फ गर्रा, चुन्नन पुत्र मुन्नन कुरैशी और फरीद शामिल बताए गए हैं। पुलिस ने तीनों को वांछित घोषित कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### आपराधिक इतिहास भी सामने आया

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी उस्मान के खिलाफ रामपुर और बरेली के विभिन्न थानों में हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट, गोवंश संरक्षण एवं पशुक्रूरता अधिनियम समेत कुल 13 मुकदमे दर्ज हैं। वहीं रईस के खिलाफ बरेली के इज्जतनगर थाने में हत्या और अपहरण से संबंधित मुकदमे समेत मीरगंज में दर्ज दोनों मामले सामने आए हैं। गिरफ्तारी के बाद थाना मीरगंज में मुकदमा संख्या 450/26, धारा 109(1)/3(5) बीएनएस और 3/25/27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार, एसओजी द्वितीय प्रभारी प्रशांत सिंह, उपनिरीक्षक जयप्रकाश, पंकज कुमार, ब्रजकिशोर समेत मीरगंज थाने और एसओजी की टीम शामिल रही।

# शराब की दुकानें हटाने को सड़क पर पुनः उतरीं महिलाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय



**आंवला।** आंवला बिसौली मार्ग पर शुक्रवार दोपहर बड़ी संख्या में महिलाओं ने शराब की दोनों दुकानों के खिलाफ एक बार पुनः प्रदर्शन किया। महिलाओं ने दुकानों के बाहर आबकारी विभाग और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें गांव से हटाने की मांग की। सूचना पर तहसीलदार अतुल सेन सिंह, आबकारी निरीक्षक बृजेश यादव और कोतवाल बीनू सिंह मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के आश्वासन के बाद महिलाएं शांत हुईं।

कसुमुरा गांव निवासी प्रदर्शनकारी महिलाओं का आरोप है कि गांव में देसी और अंग्रेजी शराब की दुकानें आमने-सामने होने से माहौल खराब हो रहा है। आरोप है कि दुकानों के बाहर ही लोग खुलेआम शराब पीते हैं और दिनभर शराबियों की भीड़ लगी रहती है। इससे रास्ते से निकलने वाली महिलाओं और युवतियों को परेशानी होती है। नशे में लोग फब्तियां कसते हैं और विरोध करने पर अभद्रता व विवाद करते हैं। महिलाओं ने दुकान संचालक पर भी दुकान के बाहर शराब पिलाने की अनुमति देने का आरोप लगाया। प्रदर्शन के दौरान एक दरोगा पर ग्रामीणों और बच्चों से अभद्रता करने का आरोप लगने के बाद पुलिस और ग्रामीणों के बीच गरमागरमी भी हुई। हालांकि अधिकारियों और महिला पुलिसकर्मियों ने लोगों को समझाकर मामला शांत कराया। महिलाओं ने बताया कि दोनों दुकानों को हटाने की मांग को लेकर 30 जुलाई को भी प्रदर्शन किया गया था। उस समय अधिकारियों ने कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन दुकानें नहीं हटाई गईं। शुक्रवार को दोबारा प्रदर्शन के बाद अधिकारियों ने कुछ ही दिनों में दोनों दुकानों का स्थानांतरण कराने का आश्वासन दिया। आबकारी निरीक्षक बृजेश यादव ने बताया कि दोनों दुकानों के स्थानांतरण के लिए स्थान चिन्हित कर लिया गया है। कुछ ही दिनों में दोनों दुकानों को वहां से स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

# गवाही से नाराजगी में युवक को गोली मारने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आंवला।** पुराने मुकदमे की रंजिश और पॉक्सो मामले में गवाही से नाराजगी को लेकर शुक्रवार सुबह एक युवक को गोली मारने का आरोप लगाया गया। घायल नरेश पुत्र रोशन लाल निवासी मोहल्ला खेड़ा को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। घटना की जानकारी पर हिंदू संगठनों के पदाधिकारी भी थाने पहुंचे।

नरेश के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे घर से बाहर निकलते ही पहले से मौजूद लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। एक युवक के हाथ में तमंचा था। आरोप है कि उसने गोली चला दी, जो नरेश के बाएं हाथ में लगी। शोर सुनकर परिजन बाहर आए तो आरोपी गाली-गलौज और धमकी देते हुए फरार हो गए। वहीं, इसी मामले से जुड़े परिवार की ओर से भी पुलिस को शिकायत दी गई है। पॉक्सो मामले की पीड़िता ने आरोप लगाया कि 10 सितंबर को बरेली की पॉक्सो अदालत में गवाही देने के बाद आरोपी पक्ष के लोग उसके घर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर अंदर घुस आए। समझौते का दबाव बनाने के बाद मारपीट और गाली-गलौज का आरोप लगाया गया। परिवार ने सुरक्षा की मांग की है। पुलिस दोनों शिकायतों की जांच कर रही है।

## संक्षेप समाचार

### विद्युत टीम ने बकाया पर काटे 45 कनेक्शन, 11 के खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट

**आंवला।** विद्युत उपकेंद्र मनपुरा के अंतर्गत बिजली विभाग की टीम ने बकाया वसूली और बिजली चोरी के खिलाफ शुक्रवार को मनौना और दरावनगर गांव में अभियान चलाया। अभियान के दौरान 45 बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए और बिजली चोरी करते पकड़े गए 11 उपभोक्ताओं के खिलाफ एंटी थेफ्ट थाना बरेली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। विद्युत एसडीओ कामेश कुमार ने बताया कि बिजली चोरी करते पाए गए विमला देवी पत्नी ओमप्रकाश, सबदर हुसैन पुत्र मुबारक हुसैन, नईम बानो पत्नी संसार खां, जाकिर खां पुत्र जफर, अनीस पुत्र महबूब, इसरार पुत्र इरशाद, मुनीश पुत्र मोहम्मद नबी, नूरजहां पत्नी इसरार, कैसर जहां पत्नी सल्लन, शिव सिंह पुत्र मिहीलाल समेत 11 उपभोक्ताओं के खिलाफ धारा 138 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

### फर्जी फर्म और कूटरचित बिलों से जीएसटी लाभ लेने का आरोपी गिरफ्तार

**आंवला।** फर्जी फर्म तैयार कर कूटरचित बिलों के माध्यम से जीएसटी का अनुचित लाभ लेने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से मोबाइल फोन और पैन कार्ड की छायाप्रति बरामद की है। राज्य कर अधिकारी खंड-01 बरेली शेषनाथ रावत ने 14 जून 2026 को धोखाधड़ी कर कूटरचित प्रपत्र तैयार करने और जीएसटी का अनुचित लाभ लेने के संबंध में तहरीर दी थी। इसमें अरविंद कुमार पुत्र अशोक कुमार को नामजद किया गया था। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच आरम्भ कर दी थी। पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान गवाहों के बयान, साक्ष्यों और अन्य तथ्यों के आधार पर अरविंद कुमार की नामजदगी गलत पाई गई। जांच में सुभाष गुप्ता और उसके पुत्र प्रशांत गुप्ता के नाम प्रकाश में आए। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को वजीरगंज रोड की ओर जाने की फिराक में खड़े सुभाष गुप्ता को दोपहर 12:15 बजे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने अपने पुत्र प्रशांत के साथ मिलकर अरविंद के नाम से फर्जी फर्म तैयार की थी। वास्तविक माल की प्राप्ति या आपूर्ति किए बिना फर्जी बिलों के माध्यम से आईटीसी पास ऑन कराकर अनुचित लाभ लिया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोटोरोला कंपनी का मोबाइल फोन और पैन कार्ड की छायाप्रति बरामद की। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय भेजा है। वहीं वांछित प्रशांत गुप्ता की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

### मीरगंज विधायक डॉ. डी.सी. वर्मा बने उप-समिति के अध्यक्ष, मंडल उपाध्यक्ष तौसीब अहमद ने दी बधाई

**मीरगंज।** उत्तर प्रदेश विधानसभा की स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा प्रतिवेदन से संबंधित उप-समिति का अध्यक्ष मनोनीत होने पर भाजपा विधायक डॉ. डी.सी. वर्मा को बधाइयों का सिलसिला जारी है। मीरगंज विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ. वर्मा को मिली इस नई और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पर बरेली के भाजपा मंडल उपाध्यक्ष युवा मोर्चा तौसीब अहमद ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। तौसीब अहमद संदेश में कहा कि यह महत्वपूर्ण दायित्व डॉ. वर्मा के लंबे अनुभव, कार्यकुशलता और जनहित के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता को एक और अधिक प्रभावी मंच प्रदान करेगा। उन्होंने डॉ. वर्मा के नवीन दायित्व के सफल निर्वहन और उनके उज्ज्वल व यशस्वी कार्यकाल के लिए हार्दिक मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। इस मनोनयन से स्थानीय कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता में खुशी की लहर है। समर्थकों का मानना है कि डॉ. वर्मा के नेतृत्व में समिति का कार्य अत्यंत पारदर्शिता और कुशलता के साथ आगे बढ़ेगा।इस दौरान रीब्जी अंसारी मुमताज अहमद रियाउद्दीन अंसारी आकिब बेग ताहिर अहमद आदि लोगों ने भी बधाई दी

### महिला से घर में घुसकर छेड़खानी और मारपीट

**फरीदपुर (बरेली)।** नगर के एक मोहल्ले में घर पर अकेली महिला के साथ युवक ने जबरन घर में घुसकर की छेड़खानी, विरोध करने पर की मारपीट। पीड़िता ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, नगर के एक मोहल्ले की निवासी पीड़िता ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि शुक्रवार की शाम करीब 6:00 बजे वह अपने घर पर अकेली थीं। इसी दौरान पड़ोस में ही रहने वाला मुनीश पुत्र मंगली जबरन उनके घर में घुस आया। महिला का आरोप है कि आरोपी ने उसकी लज्जा भंग करने के उद्देश्य से उसका दुपट्टा पकड़कर खींच लिया। जब उसने विरोध किया, तो आरोपी गंदी-गंदी गालियां देने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने महिला के बाल पकड़कर उसे जमीन पर गिरा दिया और मारपीट करते हुए उसके साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया। पीड़िता के शोर मचाने पर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए तो आरोपी पीड़िता को जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़िता फरीदपुर कोतवाली पहुंची मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# स्काउट गाइड शिविर का शुभारंभ



जागरण मोर्चा कार्यालय

**आंवला।** केंद्रीय विद्यालय इफको आंवला में शुक्रवार को भारत स्काउट एवं गाइड, लखनऊ मंडल के तृतीय सोपान परीक्षण शिविर-2026 का शुभारंभ हुआ। शिविर में विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों से आए करीब 124 स्काउट एवं गाइड प्रतिभाग कर रहे हैं। शिविर का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं इफको आंवला इकाई के वरिष्ठ महाप्रबंधक सत्यजित प्रधान, इफको टाउनशिप की प्रथम महिला केतकी प्रधान विद्यालय प्रबंध समिति के नामित अध्यक्ष एवं इफको आंवला इकाई के महाप्रबंधक अमित गुप्ता, विशिष्ट अतिथि आरसी शर्मा और कैंप डायरेक्टर एवं डिस्ट्रिक्ट कमिश्नर गाइड नमिता सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यालय की प्राचार्या अमिता सिंह ने कहा कि स्काउटिंग एवं गाइडिंग विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना और टीम भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके बाद ध्वजारोहण और स्काउट-गाइड प्रार्थना हुई। प्रतिभागियों को चेस्ट नंबर दिए गए। प्रशिक्षकों ने उन्हें शिविर के नियम, अनुशासन और परीक्षण प्रक्रिया की जानकारी दी। केवी लखनऊ संभाग की उपायुक्त सोना सेठ ने प्रतिभागियों को बधाई संदेश भेजा। सहायक उपायुक्त विजय कुमार और अनूप अवस्थी ने भी शुभकामनाएं दीं। मंच संचालन कल्पना महेश्वरी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन अम्भोज बाजपेई ने दिया।

# नदी में दिखा विशाल मगरमच्छ पुल पर जुटी लोगों की भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मीरगंज।** सिधौली गांव में शुक्रवार सुबह नदी में एक बड़ा मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में खलबली मच गई। मगरमच्छ को पानी में तैरते देख आसपास के लोग नदी किनारे जाने से बचने लगे। वहीं, पुल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और लोगों ने दूर से मगरमच्छ का वीडियो बना लिया। बाद में वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। ग्रामीणों के मुताबिक, मगरमच्छ पिछले कई दिनों से नदी में दिखाई दे रहा है। शुक्रवार सुबह एक बार फिर उसके नजर आने से लोगों में दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीणों का कहना है कि नदी किनारे लोग अक्सर पशुओं को पानी पिलाने और अन्य घरेलू कार्यों के लिए जाते हैं। इसके अलावा बच्चे भी आसपास खेलते रहते हैं। ऐसे में मगरमच्छ की मौजूदगी से बच्चों और पशुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि समय रहते मगरमच्छ को सुरक्षित तरीके से नहीं पकड़ा गया तो किसी दिन अप्रिय घटना हो सकती है। उन्होंने वन विभाग से तत्काल मौके पर टीम भेजकर मगरमच्छ की निगरानी और सुरक्षित रेस्क्यू कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि मगरमच्छ को पकड़कर उसे सुरक्षित प्राकृतिक स्थान पर छोड़ा जाए, ताकि इंसानों और पशुओं को संभावित खतरे से बचाया जा सके।

### निपुण भारत मिशन का पांच दिवसीय प्रशिक्षण समाप्त

**बहेड़ी।** मोहल्ला जाजूनागर स्थित बीआरसी पर शिक्षकों का पांच दिवसीय निपुण भारत मिशन प्रशिक्षण शुक्रवार को संपन्न हुआ। संदर्भदाताओं ने आधारभूत भाषा एवं गणितीय दक्षता बढ़ाने की नवीन शिक्षण तकनीकों की जानकारी दी। कार्य पुस्तिका, शिक्षक डायरी व संदर्शिका के प्रभावी उपयोग के तरीके समझाए गए। एआरपी व केआरपी ने प्रशिक्षण दिया। दो बैचों में 100 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।




# बीईओ शीशपाल सिंह को विदाई मुकेश भारती ने संभाला कार्यभार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फतेहगंज पूर्वी।** फरीदपुर के खंड शिक्षा अधिकारी शीशपाल सिंह का स्थानांतरण हो जाने के चलते उनका बीआरसी फरीदपुर पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष कामरान खान, तहसील अध्यक्ष राहुल सिंह, ब्लॉक मंत्री मनोज मिश्रा, अवनेश शंखधार, विवेक शर्मा, क्षितिज चौहान, शिवम अग्रवाल, के अलावा शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुनील शुक्ला, मंत्री भूप सिंह, तथा वरिष्ठ शिक्षक नेता प्रदीप तोमर, नेहा यादव, समेत दर्जनों अध्यापक एवं अध्यापिकाएं मौजूद रहे। वहीं स्थानांतरण पर आए नए खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश भारती ने बीआरसी पर पहुंचकर पदभार ग्रहण कर लिया इसके बाद उक्त अध्यापको ने उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद खंड शिक्षा अधिकारी ने अध्यापकों, कार्यालय स्टाफ के साथ एक बैठक भी की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# निर्माण कार्य करा रहे व्यक्ति पर रॉड से हमला, एसएसपी से गिरफ्तारी की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ शीशगढ़ के टांडा छंगा गांव का मामला, पीड़ित ने मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धारा बढ़ाने और शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की मांग की

**बरेली।** शीशगढ़ थाना क्षेत्र के टांडा छंगा गांव में जमीन पर निर्माण कार्य के लिए सफाई करा रहे व्यक्ति पर हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित डालचंद्र पुत्र त्रिलोकीराम ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों की गिरफ्तारी, मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मुकदमे में धारा बढ़ाने और आरोपियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराने की मांग की है।

पीड़ित के अनुसार, आठ सितंबर की सुबह करीब 11:30 बजे वह अपनी जगह पर निर्माण कार्य कराने के लिए सफाई करा रहा था। इसी दौरान गांव के बलवंत सिंह, पलविंदर सिंह पुत्रगण स्वर्ण सिंह, जितेंद्र पुत्र बलवंत सिंह और तरनजीत सिंह पुत्र पलविंदर सिंह वहां पहुंच गए। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर धारदार हथियार और अन्य असलहों से हमला कर दिया गया। डालचंद्र का आरोप है कि तरनजीत सिंह ने लोहे की रॉड से उसके सिर पर जान से मारने की नीयत से वार किया, जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर गया। आरोप है कि इसके बाद आरोपी रायफल लहराते हुए मौके से चले गए। पीड़ित ने एसएसपी से कहा कि थाने में उसकी शिकायत के मुताबिक धाराएं नहीं लगाई गईं।

उसने मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मुकदमे में धारा 109 बीएनएस की तरमीम कराने की मांग की है। साथ ही आरोपियों के पास लाइसेंसी रायफल होने का दावा करते हुए शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराने की मांग की। पीड़ित ने जांच चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह राठी पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए मामले की जांच किसी अन्य उपनिरीक्षक से कराने की भी मांग की है। पुलिस से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की गई है।




जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com










**एक नजर**

### परचून की दुकान से कच्ची शराब बरामद, महिला गिरफ्तार

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के गाँव बहादुरपुर में एक परचून की दुकान से पुलिस ने 30 पाउच में भरी करीब 30 लीटर कच्ची शराब बरामद कर मौके से ही एक महिला को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार, हल्का इंचार्ज रजनीश कुमार को बीते दिन एक मुखबिर ने बताया कि परचून की दुकान में एक महिला कच्ची शराब बेचने का धंधा करती है। मौके पर पहुंचने के बाद तलाशी में पुलिस ने एक प्लास्टिक बैग से शराब के 30 पाउच बरामद कर लिए। दुकान में मिली महिला ने अपना नाम इंदो पत्नी मुल्कराज बताकर कहा कि कच्ची शराब वह उत्तराखण्ड राज्य निवासी एक व्यक्ति के जरिये मंगवाती थी। आरोपी महिला उम्रदराज बताई गई इसलिए पुलिस ने आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत कार्रवाई कर मुचलका पाबंद कर जमानत पर छोड़ दिया।

# सील के बाद फिर खुला शमीम अस्पताल विभाग की निगरानी पर उठे सवाल

**चार अगस्त को बंद कराया था अस्पताल, नोडल अधिकारी बोलीं-खोलने की अनुमति नहीं दी, संचालक ने रजिस्ट्रेशन होने का दावा किया**

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई के बाद सील हुआ शमीम अस्पताल दोबारा खुलने से विभागीय व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। चार अगस्त को सील किए गए अस्पताल में फिर से मरीजों का इलाज शुरू होने की बात सामने आई है। नैनीताल रोड, देवरनिया ऑन रोड स्थित अस्पताल को नोडल अधिकारी डॉ. सुचिता गंगवार की मौजूदगी में बंद कराया गया था। अब वही अधिकारी अस्पताल खोलने की अनुमति देने से इनकार कर रही हैं। चार अगस्त को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल का निरीक्षण किया था। विभाग ने उस समय अस्पताल के पास संचालन का रजिस्ट्रेशन नहीं होने की बात कहते हुए सील लगा दी थी। कुछ समय बाद अस्पताल फिर संचालित होता मिला। इससे सवाल उठ रहा है कि सरकारी सील हटाने की अनुमति किसने दी और विभाग को इसकी जानकारी क्यों नहीं हुई। नोडल अधिकारी सुचिता गंगवार ने स्पष्ट किया कि उन्होंने अस्पताल खोलने का कोई आदेश जारी नहीं किया। उन्होंने अस्पताल के दोबारा संचालन की जानकारी नहीं होने की बात भी कही। ऐसे में सील हटने की प्रक्रिया और विभागीय निगरानी दोनों जांच के दायरे में आ गए हैं। वहीं अस्पताल संचालक अकीब का कहना है कि उनके पास अस्पताल का रजिस्ट्रेशन मौजूद है। संचालक के दावे और विभाग की कार्रवाई में अंतर होने से रजिस्ट्रेशन की वैधता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग को स्पष्ट करना होगा कि चार अगस्त को किस रिकॉर्ड के आधार पर अस्पताल को बिना रजिस्ट्रेशन वाला माना गया था। अस्पताल संचालक की किसी दूसरे नोडल अधिकारी से कथित साठगांठ के जरिए सील खुलवाने का आरोप भी सामने आया है। हालांकि इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। जांच में यह पता लगाना जरूरी है कि सील कब हटाई गई, किसकी अनुमति से हटाई गई और अस्पताल दोबारा कब से चल रहा है।

नोडल अधिकारी ने मामले में कड़ी कार्रवाई की बात कही है। अब जांच से ही स्पष्ट होगा कि नियमों का उल्लंघन रजिस्ट्रेशन के मामले में हुआ या सरकारी सील हटाने में।

## राष्ट्रभावना का संदेश लेकर निकलेगी वाराणसी-वडनगर बाइक यात्रा

**बरेली।** युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण और जनसेवा से जोड़ने के उद्देश्य से वाराणसी-वडनगर बाइक यात्रा निकाली जाएगी। भाजयुमो ब्रज क्षेत्र के संयोजक रुद्र लक्ष्मीकांत अवस्थी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर 17 सितंबर को 250 मोटरसाइकिलों से 500 युवा वाराणसी से वडनगर रवाना होंगे। इतने ही युवा वडनगर से वाराणसी के लिए निकलेंगे। करीब 20 दिन की यात्रा सात अक्टूबर को पूरी होगी। ब्रज क्षेत्र से 25 युवा इसमें शामिल होंगे। यात्रा के दौरान विभिन्न जनपदों में भाजपा-भाजयुमो कार्यकर्ताओं से संवाद, संगठनात्मक बैठकें और जनसंपर्क कार्यक्रम होंगे। साथ ही स्वच्छता, जल संरक्षण, पर्यावरण और राष्ट्रसेवा का संदेश दिया जाएगा। यात्रा का शीर्षक 'जन्मभूमि से कर्मभूमि और कर्मभूमि से जन्मभूमि' रखा गया है।

# मुकदमे में समझौते का दबाव घर में घुसकर महिला से मारपीट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** आंवला थाना क्षेत्र के गोठा खण्डुआ गांव में मुकदमे में समझौता करने का दबाव बनाने के लिए महिला के घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता निशा पत्नी राजेश ने अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। निशा के मुताबिक, उसका पति चंडीगढ़ में मजदूरी करता है और वह छोटे बच्चों के साथ घर पर रहती है। वह मुकदमा अपराध संख्या 330/2026 में वादी है। यह मामला पॉक्सो अधिनियम की धारा 5/6 के तहत किशोर न्यायालय में विचाराधीन बताया गया है। पीड़िता का आरोप है कि पांच सितंबर की शाम करीब चार बजे बृजलाल, रामकिशोर, अंजना देवी, नरेंद्र पाल, रेखा देवी, सुरेंद्र, पायल, श्रीवती, नरवीर और राजो देवी एकराय होकर लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मुकदमे में समझौता करने का दबाव बनाया और कहा कि समझौता होने पर उनके बच्चों की जमानत जल्द हो जाएगी। निशा के मुताबिक, उसने समझौता करने से इनकार किया तो आरोपी भड़क गए और उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि जाते समय आरोपियों ने धमकी दी कि यदि समझौता नहीं किया तो अगली बार गला घोंटकर जान से मार देंगे। पीड़िता ने अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी से मामले में रिपोर्ट दर्ज कराकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराने की मांग की है।

# सफाई कर्मचारी संघ ने डीपीआरओ को सौंपा 5 सूत्रीय ज्ञापन, मिला आश्वासन

- डीपीआरओ ने समस्याओं के जल्द समाधान का दिया आश्वासन, अंतिम वरिष्ठता सूची भी होगी जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रामलाल कश्यप के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों की लंबित एसीपी, निर्वाचन ड्यूटी में 12 घंटे की जगह दो शिफ्ट में ड्यूटी, समय पर वेतन, मानव संपदा पोर्टल पर गलत दर्ज विवरण में सुधार और शहरी क्षेत्रों में क्रमवार ड्यूटी लगाने की मांग रखी गई। डीपीआरओ ने सभी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि सफाई कर्मचारियों की अंतिम वरिष्ठता सूची जल्द जारी की जाएगी। साथ ही विकासखंडों से वेतन संबंधी पत्र सूची हर माह 28 तारीख तक मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए, ताकि वेतन एक तारीख तक आहरित हो सके। प्रतिनिधिमंडल में महेश चंद्र वाल्मीकि, अजीत सिंह यादव, सर्वेश कुमार मौर्य, गंगाचरण कश्यप और तेजपाल पटेल आदि शामिल रहे।

## पीछे से झपटा बदमाश, महिला का कुंडल लूटा

**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला से बाइक सवार बदमाश कुंडल लूटकर फरार हो गए।

सद्भावना कॉलोनी निवासी श्यामा देवी पत्नी वेद पाल सिंह फौजी के अनुसार, 22 अगस्त की सुबह करीब 5:25 बजे वह साईं बारात घर के पास पहुंचीं, तभी पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों में पीछे बैठे युवक ने झपट्टा मारकर उनका कुंडल नोच लिया। कुंडल खींचने से महिला का कान कट गया और वह लहूलुहान हो गईं। वारदात के बाद बदमाश बाइक से रामगंगा की ओर फरार हो गए। पीड़िता के पति ने कैंट थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर बदमाशों की पहचान के प्रयास कर रही है।

# अपनी ही विस में जलभराव के बीच पहुंचे वन मंत्री

जागरण मोर्चा कार्यालय



- हालात देख आगे बढ़ने से रुके कदम
- बारिश थमने के बाद भी कॉलोनियों में पानी, अफसरों को दिए सख्त निर्देश
- लाजपत नगर समेत कई इलाकों में डेढ़ फीट तक जलभराव, अतिरिक्त पंपसेट लगाकर निकासी तेज कराने के निर्देश

**बरेली।** भारी बारिश के बाद शहर की कई कॉलोनियों में जलभराव की समस्या खत्म नहीं हुई है। शुक्रवार को वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने लाजपत नगर, त्रिवेणी और केसर वाटिका समेत प्रभावित इलाकों का जायजा लिया। लोगों ने उन्हें जलभराव और गंदगी की समस्या बताई। इस पर उन्होंने नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य को अतिरिक्त पंपसेट लगाकर जल्द पानी निकलवाने के निर्देश दिए।

स्थानीय लोगों के अनुसार, कई स्थानों पर अब भी करीब डेढ़ फीट पानी जमा है। इससे घरों से निकलना और रोजमर्रा के काम करना मुश्किल हो रहा है। रविवार को हुई मूसलाधार बारिश के बाद शहर के कई हिस्सों में दो दिन तक पानी भरा रहा था। पानी कम होने के बावजूद निचले इलाकों में परेशानी बरकरार है। किला नदी का जलस्तर बढ़ने से आसपास के क्षेत्रों में भी चिंता बनी हुई है। निरीक्षण के दौरान वन मंत्री ने जल निकासी के काम में तेजी लाने और जरूरत वाले स्थानों पर पंपसेट की संख्या बढ़ाने को कहा। साथ ही पानी उतरने के बाद प्रभावित कॉलोनियों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। जलभराव के कारण संक्रमण फैलने की आशंका को देखते हुए वन मंत्री ने सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह को प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य शिविर लगाने को कहा। शिविरों में पर्याप्त दवाएं रखने और लोगों की जांच कराने के निर्देश दिए, ताकि बीमारियों की रोकथाम समय रहते हो सके।

> अभी तक कहीं घरों में एवं सड़कों पर जलभराव की समस्या बनी हुई है बहराइच से छोड़े जाने वाले पानी को रोक दिया गया है उम्मीद है कि 2 दिन में सब पानी खत्म हो जाएगा और किसी को कोई समस्या ना हो इसलिए यहां पर चूने का छिड़काव एवं स्वास्थ्य कैंप भी लगाए जाएंगे।
>
> **-डॉ अरुण कुमार, शहर विधायक एवं वन मंत्री**

# बैंक हड़ताल से तीन दिन प्रभावित रहेगा कामकाज

- मांगों को लेकर यूनियनों ने जताया विरोध, 28 से 30 सितंबर की हड़ताल के बाद अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** बैंककर्मियों की हड़ताल को विभिन्न कर्मचारी और पेंशनर संगठनों का समर्थन मिला। प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया। प्रदर्शन की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी अश्विन आर्य और उनकी टीम ने संभाली।BTUF के जिला मंत्री संजीव मेहरोत्रा ने कहा कि बैंककर्मी जायज मांगों को लेकर पीछे नहीं हटेंगे। UFBU की हड़ताल में पेंशनर यूनियन के सदस्य भी शामिल रहे। सभा को पुनीत टंडन, कॉमरेड जगन्नाथ, सुनीत भटनागर, बीडी सिंह, संजीव अग्रवाल, आशीष शुक्ला, चरण सिंह यादव, विकास कुमार, शैलेंद्र कश्यप, भूपेंद्र कुमार, मुनीश बाबू, अरुण कुमार, अमित कुमार, महेंद्र यादव, प्रवीण राठौर, अनुज शुक्ला, पूजा जोशी और पूजा कौशल समेत अन्य ने संबोधित किया। 11 सितंबर की हड़ताल के बाद 12 सितंबर को दूसरा शनिवार और 13 सितंबर को रविवार होने से बैंक शाखाओं का कामकाज लगातार तीन दिन प्रभावित रहेगा। हालांकि एटीएम, यूपीआई और इंटरनेट बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध रह सकती हैं। बैंककर्मियों की प्रमुख मांगों में पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह, पीएलआई की विसंगतियां दूर करना, पेंशन अपडेशन, पुरानी पेंशन बहाली, स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी में राहत और पर्याप्त भर्ती शामिल हैं। मांगें नहीं मानी गईं तो 28 से 30 सितंबर तक हड़ताल और 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

## छेड़छाड़ का आरोप, महिला ने दी तहरीर

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी महिला ने अपने पडोसी पर आधी रात के समय घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी।

तहरीर लेकर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़िता द्वारा दी गई तहरीर में कहा गया है कि गुजरी सात तारीख को वह अपने कमरे में सो रही थी। आधी रात के करीब उसका पड़ोसी दीवार फांदकर उसके कमरे में घुस आया और आते ही उसका मुंह दबाने की कोशिश कर कपड़े खींचने लगा। चीख पुकार सुनकर घरवाले जाग गये तभी आरोपी गाली गलौज कर धमकाते हुए भाग गया। डरी सहमी महिला ने बीते दिन तहरीर देकर पुलिस को सारा घटनाक्रम सुनाया।

# कार में छिपाकर ले जा रहे थे डोडा, 52 किलो से अधिक खेप बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** बरेली से डोडा खरीदकर पंजाब ले जा रहे दो तस्करों को भोजीपुरा पुलिस और एसओजी ने गिरफ्तार कर लिया। दीदारपट्टी यात्री शेड के पास खड़ी होंडा सिटी की तलाशी में 52 किलो 400 ग्राम डोडा बरामद हुआ। पुलिस ने कार को भी कब्जे में ले लिया।

गुरुवार-शुक्रवार की रात पुलिस हाईवे पर गश्त कर रही थी। एसओजी से सूचना मिलने पर टीम दीदारपट्टी यात्री शेड पहुंची। वहां सफेद होंडा सिटी में दो युवक बैठे मिले। तलाशी लेने पर कार से डोडा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों की पहचान पटियाला निवासी मंगतदीन और परमजीत सिंह उर्फ चरनजीत सिंह के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार पूछताछ में दोनों ने बताया कि उन्होंने हाईवे पर सोनू नाम के व्यक्ति से डोडा खरीदा था। इसे पटियाला ले जाकर बेचने की तैयारी थी। पुलिस अब कथित सप्लायर सोनू की तलाश कर रही है। आरोपियों के पास से डोडे के अलावा दो मोबाइल, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड और 10 हजार रुपये भी मिले। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक मंगतदीन पर पंजाब में आबकारी और एनडीपीएस एक्ट के मुकदमे हैं, जबकि परमजीत पर सात पुराने मामले दर्ज बताए गए हैं। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।

**समस्या** — रुके हुए नाले के पानी से कॉलोनियों में दुर्गंध, जेसीबी से कराया गया जल निकासी का कार्य

# नवनिर्मित पुलिया ने रोकी जल निकासी, छह माह से जलभराव की मार झेल रहे पवन विहार के लोग

जागरण मोर्चा कार्यालय




पुलिया के कारण जलभराव। -जागरण मोर्चा

**बरेली।** पीलीभीत बाईपास रोड स्थित बीसलपुर चौराहा के पास नवनिर्मित पुलिया के चलते पवन विहार और गणेशपुरम कॉलोनी में जल निकासी की समस्या गंभीर हो गई है। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि जगतपुर क्षेत्र से आने वाले नाले का गंदा और दुर्गंधयुक्त पानी निकासी बाधित होने के कारण वापस कॉलोनी की ओर लौट रहा है। बारिश के दौरान स्थिति और विकट हो जाती है। सड़कों पर दो से तीन फीट तक पानी भरने से आवागमन प्रभावित होने के साथ ही घरों में पानी घुसने का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक करीब छह माह से यह समस्या बनी हुई है, जबकि इससे पहले कॉलोनी में इस तरह का जलभराव नहीं होता था। इधर, समस्या के तत्काल समाधान के लिए पवन विहार कॉलोनी के डेवलपर आशीष पटेल ने कर्मचारियों को मौके पर लगाया। नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की मदद से जेसीबी के जरिए जल निकासी का कार्य कराया गया। आशीष पटेल स्वयं मौके पर मौजूद रहकर कार्य की निगरानी करते रहे। जल निकासी और सफाई अभियान के बाद कॉलोनीवासियों ने नगर निगम के प्रयासों की सराहना की। कॉलोनीवासियों ने प्रशासन और नगर निगम से पुलिया तथा नाले की निकासी व्यवस्था की तकनीकी जांच कराकर जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है। इस दौरान हरूनगला के सभासद राजेश पटेल (वार्ड-17), श्याम सिंह राठौर, अजय सक्सेना, अमित पटेल, आलोक यादव, शशिशेखर, गयादीन गंगवार एवं योगेश पटेल आदि मौजूद रहे।

### गन्दा पानी बना समस्या



बारिश में नालों का गन्दा पानी कालोनीवासियों के घरों में न जमा हो इसकी रोकथाम हेतु नगर निगम को उचित व्यवस्था करनी चाहिए।

**-सुरेन्द्र कुमार गौड़, स्थानीय**

### दुर्गंधित पानी बहाव को कर रहा बाधित



पीलीभीत बाईपास रोड बीसलपुर चौराहा बरेली पर बनी नवनिर्मित पुलिया में जगतपुर क्षेत्र से आने वाले नाले का गन्दा व दुर्गंधित पानी, पवन विहार कालोनी की तरफ से जाने वाले पानी के बहाव को बाधित कर रहा है एवं पवन विहार कालोनी में वापस आ रहा है जिससे कालोनी में जलभराव हो रहा है। कालोनी के जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

**-आशीष पटेल, स्थानीय**

### पिछले 6 महीनों से है समस्या



पवन विहार कालोनी में पानी के भराव की समस्या विगत 6 महीनों से उत्पन्न हुई है ऐसी समस्या का पूर्व में कभी भी सामना नहीं करना पड़ा, जिसका उचित निराकरण कराया जाना अत्यावश्यक है।

**-मनोज सिंह, स्थानीय**

### पुलिया के हो शीघ्र पुनर्निर्माण



पवन विहार कालोनी जैसी शहर की प्रतिष्ठित कालोनी में जलभराव चिंतनीय विषय है। प्रशासन को तुरन्त संज्ञान लेते हुए जल निकासी के लिए पुलिया पर पुनर्निर्माण कराकर उचित व्यवस्था की जानी चाहिए।

**-जितेन्द्र गंगवार, जिलाध्यक्ष, उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ, पवन विहार कालोनी**

### विभागीय कार्रवाई ज़रूरी



यहाँ इस तरह का जल भराव होने की गंभीर समस्या के समाधान हेतु विभागीय कार्यवाही जरूरी है।

**-अमित पटेल, पवन विहार कालोनी**



बरेली-शहर को "स्वच्छ भारत अभियान" के तहत नगर निगम विभाग द्वारा समय-समय पर साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

**-अजय सक्सेना, स्थानीय**

## ताज होटल के पास जुआ खेलते आठ गिरफ्तार

**बहेड़ी।** नगर में ताज होटल के निकट खाली पड़ी जगह पर जुआ खेल रहे आठ लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से फड़ पर 52,800 रुपये और तलाशी में 13,500 रुपये बरामद किए। इसके अलावा पांच बैंकों के चेक भी मिले। पुलिस के अनुसार, गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि खाली जगह में चार्जिंग लाइट की रोशनी में जुआ खेला जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपितों को दबोच लिया। आरोपितों के नाम रफत अली, शफीउर्रहमान, फैज अहमद, इस्त्याक, तौसीफुर्रहमान, अजीम और पप्पू बताए गए हैं। सभी के खिलाफ जुआ अधिनियम की धारा 13 में कार्रवाई की गई। तीन वाहन भी कागजात न मिलने पर सीज किए गए।

## एक नजर

### परियोजनाओं को समय से पूरा करने के निर्देश

**बदायूं।** कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में शुक्रवार को जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति, जिला मिशन समिति, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2.0 के डब्ल्यूसीडीसी और आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक हुई। अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रस्तावित परियोजनाओं का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। बैठक में खेत तालाब निर्माण, किसान समृद्धि योजना, आरएडी सहित विभिन्न योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की गई। सीडीओ गामिनी सिंगला ने सभी विकासखंडों को खेत तालाब योजना से संतृप्त करने और आरएडी योजना में समूह की महिलाओं का चयन करने के निर्देश दिए। आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक में खाद्य सुरक्षा, कृषि यंत्रीकरण, मिलेट्स, प्राकृतिक खेती और तिलहन मिशन समेत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा हुई। एडीएम ने निर्धारित लक्ष्य समय से पूरे करने और किसानों के अनुदान की राशि तय समय में खातों में भेजने के निर्देश दिए।

# नींद की झपकी ने मचाई चीख-पुकार, गंगा एक्सप्रेसवे पर पलटी डबल डेकर बस, 19 लोग हुए घायल

## डिवाइडर से टकराकर पलटी दिल्ली से कानपुर जा रही बस, गंभीर घायल मेडिकल कॉलेज रेफर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** गंगा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार तड़के यात्रियों से भरी डबल डेकर बस चालक को झपकी आने के कारण अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। दुर्घटना में 19 यात्री घायल हो गए। इनमें एक घायल की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।


गंगा एक्सप्रेस पर पलटी पड़ी बस। -जागरण मोर्चा


हादसे के बाद राहत कार्य करते लोग। -जागरण मोर्चा

हादसा कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव गरूईया के पास गंगा एक्सप्रेसवे पर पिलर संख्या 177.2 के निकट शुक्रवार तड़के करीब 3:50 बजे हुआ। डबल डेकर बस दिल्ली से कानपुर जा रही थी। बताया गया कि रास्ते में चालक को अचानक नींद की झपकी आ गई। इससे बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर के बाद बस कुछ दूर तक सड़क पर घिसटती हुई पलट गई।

अचानक हुए हादसे से बस में सवार यात्रियों में अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही कुंवरगांव पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी वजीरगंज और जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

घायलों में ब्रजेश उपाध्याय, मयक झा, सौरभ, विवेक, सदीप, सत्यनन्द, सलील, अजय, शिवम, हरिश्याम, चालक अंकित, मगतराम, ममता, विघान, हरमईनी, शकुन्तला, खुशी, शुशान्त और रिषभ गुप्ता शामिल हैं। रिषभ गुप्ता की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। अन्य घायलों का उपचार चल रहा है।

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त बस को क्रेन की मदद से एक्सप्रेसवे से हटाकर रेस्ट एरिया में खड़ा कराया गया। पुलिस की मौजूदगी में राहत एवं बचाव कार्य पूरा कराया गया। हादसे के बाद कुछ समय के लिए मौके पर अफरातफरी रही, बाद में स्थिति सामान्य हो गई।

## संक्षेप समाचार

### टायर फटने से एक्सप्रेसवे पर पलटी स्कॉर्पियो, दो घायल

**बिनावर।** गंगा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार सुबह टायर फटने से एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को बिनावर सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसा थाना बिनावर क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 193 पर गांव ब्योर के पास हुआ। बताया गया कि शुक्रवार सुबह मेरठ की ओर से जलालाबाद, शाहजहांपुर जा रही स्कॉर्पियो का अचानक टायर फट गया। इससे चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार तेज धमाके के साथ सड़क पर पलट गई। हादसे में स्कॉर्पियो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में जलालाबाद, शाहजहांपुर निवासी धीरज पुत्र पातीराम और ओमकार पुत्र चंद्रभान सवार थे। दोनों हादसे में घायल हो गए। तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना एंबुलेंस को दी। एंबुलेंस से दोनों घायलों को बिनावर सीएचसी पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### उझानी में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी

**उझानी।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को उझानी पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध गिरफ्तारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना उझानी पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 331/26 में वांछित आरोपी सुधांशु यादव उर्फ डान पुत्र सूरजपाल उर्फ धनी निवासी ग्राम रियोनईया, थाना उझानी को छतुइया फाटक से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि मामले में पीड़िता के बयानों के आधार पर विवेचना के दौरान भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2) M और 351(3) के साथ पॉक्सो एक्ट की धारा 5L/6 की बढ़ोतरी की गई है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। मामले में पुलिस की ओर से आगे की विवेचनात्मक कार्रवाई की जा रही है।

### प्लाई से लदा ई-रिक्शा पलटा, दबकर युवक की मौत

**बदायूं।** थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव रूखड़ाखौला निवासी 20 वर्षीय सोनू पुत्र रामबहादुर की सड़क हादसे में मौत हो गई। सोनू शटरिंग का काम करते थे। गुरुवार को वह ई-रिक्शा पर प्लाई लादकर जा रहे थे। थाना सिविल लाइन क्षेत्र में मंडी समिति चौकी के पास अचानक प्लाई से लदा ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में सोनू ई-रिक्शा के नीचे दब गए। हादसा होते ही मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। राहगीरों ने किसी तरह सोनू को ई-रिक्शा के नीचे से बाहर निकाला। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद सोनू को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर थाना सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

### बारिश के दौरान भरभराकर गिरा छज्जा, मलबे में दबकर छात्र की मौत

**बदायूं।** थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव खुडवारा में गुरुवार को बारिश के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। घर से बाहर निकल रहे हाईस्कूल के छात्र के ऊपर अचानक छज्जा भरभराकर गिर पड़ा। छज्जे के मलबे में दबने से छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन आनन-फानन में उसे मलबे से निकालकर राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। छात्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। गांव खुडवारा निवासी रामेश्वर का 16 वर्षीय पुत्र हिमांशु केपी सिंह स्कूल में हाईस्कूल का छात्र था। बताया गया कि गुरुवार को क्षेत्र में बारिश हो रही थी। इसी दौरान हिमांशु अपने घर से बाहर जा रहा था। वह जैसे ही छज्जे के पास पहुंचा, तभी अचानक छज्जा भरभराकर उसके ऊपर जा गिरा। हादसे में हिमांशु मलबे के नीचे दब गया। हादसा होते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों और आसपास के लोगों ने तत्काल मलबा हटाकर हिमांशु को बाहर निकाला। उसकी हालत गंभीर होने पर परिजन उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने उसका उपचार शुरू किया, लेकिन हालत बिगड़ने के कारण इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। छात्र की मौत की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके की जानकारी लेने के बाद शव को कब्जे में लेकर शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। हिमांशु की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### रोमांचक मुकाबले के साथ एसपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल संपन्न

**वजीरगंज।** नगर के साहू पोशाकी लाल एवं बांकेलाल की स्मृति में आयोजित एसपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला गुरुवार रात रोमांचक माहौल में संपन्न हुआ। फाइनल मैच को लेकर कई दिनों से क्षेत्र के लोगों में उत्साह बना हुआ था। मुकाबला देखने के लिए आसपास के गांवों के साथ ही दूर-दराज क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मैदान पहुंचे। फाइनल मुकाबले के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मैदान में खिलाड़ियों के चौके-छक्कों और बेहतरीन खेल पर दर्शक लगातार तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन करते रहे। देर रात तक मैदान में दर्शकों, खिलाड़ियों और आयोजकों की भीड़ जुटी रही। पूरे मुकाबले के दौरान माहौल उत्साह और रोमांच से भरा रहा। पार्थ गौतम फाउंडेशन की ओर से टीम को 5100 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। वहीं टूर्नामेंट आयोजकों की ओर से विजेता टीम को इलेक्ट्रिक स्कूटी और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। आयोजक केशव मिश्रा ने बताया कि टूर्नामेंट को लेकर क्षेत्रवासियों में काफी समय से उत्साह था। फाइनल मुकाबले में उमड़ी भीड़ ने आयोजन को यादगार बना दिया। उन्होंने खिलाड़ियों, दर्शकों और आयोजन में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार जताया। फाइनल के बाद भी देर रात तक मैदान में खेल प्रेमियों की भीड़ बनी रही।

# पहले सत्यापन, फिर प्रसारण, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को पढ़ाया जिम्मेदारी का पाठ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** पुलिस लाइन सभागार में शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक कुमार सिंह ने जनपद के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और कंटेंट क्रिएटर्स के साथ बैठक की। इसमें सोशल मीडिया के जिम्मेदार और सकारात्मक इस्तेमाल के साथ साइबर अपराध, महिला एवं बाल सुरक्षा, यातायात नियम, सड़क सुरक्षा, नशे के दुष्प्रभाव और सामाजिक सद्भाव को लेकर जागरूकता बढ़ाने पर चर्चा हुई।

एएसपी ने कहा कि डिजिटल दौर में सोशल मीडिया केवल मनोरंजन और सूचना के आदान-प्रदान का माध्यम नहीं, बल्कि जनजागरूकता और सामाजिक सहयोग का प्रभावी मंच भी है। इन्फ्लुएंसर्स की बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंच होने के कारण उनकी सामाजिक जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। उन्होंने पुलिस के मिशन शक्ति, महिला एवं बाल सुरक्षा, यातायात जागरूकता, साइबर सुरक्षा और अन्य जनहितकारी अभियानों को सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की।



कार्यक्रम में मौजूद सोशल मीडिया के लोग। -जागरण मोर्चा

बैठक में साइबर अपराध से बचाव पर विशेष जोर दिया गया। एएसपी ने कहा कि साइबर अपराधी फर्जी लिंक, ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट, ओटीपी और बैंकिंग संबंधी जानकारी के जरिए लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसे में सरल और प्रभावी जागरूकता संदेश लोगों को साइबर अपराध से बचाने में मददगार साबित हो सकते हैं।

उन्होंने इन्फ्लुएंसर्स से अपील की कि किसी भी खबर, वीडियो, फोटो या दावे को प्रसारित करने से पहले उसके तथ्यों की पुष्टि जरूर करें। अपुष्ट और भ्रामक सूचनाओं को प्रसारित करने से कानून-व्यवस्था और सामाजिक शांति प्रभावित हो सकती है। संवेदनशील मामलों में पीड़ित की पहचान और निजी जानकारी सार्वजनिक न करने तथा आपत्तिजनक, अश्लील, हिंसक और वैमनस्य फैलाने वाली सामग्री से बचने की भी अपील की गई।

एएसपी ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच संवाद व सहयोग मजबूत करने में सोशल मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। अपराध, साइबर फ्रॉड, महिला-बाल सुरक्षा अथवा कानून-व्यवस्था से संबंधित विश्वसनीय जानकारी मिलने पर उसे उचित माध्यम से पुलिस के संज्ञान में लाने का आह्वान किया गया। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार डिजिटल समाज ही सुरक्षित समाज की आधारशिला है।

# ट्यूबवेल का एस्टीमेट कम न करने पर जेई को धमकी, फेसबुक पर लिखा- 'बक्कल उतार कार्यक्रम शुरू'

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** ट्यूबवेल कनेक्शन का एस्टीमेट कम न करने पर फैजगंज बेहटा विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता (जेई) बजरंगी को कथित तौर पर धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। जेई ने एक व्यक्ति पर एस्टीमेट की राशि कम कराने के लिए दबाव बनाने, फोन पर धमकी देने और बाद में फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोप लगाया है। मामले में जेई ने थाना फैजगंज बेहटा पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है।

जेई बजरंगी के अनुसार, कुछ दिन पहले मुड़िया निवासी दिनेश कुमार ने ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए आवेदन किया था। विभागीय नियमों के तहत कनेक्शन का एस्टीमेट तैयार किया गया। आरोप है कि इसके बाद दिनेश कुमार ने एस्टीमेट की राशि कम करने के लिए उन पर दबाव बनाया। नियमानुसार एस्टीमेट में बदलाव करने से इनकार करने पर फोन पर उन्हें 'ठीक करने' की धमकी दी गई।

जेई का आरोप है कि 11 सितंबर को फेसबुक पर 'दिनेश यादव मुड़िया' नाम के खाते से एक पोस्ट की गई। इसमें फैजगंज बेहटा बिजलीघर के जेई बजरंगी का नाम और पद लिखते हुए कथित तौर पर 15 सितंबर की मासिक बैठक में उनका 'इलाज सुनिश्चित' करने और 'बक्कल उतार कार्यक्रम शुरू' करने जैसी धमकी भरी बातें लिखी गईं। जेई ने उन्होंने पुलिस से प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई तथा सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। पुलिस के अनुसार, तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। फेसबुक पोस्ट और लगाए गए आरोपों की सत्यता की जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर प्रसारित पोस्ट की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है।

# सीकरी में पुलिस कार्रवाई पर बरसे सतीश प्रेमी, बोले- निर्दोषों का उत्पीड़न बंद हो

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** सतीश प्रेमी ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि सपा पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और न्याय मिलने तक उनकी आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन को पहले से पर्याप्त समय और सूचनाएं उपलब्ध थीं, इसके बावजूद समय रहते मामले का निस्तारण नहीं किया गया। उन्होंने इसे सूचनातंत्र और पुलिस प्रशासन की लापरवाही बताया।

उन्होंने कहा कि यदि कुछ लोग दोषी थे तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए थी, लेकिन निर्दोष ग्रामीणों, महिलाओं और बच्चियों के साथ भी कथित तौर पर मारपीट और अभद्रता की गई। घरों में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाने और निर्दोष लोगों को जेल भेजे जाने के आरोपों की निष्पक्ष जांच जरूरी है। सपा नेता ने मांग की कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। निर्दोष ग्रामीणों का उत्पीड़न तत्काल बंद किया जाए और यदि पुलिस अधिकारी या कर्मचारी दोषी पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि पीड़ितों की शिकायत और घटना की रिपोर्ट राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, भारत सरकार को भेजकर न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने जिला प्रशासन से आपसी सामंजस्य स्थापित कर विवादित स्थल का समाधान निकालने और स्थान चिह्नित कर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कराने की भी मांग की।


सीकरी गांव में पीड़ितों से बात करते सतीश प्रेमी। -जागरण मोर्चा

प्रतिनिधिमंडल में सपा बाबा साहब वाहिनी के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार जाटव, जिला पंचायत सदस्य एवं सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र दिवाकर, विधानसभा अध्यक्ष अंटू सिंह सागर, विकास यादव, रविंद्र यादव, यशवीर यादव, कपिलदेव, कुलदीप सिंह और शाकिर हुसैन आदि मौजूद रहे।

# गणपति निर्माण में बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा, मिट्टी-कागज से आकर्षक प्रतिमाएं बनाकर जीता मन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** एसडीबी पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, कला-कौशल और धार्मिक-सांस्कृतिक भावनाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गणपति निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कक्षा सात के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर विभिन्न आकर्षक गणपति प्रतिमाओं का निर्माण किया।

विद्यार्थियों ने मिट्टी, कागज और अन्य रचनात्मक सामग्री का प्रयोग कर अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों में खासा उत्साह और उमंग देखने को मिली। इसमें तनिष्का, मधु, सृष्टि, अवनी, नैन्सी, आराध्या यादव, कंचन, आशी, राशि, परमिति, नव्या, वाणी, शिवानी उपाध्याय, अंकु और अनाया ने प्रतिभाग किया।


कार्यक्रम में मौजूद छात्र- छात्राएं। -जागरण मोर्चा

प्रतियोगिता की इंचार्ज गुंजन वार्ष्णेय ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियों से बच्चों में रचनात्मकता और आत्मविश्वास बढ़ता है। साथ ही भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति रुचि भी विकसित होती है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनू बत्रा ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उन्हें अपनी प्रतिभा को निरंतर निखारने के लिए प्रेरित किया। डायरेक्टर अखिलेश वार्ष्णेय ने भी विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**विवाद** — बीच-बचाव करने पर 14 वर्षीय शिवानी को लगी थी चाकू और डंडों की चोट

# जमीनी विवाद में घायल किशोरी की मौत, पुलिस पर रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बिल्सी थाना क्षेत्र के बन्नी भटपुरा गांव में जमीन विवाद को लेकर हुए हमले में गंभीर रूप से घायल 14 वर्षीय किशोरी की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस पर घटना की तहरीर पर मुकदमा दर्ज न करने का आरोप लगाया है।

परिजनों के अनुसार, 13 अगस्त को गांव के ही नौ लोगों ने जमीन विवाद को लेकर उनके घर पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावर सिद्धार्थ पर चाकू से वार कर रहे थे। इसी दौरान उनकी बेटी शिवानी बीच-बचाव करने पहुंची, जिससे उसके हाथ में चाकू लग गया। आरोपियों ने उसके सिर पर डंडों से भी हमला किया। गंभीर हालत में परिजन उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज, अलीगढ़ ले गए। उपचार के बाद शिवानी को जिला अस्पताल लाया गया, जहां गुरुवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों का कहना है कि 14 अगस्त को शिवानी का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया था, जिसमें गंभीर चोटें दर्ज थीं। आरोप है कि उनकी ओर से मुकदमा दर्ज कराने के लिए पुलिस से शिकायत की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से उनके खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कर लिया गया।



किशोरी की मौत के बाद भी मुकदमा दर्ज न होने को लेकर परिजनों में रोष है। उन्होंने मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## छह वांछित व वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**बदायूं।** जिले में वांछित और वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को विभिन्न थाना पुलिस ने छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। बिल्सी पुलिस ने मुकदमा में वांछित प्रशांत निवासी गुधनी और कुसेन्द्र निवासी नेटा, संभल को गिरफ्तार किया।

कादरचौक पुलिस ने मुकदमा से संबंधित वारंटी मोरपाल कश्यप निवासी भदरौल को पकड़ा। उझानी पुलिस ने आबकारी अधिनियम के मामले में वारंटी रोहतास सिंह निवासी रायपुर को गिरफ्तार किया। वहीं सहसवान पुलिस ने वारंटी अजय निवासी सुजावली और सूरजपाल निवासी जहांगीराबाद को गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# राशन में घटतौली का वीडियो वायरल व्यवस्था पर फिर उठे सवाल

- **दूंदपुर में राशन डीलर पर प्रति यूनिट एक किलो कम राशन देने का आरोप, पुरानी वीडियो के बाद फिर सामने आया मामला; जांच में आरोप सही मिले तो दुकान होगी निरस्त**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** सरकारी राशन वितरण में पारदर्शिता के दावों के बीच दूंदपुर की राशन दुकान से जुड़ा एक नया वीडियो वायरल होने से हड़कंप मच गया है। वीडियो में उपभोक्ताओं की ओर से राशन डीलर हसमत अली पर प्रति यूनिट करीब एक किलो कम राशन देने का आरोप लगाया जा रहा है। इससे पहले भी इसी दुकान से संबंधित एक वीडियो वायरल हो चुका है। लगातार दूसरी बार घटतौली के आरोप सामने आने से राशन वितरण व्यवस्था की निगरानी पर सवाल उठने लगे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें निर्धारित मात्रा के अनुसार राशन नहीं दिया जा रहा है। उनका कहना है कि पहले भी शिकायत और वीडियो सामने आने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में दोबारा घटतौली के आरोप सामने आने से विभागीय निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

**दो बार सामने आए घटतौली के आरोप :** दूंदपुर की राशन दुकान को लेकर पहले भी कम राशन देने के आरोप लग चुके हैं। अब नया वीडियो वायरल होने के बाद मामला फिर चर्चा में आ गया है। हालांकि वायरल वीडियो में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। वास्तविक स्थिति विभागीय जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।

**जांच में सही मिला तो होगी कार्रवाई :** सप्लाई इंस्पेक्टर बिसौली पीयूष गंगवार ने बताया कि दोनों वीडियो वायरल होने की जानकारी उनके संज्ञान में नहीं थी। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी। जांच में राशन वितरण में अनियमितता या घटतौली के आरोप सही पाए गए तो राशन दुकान के निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान दुकान के स्टॉक, ई-पॉस मशीन के रिकॉर्ड, राशन उठान और वितरण की मात्रा का मिलान कराया जाना महत्वपूर्ण होगा। साथ ही लाभार्थियों के बयान लेने पर भी वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है। जागरण मोर्चा वायरल वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं करता है।

## गुरुगांव में फैला बुखार, ग्राम प्रधान पति-पुत्र समेत दो दर्जन से अधिक लोग बीमार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** ब्लॉक जगत क्षेत्र के गांव गुरुगांव में इन दिनों बुखार का प्रकोप फैल गया है। ग्राम प्रधान के पति रायसिंह और उनका पुत्र भी कई दिनों से बुखार की चपेट में हैं। ग्रामीणों के मुताबिक गांव में दो दर्जन से अधिक लोग बीमार हैं और कई घरों में एक से ज्यादा लोग बुखार से पीड़ित हैं। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग की टीम के गांव में नहीं पहुंचने से ग्रामीणों में रोष है।

ग्राम प्रधान पति रायसिंह ने बताया कि गांव में बुखार तेजी से फैल रहा है। वह और उनका पुत्र भी कई दिनों से बुखार से पीड़ित हैं और हालत बिगड़ने पर दोनों इस्लामगंज के निजी अस्पताल में भर्ती हैं। उनका कहना है कि गांव की स्थिति ऐसी है कि लगभग हर घर में चारपाई पड़ी है और लोग बुखार से परेशान हैं। रायसिंह के अनुसार, गांव में साफ-सफाई कराने और दवा का छिड़काव कराने के लिए ब्लॉक स्तर पर लिखित शिकायत भी की गई थी, लेकिन शिकायत के बावजूद अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी गांव में जांच और उपचार के लिए नहीं पहुंची है। स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के कारण ग्रामीण मजबूरी में झोलाछाप डॉक्टरों और निजी अस्पतालों का सहारा लेकर अपना इलाज करा रहे हैं। ग्रामीणों में बीमारी को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि समय रहते गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजकर बीमार लोगों की जांच कराई जाए और बीमारी के कारणों का पता लगाया जाए। वहीं, पड़ोसी गांव गिधौल में भी बुखार का प्रकोप सामने आ चुका है। ग्रामीणों के मुताबिक बुखार की चपेट में आने से ग्राम प्रधान के परिवार की एक महिला की मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने गांव में तत्काल स्वास्थ्य टीम भेजकर बीमार लोगों की जांच, दवाओं का वितरण, साफ-सफाई और कीटनाशक का छिड़काव कराने की मांग की है।

# जॉइंट मजिस्ट्रेट की सुबह-सुबह दबिश, चार शिक्षक गैरहाजिर

### एक अनुदेशक और तीन शिक्षामित्रों को कारण बताओ नोटिस, स्कूलों में सफाई व्यवस्था पर भी जताई नाराजगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सहसवान।** जॉइंट मजिस्ट्रेट शौर्य अरोड़ा आईएएस ने शुक्रवार सुबह करीब 8:15 बजे तहसील क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने हरदत्तपुर, गढ़ौलिया पट्टी तासौल, रसूलपुर वेला, सिठौलिया पुख्ता, धापड़ और कमनपुर वेला स्थित विद्यालयों में पहुंचकर शिक्षण व्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं की हकीकत परखी।

निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टर की जांच में एक अनुदेशक और तीन शिक्षामित्र बिना सूचना के गैरहाजिर मिले। जॉइंट मजिस्ट्रेट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चारों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।



स्कूल चेक करते ज्वाइंट मजिस्ट्रेट। -जागरण मोर्चा

इसके अलावा उन्होंने कक्षाओं, रसोईघर, मध्यान्ह भोजन, शौचालय और पेयजल व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मिड-डे-मील की गुणवत्ता परखने के लिए भोजन चखा तथा रसोईघर की साफ-सफाई देखी। कई स्थानों पर गंदगी मिलने पर प्रधानाध्यापकों को फटकार लगाई गई।

जॉइंट मजिस्ट्रेट ने विद्यालयों में नियमित सफाई और कीटनाशक छिड़काव कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के भोजन, स्कूल की स्वच्छता और शौचालयों की व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सुबह-सुबह हुए औचक निरीक्षण से शिक्षकों में खलबली मची रही।

## संक्षेप समाचार

### जीव विज्ञान में सीएसआईआर नेट परीक्षा उत्तीर्ण

**बिसौली।** नगर के चंदौसी रोड स्थित पेट्रोल पंप के पीछे निवासी उमाकांत शर्मा की पुत्री सृष्टि पाराशरी ने जीव विज्ञान विषय में सीएसआईआर नेट असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सृष्टि ने परीक्षा में रैंक 27 हासिल करने के साथ 98 परसेंटाइल प्राप्त किए। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। सृष्टि ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और आशीर्वाद से यह मुकाम हासिल हुआ है। उनकी सफलता पर स्वजनों एवं नगरवासियों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोप, पिता ने दी तहरीर

**उघैती।** थाना क्षेत्र के कस्बे में आज एक नाबालिग किशोरी के साथ एक युवक द्वारा छेड़छाड़ किए जाने का आरोप सामने आया है। घटना के संबंध में किशोरी के पिता ने थाना उघैती में तहरीर देकर आरोपी युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष उदय वीर ने बताया तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की ओर से मामले से जुड़े तथ्यों की जांच की जा रही है।

### 17 सितंबर को होगी जिला सैनिक बंधु की बैठक

**बदायूं।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल संदीप सिंह (अप्रा.) ने बताया कि भूतपूर्व सैनिकों और दिवंगत सैनिकों की विधवाओं की कल्याणकारी समस्याओं के निराकरण के लिए जिला सैनिक बंधु की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक 17 सितंबर को दोपहर 12 से एक बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में होगी। उन्होंने जनपद के सभी भूतपूर्व सैनिकों एवं दिवंगत सैनिकों की विधवाओं से अपील की है कि यदि उनकी कोई समस्या लंबित है तो उसका प्रार्थना पत्र दो प्रतियों में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में जमा कराएं। प्रार्थना पत्र 16 सितंबर की शाम 4:30 बजे तक कार्यालय में जमा किए जा सकेंगे, ताकि बैठक में संबंधित समस्याओं के निराकरण की कार्रवाई की जा सके।

### जमीन पर कब्जे को लेकर मारपीट, जान से मारने की धमकी का आरोप

**सहसवान।** नगला अंदर चुंगी इलाके में जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। मोहल्ला चाहशीरी निवासी कासिम ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर कुछ लोगों पर खेत पर कब्जा करने की कोशिश, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। कासिम के मुताबिक नगला अंदर चुंगी में उसका खेत है। आरोप है कि 15 तारीख को दोपहर करीब दो बजे वह खेत पर पहुंचा तो वहां मोहल्ला रुस्तम टोला और मियां टोला के तीन युवक पहले से मौजूद थे। आरोप है कि उन्होंने कब्जे की नीयत से खेत पर पहुंचकर विरोध करने पर गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर आसपास के किसान मौके पर पहुंच गए और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। कासिम का आरोप है कि जाते समय आरोपियों ने जान से मारने और जमीन पर कब्जा करने की धमकी दी। उसने यह भी आरोप लगाया कि दबंगों द्वारा उसके घर पर लगातार पुलिस की दबिशें लगवाई जा रही हैं, जिससे परिवार दहशत में है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी नरेश पाल सिंह ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### बारिश के दौरान भरभराकर गिरा छज्जा, मलबे में दबा छात्र राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान तोड़ा दम

**बदायूं।** थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव खुडवारा में गुरुवार को बारिश के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। घर से बाहर निकल रहे हाईस्कूल के छात्र के ऊपर अचानक छज्जा भरभराकर गिर पड़ा। छज्जे के मलबे में दबने से छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन आनन-फानन में उसे मलबे से निकालकर राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। छात्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। गांव खुडवारा निवासी रामेश्वर का 16 वर्षीय पुत्र हिमांशु केपी सिंह स्कूल में हाईस्कूल का छात्र था। बताया गया कि गुरुवार को क्षेत्र में बारिश हो रही थी। इसी दौरान हिमांशु अपने घर से बाहर जा रहा था। वह जैसे ही छज्जे के पास पहुंचा, तभी अचानक छज्जा भरभराकर उसके ऊपर जा गिरा। हादसे में हिमांशु मलबे के नीचे दब गया। हादसा होते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों और आसपास के लोगों ने तत्काल मलबा हटाकर हिमांशु को बाहर निकाला। उसकी हालत गंभीर होने पर परिजन उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने उसका उपचार शुरू किया, लेकिन हालत बिगड़ने के कारण इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। छात्र की मौत की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके की जानकारी लेने के बाद शव को कब्जे में लेकर शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। हिमांशु की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### गंगा और रामगंगा का जलस्तर बढ़ने से कई गांव जलमग्न; हजारों बीघा फसल डूबी

**बदायूं।** गंगा का जलस्तर बढ़ने से पचौरी नगला से लसी नगला तक सड़क की दक्षिण दिशा में हजारों बीघा फसल पानी में डूब गई है। गन्ने को छोड़ बाजरा, शकरकंद, धान और तिल की फसलें पानी में रहने से खराब होने की आशंका है। गानइयाई, पांडे नगला, लसी नगला, गढ़िया गंगवार, तेलिया नगला गांवों की फसलों में भी पानी भर गया है। कादरचौक क्षेत्र में गंगा का जलस्तर बढ़ने से क्षेत्र के गांव पचौरी नगला में बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। गांव के करीब 20 घरों में पानी भर गया है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। ग्रामीण पशुओं सहित पानी में रहने को मजबूर हैं। कई परिवारों ने घर खाली कर पुरानी सड़क के उस पार बने मकानों में शरण ली है। लोगों के आवागमन के लिए नाव की व्यवस्था की गई है। गंगा का जलस्तर बढ़ने से पचौरी नगला से लसी नगला तक सड़क की दक्षिण दिशा में हजारों बीघा फसल पानी में डूब गई है। गन्ने को छोड़ बाजरा, शकरकंद, धान और तिल की फसलें पानी में रहने से खराब होने की आशंका है। गानइयाई, पांडे नगला, लसी नगला, गढ़िया गंगवार, तेलिया नगला गांवों की फसलों में भी पानी भर गया है। उझानी ब्लॉक के सरौता और ननाखेड़ा से कछला-भदरौल रोड पर गंगा का पानी ओवरफ्लो होकर ननाखेड़ा, मुस्करा, भूढ़ा, भदरौल तक भर गया है।

## ग्रेड पे की 'जादूगरी' पड़ी भारी, 18 शिक्षकों का ग्रेड पे 4800 से घटाकर 4600 किया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बेसिक शिक्षा विभाग में वेतन बिल में ग्रेड पे को लेकर लापरवाही का मामला सामने आया है। विकास क्षेत्र आसफपुर में अगस्त 2026 के वेतन बिल में 18 शिक्षकों का ग्रेड पे अचानक 4800 से घटाकर 4600 कर दिया गया। बिना किसी विभागीय कार्रवाई के ग्रेड पे में हुई इस कटौती से शिक्षकों में नाराजगी है और वह समस्या के समाधान के लिए विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

मामला सामने आने के बाद उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष एवं प्रांतीय प्रचार मंत्री संजीव शर्मा के नेतृत्व में वित्त एवं लेखाधिकारी, बेसिक शिक्षा के कार्यालय पहुंचकर विरोध जताया। पदाधिकारियों ने मामले में जिम्मेदार कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए सांकेतिक धरना दिया।


नाराजगी व्यक्त करते शिक्षक संघ के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

शिकायत का संज्ञान लेते हुए वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा मुनीष कुमार श्रीवास्तव ने आसफपुर के वरिष्ठ सहायक राहुल यादव और बदायूं कार्यालय से संबद्ध लिपिक शकील अहमद को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में दोनों कर्मचारियों से वेतन बिल में ग्रेड पे की कटौती होने के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है।

वरिष्ठ सहायक राहुल यादव से पूछा गया है कि बिल को ओके बताकर लॉक किए जाने के बावजूद 18 शिक्षकों के वेतन में ग्रेड पे की गड़बड़ी कैसे हुई और इसकी जानकारी संबंधित पटल सहायक को क्यों नहीं दी गई। वहीं शकील अहमद से पूछा गया है कि कटे हुए ग्रेड पे वाले बिल को किस आधार पर लॉक किया गया।

- **बिल लॉक करने वाले दो बाबुओं को कारण बताओ नोटिस, शिक्षक संघ ने जताई नाराजगी**

दोनों कर्मचारियों को दो दिन के भीतर साक्ष्यों सहित अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। नोटिस में यह भी स्पष्ट किया गया है कि संतोषजनक जवाब और साक्ष्य न मिलने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। वहीं शिक्षक संघ ने मामले की जांच कर जिम्मेदारी तय करने और प्रभावित शिक्षकों का ग्रेड पे तत्काल दुरुस्त कराने की मांग की है।

## रेडक्रॉस सोसाइटी की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** विकास भवन सभागार में शुक्रवार को इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की जिला प्रबंध कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित सदस्यों का प्रमाण-पत्र वितरण एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में सत्यपाल को अध्यक्ष, आयुष कश्यप को उपाध्यक्ष, बीषेक कोषाध्यक्ष और अभिषेक कुमार को सचिव चुने जाने पर प्रमाण-पत्र प्रदान कर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसाइटी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने पांच-पांच क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली उपलब्ध कराई। पूर्व मंत्री हीरालाल कश्यप ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं, खाद्य सामग्री, कपड़े और जरूरी सामान उपलब्ध कराने की अपील की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने संक्रामक रोगों से बचाव के लिए साफ-सफाई रखने पर जोर दिया।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विनेश कुमार ने टीबी के लक्षण, जांच, उपचार और बचाव की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि टीबी रोगियों से भेदभाव न करें। साथ बैठने या खाना खाने से टीबी नहीं फैलता। डॉ. मोहन झा ने गर्भवती महिलाओं को आयरन-कैल्शियम की गोलियां लेने और नियमित एंटीनेटल चेकअप कराने की सलाह दी। संचालन बृजेश राठौर ने किया।

## बिजली चेकिंग से मचा हड़कंप 24 लोगों के कनेक्शन काटे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** विद्युत विभाग की ओर से शुक्रवार को नगर बिसौली समेत फैजगंज और मुड़िया धुरेकी में सघन विद्युत चेकिंग अभियान चलाया गया। अचानक शुरू हुई मॉर्निंग रेड से बिजली चोरी और बकायेदार उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया। टीम ने अभियान के दौरान 96 विद्युत संयोजनों की जांच की।

चेकिंग के दौरान लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की गई। बकाया भुगतान के चलते 24 विद्युत संयोजनों को विच्छेदित कर दिया गया। विभाग की टीम ने बकाया विद्युत बिलों की वसूली भी की। अधिशासी अभियंता नरेंद्र चौधरी ने उपभोक्ताओं से वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का इस्तेमाल करने और समय से बिल का भुगतान करने की अपील की। उपखंड अधिकारी विकास राजपूत ने बताया कि बिजली चोरी और अनियमित विद्युत उपभोग पर प्रभावी अंकुश लगाने के साथ बकाया राजस्व की वसूली के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से बकाया बिल समय से जमा करने की अपील की, ताकि विभागीय कार्रवाई से बचा जा सके।


बिजली चेकिंग करते बिजली अधिकारी। -जागरण मोर्चा

## सीएचसी पर स्वास्थ्य कर्मी नदारद, शिक्षा मित्र ने बनाए मरीजों के पर्चे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पर्चा काउंटर पर बैठकर रजिस्टर में की मरीजों की एंट्री, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल**

**उसावां।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) की स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। वीडियो में एक बाहरी व्यक्ति पर्चा काउंटर पर बैठकर ओपीडी रजिस्टर में मरीजों का पंजीकरण करता दिखाई दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार वीडियो में दिखाई दे रहा व्यक्ति शाहजहांपुर जनपद के गढ़ी खजुरी प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षा मित्र राकेश बताया जा रहा है। बताया गया कि वह निजी कार्य से उसावां सीएचसी पहुंचा था। आरोप है कि पर्चा बनवाने के लिए काउंटर पर पहुंचने के दौरान वहां कोई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद नहीं था। काउंटर पर रजिस्टर खुला पड़ा था और ओपीडी के बाहर मरीजों की कतार लगी थी।

काफी देर इंतजार के बाद भी कर्मचारी के नहीं पहुंचने पर शिक्षा मित्र ने कथित तौर पर खुद ही पर्चा काउंटर संभाल लिया। उसने मरीजों के नाम, उम्र और पते की जानकारी ओपीडी रजिस्टर में दर्ज करनी शुरू कर दी। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है।

मामले में ड्यूटी के दौरान पर्चा काउंटर पर कर्मचारी की गैरमौजूदगी के साथ ही बाहरी व्यक्ति द्वारा सरकारी अभिलेख में मरीजों की जानकारी दर्ज किए जाने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। इससे मरीजों की गोपनीयता और सरकारी रिकॉर्ड की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई जा रही है।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. सर्वेश कुमार ने बताया कि जानकारी मिली है कि स्टाफ कर्मचारी नवनियुक्त आंगनबाड़ियों के सर्टिफिकेट संबंधी कार्य से डॉक्टर के पास गया था। फिलहाल वायरल वीडियो को देखा जा रहा है। वीडियो की तिथि और समय की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर लापरवाही मिलने पर संबंधित कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**कार्यक्रम** अब्दुल्लागंज न्याय पंचायत की प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को मेडल व पुरस्कार देकर किया सम्मानित

## उमंग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**उझानी।** खंड शिक्षा अधिकारी प्रशांत सिंह राठौर के मार्गदर्शन में न्याय पंचायत अब्दुल्लागंज की उमंग कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन पीएम श्री संविलियन विद्यालय सिरसौली में किया गया। प्रतियोगिता में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

प्राथमिक स्तर की बाल कविता प्रतियोगिता में दूदेनगर की जाग्रति और प्रगति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कहानी सुनाओ में अल्लापुर भोगी के मो. अयान, जबकि सामान्य ज्ञान क्विज में वरसुआ के मो. आतिब और सिरसौली की नवीरा ने बाजी मारी।


कार्यक्रम में मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

उच्च प्राथमिक स्तर पर हिंदी भाषण में वरसुआ की शिवानी, अंग्रेजी भाषण में अब्दुल्लागंज की साक्षी प्रथम रहीं। डिबेट में सिरसौली के आशीष और अब्दुल्लागंज की शालू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सामान्य ज्ञान क्विज में सिरसौली के शिवराज, नेहा और आशीष विजेता रहे।

ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद दीक्षित ने कहा कि उमंग प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभाओं को निखारना है। उन्होंने विद्यार्थियों से आगामी परीक्षाओं के लिए मेहनत कर सफलता हासिल करने का आह्वान किया। एआरपी संजीव कुमार, प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार, न्याय पंचायत प्रभारी रेनू अग्रवाल, नोडल अनुज सक्सेना, काजल दूबे और हेमंत शर्मा ने विजेता बच्चों को मेडल पहनाकर उत्साहवर्धन किया। सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। आयोजन में प्रधानाध्यापक सदफ नसीम, सवीहा शफी, कंचन, अमित शर्मा, शिवम शर्मा, उत्कर्ष श्रीवास्तव, भूपराम, अनुशेखर मिश्रा और सूरज शर्मा आदि का सहयोग रहा।

## अहरौली की महिला पाई गई स्वाइन फ्लू संक्रमित

**बदायूं।** अहरौली गांव में स्वाइन फ्लू का एक मरीज निकला है। महिला अपना इलाज कराने के लिए बरेली के एक निजी मेडिकल कॉलेज गई थी। वहां जांच के दौरान 31 अगस्त को हुई जांच की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। टीम ने गांव पहुंचकर स्क्रीनिंग की है। बिसौली के गांव अहरौली निवासी 50 वर्षीय महिला 31 अगस्त को बरेली में अपना इलाज कराने के लिए गई थी। मेडिकल कॉलेज में उनके इलाज करने से पूर्व स्वाइन फ्लू की जांच कराई गई। जांच में स्वाइन फ्लू की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद में उन्हें वहीं पर भर्ती कर लिया गया और वहीं पर इलाज किया गया। इसके बाद में 10 सितंबर को इसकी रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को दी गई। बिसौली एमओआईसी अरविंद वर्मा के निर्देशन में टीम गांव गई। और उनके महिला के परिजनों की स्क्रीनिंग की गई।

## विवेकानन्द विद्या मंदिर, जगत के संस्थापक सुशील कुमार शर्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

जागरण मोर्चा कार्यालय

**जगत।** विवेकानन्द विद्या मंदिर, जगत के संस्थापक एवं राष्ट्रीय हनुमान दल बदायूं के तहसील उपाध्यक्ष बदायूँ के पिता स्वर्गीय सुशील कुमार शर्मा जी की चतुर्थ स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा के दौरान स्वर्गीय सुशील कुमार शर्मा जी की स्मृति में कंबल वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें जरूरतमंद एवं गरीब लोगों को कंबल वितरित किए गए। उपस्थित लोगों ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना स्वर्गीय शर्मा जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।



वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय सुशील कुमार शर्मा जी ने शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। विवेकानन्द विद्या मंदिर की स्थापना कर उन्होंने क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा का मार्ग प्रदान किया। उनके विचार, आदर्श एवं समाजसेवा की भावना सदैव लोगों को प्रेरित करती रहेगी। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, राष्ट्रीय हनुमान दल के जिलाध्यक्ष ठाकुर दिनेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष एड संजीव कुमार सक्सेना, जिला मंत्री वेदरामपाल, जिला संयोजक अवनेश पाल, शेखूपुर विधानसभा के महामंत्री भगवानदास व अलापुर नगर मंत्री अरविन्द सहित पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए। कंबल वितरण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम के माध्यम से स्वर्गीय सुशील कुमार शर्मा जी की स्मृति को सेवा और मानवता के रूप में जीवंत रखने का संकल्प लिया गया।




# तिलहर के बहुचर्चित फर्जी स्मैक बरामदगी कांड में तीन गिरफ्तार

## फर्जी मुकदमे की धमकी दे वसूले थे दो लाख, चार सिपाहियों के खिलाफ दर्ज हुआ था मुकदमा, 14 हजार रुपये और तीन मोबाइल बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर शाहजहांपुर।** तिलहर के चार सिपाहियों द्वारा योजनाबद्ध ढंग से परशुरामपुरी के सर्राफा व्यापारी को इसमें के मामले में झूठ फसाने की धमकी देकर 2 लाख रुपए वसूली प्रकरण में साजिश के आरोप में जलालाबाद के तीन अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया है। परशुरामपुरी थाना पुलिस ने तिलहर थाना क्षेत्र के कुछ पुलिसकर्मियों से कथित मिलीभगत कर सराफा व्यापारी को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर उसके परिजनों से रुपये वसूलने पर एसपी के आदेश पर तिलहर कोतवाली के चार सिपाहियों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था तथा दो सिपाहियों को जेल भेजा गया था। जांच के बाद जलालाबाद के तीन अन्य लोगों के नाम प्रकाश में आये थे ।पुलिस ने


पुलिस हिरासत में आरोपी। -जागरण मोर्चा

उक्त प्रकरण में साजिश के आरोप में जलालाबाद के अनमोल आयुष और सचिन को गिरफ्तार किया है । आरोपितों के कब्जे से 14 हजार रुपये और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।पुलिस के अनुसार, चार सितंबर को सराफा व्यापारी सुंदरम क्षत्रिय को सरैया मोड़ से पकड़कर बिरियागंज चौकी ले जाया गया था। आरोप है कि वहां उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर परिजनों से रुपये मांगे गए। मामले में छह सितंबर को चार सिपाहियों समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना में अनमोल, आयुष पांडेय और सचिन कुमार राठौर की भूमिका कथित आपराधिक साजिश में सामने आई। पुलिस के मुताबिक, अनमोल ने पुलिसकर्मियों को सुंदरम की पहचान बताई थी। वहीं आयुष के कहने पर सचिन ने सुंदरम को फोन कर सरैया मोड़ पर बुलाया था। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। विवेचना के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। अनमोल के पास से 4,600 रुपये और की-पैड मोबाइल, सचिन से 5,000 रुपये व एंड्रायड मोबाइल और आयुष से 4,400 रुपये व एंड्रायड मोबाइल बरामद हुआ ।पुलिस अब मामले में नामजद पुलिसकर्मियों समेत अन्य आरोपितों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

**आरोपी सिपाहियों में दो की तलाश जारी** फर्जी कांड में फसाने की धमकी देकर 200000 वसूलने के मामले में परशुरामपुरी कोतवाली में चार सिपाहियों सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था ।जिसमें दो सिपाही वीरेंद्र और पंकज को पुलिस ने गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज दिया था जिन्हें रिमांड पर भी ले लिया गया था जबकि दो सिपाहियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई थी पुलिस द्वारा दबिश देने के पहले ही दिल्ली से दोनों सिपाही भाग निकले। पुलिस सूत्रों का कहना है कि दोनों की गिरफ्तारी के लिए तलाश जारी है। जबकि विवेचना में जांच के बाद जलालाबाद के तीन अन्य लोगों की भूमिका साजिश करता के रूप में पता चलने पर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### नगर में नशे के पुराने कारोबारियों पर मेहरबानी सवालों के घेरे में

यूं तो तिलहर कोतवाली पुलिस द्वारा परशुराम पुरी पहुंच कर नशे के कारोबार के नाम पर उगाही के लिए नियम कानून को ताकपर रखकर पुलिस की छवि को बट्टा लगाने का काम कितनी तत्परता से किया गया यह सब विदित ही है जबकि नगर के गली कूचों में नशे के कारोबार की गहरी जड़ें पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाने पर मजबूर है। हर दो-तीन महीने में तिलहर नगर के सीमावर्ती मार्गो पर यदाकदा बहुत ही आसानी से खुद पुलिस की गोद में आकर गिर पड़ने वाले तस्करों से नशीले पदार्थ बरामद होना जहां आम नागरिक के गले नहीं उतरता है वहीं स्थानीय मगरमच्छों की अनदेखी सब कुछ ठीक ना होने की और इशारा करती है। परशुरामपुरी के सर्राफा व्यवसाई को नशे के कारोबार के नाम पर झूठा फसाने की साजिश पर कार्रवाई करके स्थानीय पुलिस डैमेज कंट्रोल करने की कोशिश करेगी या फिर छोटी मछलियों के बजाय बड़े मगरमच्छों को रडार पर लेकर समाज के लिए जहर बनते जा रहे नशे के कारोबार को जड़ से नेस्तनाबूद करने की हिम्मत दिखाएगी यह आने वाला समय ही बताएगा।

### एक नजर

#### सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में शाहजहांपुर प्रदेश में अव्वल

**शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की अगस्त माह की रैंकिंग में शाहजहांपुर ने प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। जिले को 10 में 9 .53 अंक मिले हैं। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में मिली इस उपलब्धि को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण का परिणाम माना जा रहा है। रैंकिंग में रामपुर 9 .48 अंक के साथ दूसरे और बरेली 9 .43 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जिलों का मूल्यांकन विभिन्न विकासपरक और प्रशासनिक मानकों के आधार पर किया जाता है। जिले में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की नियमित समीक्षा, विभागीय अधिकारियों के बीच समन्वय और लंबित मामलों की निगरानी पर जोर दिया गया। जनसुनवाई और शिकायतों के निस्तारण को भी प्रभावी बनाने के प्रयास किए गए। प्रदेश में पहला स्थान मिलने से प्रशासनिक अमले का उत्साह बढ़ा है।

# जमीन विवाद में पति की हत्या का आरोप एसपी कार्यालय पर धरने पर बैठे परिजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जमीन विवाद में पति को जहर देकर हत्या करने और शव फेंकने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को परिजन एसपी कार्यालय पहुंच गए। मदनापुर पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए परिजन कार्यालय के गेट के पास जमीन पर बैठ गए। सूचना पर सीओ सदर शुभम वर्मा ने परिजनों से बात कर कार्रवाई का भरोसा दिया।

गढ़िया रंगीन थाना क्षेत्र के मडई गांव निवासी नन्ही देवी ने बताया कि उनके पति राम सिंह 23 अगस्त को जैतीपुर थाना क्षेत्र स्थित अपने ननिहाल में अपनी जमीन पर पेड़ लगाने गए थे। वह मामा के घर रुके थे। आरोप है कि 25 अगस्त को मामा के पड़ोसी राम सिंह को बुलाकर ले गए और जहर देकर उनकी हत्या कर दी। नन्ही देवी का आरोप है कि हत्या के बाद राम सिंह का शव मदनापुर थाना क्षेत्र के रतनपुर चक मार्ग पर फेंक दिया गया। मृतक और आरोपितों के बीच पहले से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। परिवार के कुछ लोगों पर भी घटना में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। परिजनों के अनुसार राम सिंह के पास से 10 हजार रुपये गायब थे, जबकि मोबाइल मिल गया। परिजनों का आरोप है कि मदनापुर पुलिस ने उनकी एफआईआर दर्ज नहीं की। शुक्रवार को एसपी कार्यालय पहुंचने पर सीओ सदर शुभम वर्मा ने उन्हें कार्यालय बुलाकर घटना की जानकारी ली। उनके बयान दर्ज कराए गए। सीओ सदर ने बताया कि परिवार से बातचीत कर बयान दर्ज किए जा रहे हैं। लगाए गए सभी आरोपों की जांच कराई जाएगी। शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की जा रही है।


हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने के लिए मांग करते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

## बस ड्राइवर की लापरवाही से बाइक सवार की मौत, केस दर्ज

**शाहबाद।** बीती 8 सितंबर की दोपहर में आसफपुर-शाहबाद रोड पर एक तेज रफ्तार बस की टक्कर से बाइक सवार दुकानदार की मौत हो गई थी। कोतवाली क्षेत्र के नसरतनगर के रहने वाले प्रेमराज किराने की दुकान चलाते थे, अपनी लूना मोटरसाइकिल से दुकान का सामान लेने ढकिया जा रहे थे। जाहरवीर देव स्थान के पास आसफपुर की तरफ से आ रही बस संख्या UP22AT1013 के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनकी बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार गंभीर रूप से ज़ख्मी हो गया, जिनको उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए मुरादाबाद रेफर कर दिया। मुरादाबाद ले जाते समय रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक के पुत्र भूप सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# भावलखेड़ा में राजीव गुप्ता बने खंड विकास अधिकारी

- जन शिकायतों का मौके पर निस्तारण होगी प्राथमिकता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** विकास खंड भावलखेड़ा के नवागत खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) राजीव कुमार गुप्ता ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। इसके लिए सभी ग्राम पंचायत सचिवों को शिकायतों के निस्तारण के लिए मौके पर जाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।उन्होंने कहा कि हाईवे किनारे स्थित गांवों में निराश्रित पशुओं को हाईवे पर आने से रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सभी सचिवों और ग्राम प्रधानों को छुट्टा पशुओं को तत्काल हटवाने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि हाईवे पर कोई पशु दिखाई न दे। पशुओं को गौशाला में संरक्षित करने के निर्देश दिए हैं। बीडीओ ने कहा कि विकास योजनाओं के लाभार्थियों को समय से योजनाओं का लाभ दिलाना भी उनकी प्राथमिकता रहेगी। शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय से पहुंचे, इसके लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।


वीडीओ राजीव गुप्ता। -जागरण मोर्चा

### संक्षेप समाचार

#### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में एसडीएम ने किया निरीक्षण, नाव-मोटर बोट तैनात


बाढ़ ग्रस्त इलाकों का दौरा करते एसडीएम। -जागरण मोर्चा

**परशुरामपुरी शाहजहांपुर।** परशुरामपुरी के एसडीएम मधुसूदन गुप्ता ने राजस्व टीम के साथ बाढ़ प्रभावित कसारी, शाहपुर, तिकोला, काजरबोझी समेत विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित लोगों की मदद और सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन के लिए नाव और मोटर बोट तैनात की गई हैं। सभी नावों और मोटर बोट में सुरक्षा के लिए लाइफ जैकेट भी उपलब्ध कराई गई हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों की जांच कर रही हैं और जरूरत के अनुसार दवाएं वितरित की जा रही हैं। एसडीएम ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी की जा रही है। तहसील प्रशासन की टीमें स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने लोगों से किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल तहसील प्रशासन से संपर्क करने की अपील की।

#### रामगंगा में छलांग लगाने वाली युवती का दूसरे दिन भी नहीं लगा कोई सुराग


निशा।

**शाहबाद।** रामगंगा पुल से नदी में छलांग लगाने वाली 22 वर्षीय निशा का दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं लग सका। शुक्रवार सुबह से ही एसडीआरएफ की टीम ने पानी में युवती को तलाशने की बहुत कोशिश की, लेकिन पानी का बहाव तेज होने के कारण टीम पानी से बेरंग बाहर निकली। बताते चले कि रामपुर जनपद के केमरी थाना क्षेत्र के लखीमपुर गांव निवासी निशा हेल्थ केयर में काम करती थी और उनके पास फील्ड की जिम्मेदारी थी। गुरुवार को शाहबाद के रामगंगा पुल के ऊपर अपना आईडी कार्ड, बैग और अन्य जरूरी सामान ऊपर छोड़कर पानी में छलांग लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरो की मदद से युवती को तलाश कराने की बहुत कोशिश की, लेकिन देर शाम तक उसका कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस के द्वारा सूचना देने पर युवती का भाई भी रामगंगा पुल पर पहुंचा। शुक्रवार को एसडीआरएफ की टीम भी शाहबाद पहुंची और रामगंगा नदी में युवती की तलाश को अभियान चलाया, लेकिन स्थिति जस की तस ही रही।

# यूजीसी को लेकर क्षत्रिय महासभा मुखर, रोलबैक की मांग

- 20 को आगरा में महासम्मेलन में सैकड़ों होंगे शामिल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू का शुक्रवार को बरेली मोड़ स्थित जिला कार्यालय पर स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने यूजीसी को लेकर केंद्र सरकार से रोलबैक पर विचार करने की मांग की। साथ ही आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने और ईडब्ल्यूएस के प्रावधानों को सरल बनाने की मांग उठाई। राघवेंद्र सिंह राजू ने कहा कि महासभा की प्रमुख मांगों में यूजीसी रोलबैक, आर्थिक आधार पर आरक्षण तथा ईडब्ल्यूएस आरक्षण को 10 से बढ़ाकर 25 प्रतिशत करना शामिल है। उन्होंने दावा किया कि यूजीसी के मुद्दे पर महासभा ने सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. एपी सिंह के माध्यम से अपना पक्ष रखा और स्टे प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने केंद्र सरकार से इस विषय पर गंभीरता से विचार करने की मांग की। उन्होंने बताया कि 20 सितंबर को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, ब्रज प्रदेश के तत्वावधान में आगरा में सनातन शक्ति महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने शाहजहांपुर के क्षत्रिय समाज के लोगों से बड़ी संख्या में इसमें शामिल होने की अपील की। जिला अध्यक्ष पदम सिंह और जिला महामंत्री कुंवर मुनीश सिंह परिहार ने कहा कि महासम्मेलन में शाहजहांपुर से सैकड़ों लोग शामिल होंगे। प्रत्येक न्याय पंचायत से कम से कम 10 लोगों को आगरा पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह चंदेल, रामकुमार सिंह चौहान, अमित प्रताप सिंह, उदित प्रताप सिंह, सुमित सिंह भदौरिया, संदेश सिंह, ममता सिंह चौहान, प्रदीप सिंह, कौशल सिंह और कौशलेन्द्र रघुवंशी समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व समाज के लोग मौजूद रहे।


संबोधन के दौरान राघवेंद्र सिंह राजू।

# फैक्ट्री स्टेट रामलीला में भरत के किरदार में नजर आयेंगे पारस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** फैक्ट्री स्टेट श्रीरामलीला मंचन-2026 में इस बार रंगमंच के अनुभवी कलाकार पारस दीक्षित भरत की भूमिका में नजर आएंगे। श्रीराम के प्रति भरत के त्याग, समर्पण और भाई प्रेम को मंच पर जीवंत करना उनके लिए चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी है। वह इन दिनों श्रीरामलीला के निर्देशक अंकित सक्सेना के निर्देशन में भूमिका की तैयारी और पूर्वाभ्यास में जुटे हैं। पारस दीक्षित ने वर्ष 2014 में विक्रम श्रीवास्तव के माध्यम से शाहजहांपुर के रंगमंच में कदम रखा था। वह अनुभूति सेवा समिति से जुड़े और वरिष्ठ रंगकर्मी एवं नाट्य निर्देशक मनोज मंजुल के सानिध्य में अभिनय की बारीकियां सीखीं। वर्ष 2015 में मनोज मंजुल के निर्देशन में नाटक 'स्वांग मल्टीनेशनल' से अभिनय की शुरुआत की। आगरा में हुई राष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता में इस नाटक को सर्वश्रेष्ठ नाटक समेत सात पुरस्कार मिले। इसके बाद उन्होंने रंग में भंग', सवा शेर गेहूं', कफन', कथा एक कंस की', प्रेम कबूतर', एक्शन एक फिल्म कथा, जब शहर हमारा सोता है, राजा मास्टर ड्रामा कंपनी, एक गिलास ठंडा पानी और नागिन तेरा वंश बढ़े समेत कई नाटकों में अभिनय किया। वर्ष 2022 में महेश सक्सेना के लिखे और शिवा सक्सेना के निर्देशन में तैयार नाटक 'प्रणाम काकोरी' उनके रंगमंचीय सफर का अहम पड़ाव रहा। इसके अब तक 36 मंचन हो चुके हैं। वर्तमान में पारस दीक्षित मंथन आर्ट सोसाइटी से जुड़े हैं। वह रंगमंचीय सफर में शिवा सक्सेना के सहयोग को महत्वपूर्ण मानते हैं। अब भरत की भूमिका को लेकर वह पूरी मेहनत से तैयारी कर रहे हैं। उनका कहना है कि प्रभु श्रीराम की कृपा से मिली इस जिम्मेदारी पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। इसके साथ ही डिजिटल फेसबुक चैनल गली मोहल्ला शो में एंकरिंग भी करते नजर आते हैं।


पारस। -जागरण मोर्चा

### ठेका

## निर्धारित शुल्क से अधिक पैसे लेने पर होगी ठेका निरस्त की कार्रवाई : एसडीएम आदेश कुमार

# सैफनी के भूड़ा मेला के लिए दंगल, तहबाजारी और साइकिल स्टैंड की हुई नीलामी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** शुक्रवार के दिन निर्धारित तिथि पर भूड़ा मेला नीलामी की प्रक्रिया तहसील सभागार में आयोजित की गई। एसडीएम की अध्यक्षता में नीलामी अधिकारी तहसीलदार अमित कुमार ने नीलामी की प्रक्रिया पूर्ण की और प्रत्येक नीलामी के लिए पिछले वर्ष हुए ठेके की एक चौथाई धनराशि जमानत राशि के रूप में जमा कराई गई। सबसे पहले मेले में तह बाजारी की नीलामी की गई। जिसमें 61 लाख 1 हजार रूपए से आगे बोली प्रारंभ की गई जो 62 लाख 44 हजार रूपए में सैफनी निवासी शाहज़ेब के नाम छूटी। इसके बाद दंगल की बोली लगाई गई पिछले वर्ष दंगल की बोली 10 लाख 25 हजार रूपए में छुटी थी लेकिन इस बार दंगल की नीलामी 12 लाख 20 हजार रूपए में सैफनी निवासी आसिम पहलवान के नाम छोड़ी गई। साइकिल स्टैंड की नीलामी भी पिछले साल 5,90,000 में की गई थी, इस बार इस ठेके की बोली सबसे अधिक बोली 7 लाख 41 हजार लगाने वाले त्रमल सिंह के नाम साइकिल स्टैंड की बोली छूटी। नीलामी स्वीकृत अधिकारी एसडीएम आदेश कुमार और नीलामी अधिकारी तहसीलदार अमित कुमार ने बताया कि निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क लेने पर ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी, ठेका निरस्त करने की भी कार्रवाई की जाएगी तथा जमा राशि को सरकारी खजाने में जमा कराया जाएगा, उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मेले में डांस पार्टी का आयोजन नहीं होने दिया जाएगा तथा रात में दंगल करने की परमिशन नहीं होगी साइकिल स्टैंड का किराया भी निर्धारित शुल्क से अधिक वसूलने पर ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।


सैफनी स्थित भूड़ा मेले के लिए नीलामी प्रक्रिया के दौरान शाहबाद तहसील सभागार में मौजूद अधिकारीगण।

## बस ड्राइवर की लापरवाही से बाइक सवार की मौत, केस दर्ज

**शाहबाद।** बीती 8 सितंबर की दोपहर में आसफपुर-शाहबाद रोड पर एक तेज रफ्तार बस की टक्कर से बाइक सवार दुकानदार की मौत हो गई थी। कोतवाली क्षेत्र के नसरतनगर के रहने वाले प्रेमराज किराने की दुकान चलाते थे, अपनी लूना मोटरसाइकिल से दुकान का सामान लेने ढकिया जा रहे थे। जाहरवीर देव स्थान के पास आसफपुर की तरफ से आ रही बस संख्या UP22AT1013 के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनकी बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार गंभीर रूप से ज़ख्मी हो गया, जिनको उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए मुरादाबाद रेफर कर दिया। मुरादाबाद ले जाते समय रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया।

# शाहबाद में मछली पकड़ने के दौरान अधेड़ का पैर फिसला, लोगों ने बचाई जान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** शुक्रवार को बाढ़ के पानी में मछली पकड़ने के दौरान एक अधेड़ का पैर फिसल गया और वह तेज बहाव में बहने लगा। गनीमत रही कि मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने पानी में छलांग लगा दी और अधेड़ को डूबने से बचाया। मिली जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला हकीमान निवासी आज़म अपने कुछ दोस्तों के साथ मदारपुर-जयतोली रोड स्थित पुलिया पर मछली पकड़ने गए थे। इसी दौरान अचानक आज़म का पैर फिसल गया और वह सीधे उफनते पानी में जा गिरे। पानी का बहाव इतना तेज था कि वह संभल नहीं पाए और देखते ही देखते गहरे पानी में समाने लगे।आज़म को डूबता देख मौके पर चीख-पुकार मच गई। उनके साथियों और आसपास मौजूद ग्रामीणों ने पानी में छलांग लगा दी और बड़ी मशक्कत के बाद आज़म को पानी से बाहर निकाला। हालांकि, तब तक वह कुछ पानी उनके पेट में जा चुका था और अचेत हो गए थे। परिजन आनन-फानन में बेहोशी की हालत में आज़म को सीएचसी लेकर पहुंचे। जहाँ डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार दिया और बेहतर इलाज के लिए तुरंत जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जबकि प्रशासन द्वारा जयतोली मदारपुर रोड पर जाने के लिए लोगों से मना कर रहा है, लेकिन लोग जान जोखिम में डालकर मछली पकड़ने जा रहे है।


पानी में डूबे अधेड़ को उपचार देते चिकित्सक।

# धूमधाम व गाजे-बाजे से निकाली जायेगी बाबा गणेश की पालकी

## गणपति बाबा की पालकी को नया स्वरूप देने में जुटे स्वयंसेवी कलाकार

जागरण मोर्चा कार्यालय



चंदौसी में बाबा गणेश की पालकी तैयार करते युवक। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** मेला गणेश चौथ के शुभारम्भ अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गणपति बाबा की प्रतिमा को गणपति पालकी में विराजमान कर गाजे-बाजे के साथ गणेश मन्दिर से मेला ग्राउंड तक ले जाया जाएगा। वहां वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान से पूजन-अर्चन के उपरांत गणपति बाबा की प्रतिमा को मेला ग्राउंड स्थित गणेश स्तम्भ में स्थापित किया जाएगा। 12 सितम्बर को महाप्रभु गणेश की प्रतिमा को फूलडोल स्वरूप में मेला ग्राउंड ले जाकर स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को गणेश मेला परिषद के पदाधिकारियों द्वारा आमंत्रित किया गया है। गणपति बाबा को मेला ग्राउंड तक ले जाने के लिए तैयार की जाने वाली पालकी हर वर्ष अपने अनूठे एवं आकर्षक स्वरूप के लिए श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहती है। गणपति पालकी को तैयार करने में जुटे सम्राट हॉस्पिटल के डॉ. शेखर वार्ष्णेय ने बताया कि पालकी को हर वर्ष अलग-अलग थीम और सामग्री से सजाया जाता है। गत वर्षों में इसे स्वर्ण छवि धातु, भारतीय मुद्रा नोट, रंग-बिरंगे मोती, अनाज, सिल्वर छवि धातु सहित विभिन्न सामग्रियों से आकर्षक रूप प्रदान किया गया था। इसी क्रम में इस वर्ष गणपति पालकी को श्री गणेश मन्दिर के मॉडल की थीम पर तैयार किया जा रहा है, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। उन्होंने बताया कि पालकी को तैयार करने में स्वयंसेवी कलाकार श्रद्धा और समर्पण के साथ जुटे हुए हैं। गणपति पालकी को तैयार करने में डॉ. शेखर वार्ष्णेय, अभिषेक मिश्रा, प्रतीक वार्ष्णेय, सचिन, सौरभ, बृज किशोर, सोहनलाल, दीपक, मेला मीडिया प्रभारी शुभम अग्रवाल सहित अन्य स्वयंसेवी कलाकार जुटे हुए हैं।

## रहोली ग्राम पंचायत में लगा राजस्व मेला

**चंदौसी।** बनियाखेड़ा ब्लॉक की रहोली ग्राम पंचायत में शुक्रवार को राजस्व मेले का आयोजन किया गया। एसडीएम आशुतोष तिवारी ने ग्रामीणों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। मेले में राजस्व, बिजली, स्वास्थ्य, बाल विकास, पंचायत, पशुपालन, कृषि, शिक्षा और पुलिस समेत विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाए। राजस्व विभाग में जमीन, पैमाइश और अभिलेख संबंधी शिकायतें सुनी गईं। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी। बाल विकास विभाग ने बच्चों से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया भी बताई गई। आधार कार्ड में संशोधन और अन्य सुधार के लिए आधार केंद्र की सुविधा उपलब्ध रही। मेले में विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रसिद्ध गणेश चौथ मेले का शुभारंभ आज

जागरण मोर्चा कार्यालय



चंदौसी में रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया गणेश मंदिर। -जागरण मोर्चा

**चंदौसी।** प्रसिद्ध मेला गणेश चौथ का शनिवार यानी आज शुभारंभ होगा। द्वार पूजन के बाद ढोल नगाड़ों के साथ गणपति बप्पा का भव्य फूलडोल निकाला जाएगा। सभी धर्मों के प्रतिनिधि मेले का आगाज कर सर्वधर्म संभाव का संदेश देंगे। इसी के साथ मेला जनता के लिए खोल दिया जाएगा। मेले की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। दुकानों और झूलों का लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है।

श्री गणेश मेला परिषद के मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि मेला 2 अक्टूबर तक चलेगा। मेले का उद्घाटन शनिवार की शाम को किया जाएगा। सबसे पहले गणेश मंदिर पर बने मुख्य गेट पर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय, एसडीएम आशुतोष तिवारी व सीओ विवेक जावला के द्वारा मुख्य द्वार पर विधिविधान से पूजन किया जाएगा। इसके बाद गुब्बारे छोड़े जाएंगे। 14 सितंबर को विशाल रथयात्रा निकाली जाएगी।इसके बाद गणेश मंदिर से ढोल नगाड़ों के साथ गणपति बप्पा का भव्य फूलडोल निकाला जाएगा। भजन कीर्तन के साथ फूलडोल इंदिरा मार्ग होते हुए गणेश मेला परिसर पहुंचेगा। जहां वेद मंत्रोच्चारण के साथ मेला परिसर में बने स्तंभ पर गणपति बप्पा की मूर्ति को स्थापित किया जाएगा। इसके बाद पांच धर्मो के गुरु हिंदू धर्म मुस्लिम धर्म सिख धर्म ईसाई धर्म से बौद्ध धर्म गणेश मेले के मुख्य द्वार का फीता काटकर शुभारंभ करेंगे। मेला कमेटी के ललित किशोर, मनोज कुमार गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रविंद्र कुमार रूपी, डॉ राजीव कुमार गुप्ता, ललित किशोर गुप्ता, शशिकांत गुप्ता, प्रदीप कुमार लालू, प्रमोद गुरु, डॉ शेखर वार्ष्णेय,प्रभात कृष्णा, मुकेश वार्ष्णेय,लोकेंद्र शर्मा, अभिषेक अप्पू, राहुल चौधरी, विनय सराफ, शुभम् अग्रवाल,आदि मौजूद रहे।

# शिक्षकों को मिला नेशन बिल्डर्स अवार्ड



चंदौसी में शिक्षकों को नेशनल बिल्डर्स अवार्ड से सम्मानित करते क्लब के पदाधिकारी।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** रोटरी क्लब चंदौसी लक्ष्य की ओर से क्लब द्वारा चुने हुए शिक्षकों को नेशन बिल्डर्स अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। समारोह मे डॉ सौरभ वार्ष्णेय ने कहा शिक्षक का हमारे जीवन में अहम योगदान होता है। शिक्षक ही हमारे जीवन का लक्ष्य निर्धारित करता है। शिक्षक के बिना छात्र जीवन अधूरा है। कार्यक्रम का संचालन अंकित वार्ष्णेय ने किया। रोटरी क्लब लक्ष्य द्वारा विद्यालय के शिक्षक प्रदीप, हिमांशी शर्मा, आकांक्षा शर्मा, सोनम वार्ष्णेय, शशि, खुशी शर्मा, दीक्षा, रिचा, सिद्धा, शिवी, प्रियांशी, अर्जित सक्सैना, संध्या गौतम, अंशु को सम्मानित किया गया। समारोह में क्लब अध्यक्ष मंगेश वार्ष्णेय, राहुल वार्ष्णेय, अंकित वार्ष्णेय, अमित वार्ष्णेय, पीयूष वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे। समारोह में विद्यालय परिवार से प्रधानाचार्य सुनील कुमार सक्सेना, रोमिल गुप्ता, राधा सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

## लोक अदालत आज, मामलों का होगा निस्तारण

**चंदौसी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर 12 सितंबर को न्यायालय परिसर संभल में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत का उद्देश्य विभिन्न मामलों का आपसी सहमति और सुलह-समझौते के आधार पर त्वरित निस्तारण करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश डॉ. विदुषी सिंह द्वारा जनपद न्यायालय परिसर में सुबह 10 बजे दीप प्रज्वलित कर किया जाएगा। आयोजन के दौरान विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों के निस्तारण के लिए आवश्यक प्रक्रिया अपनाई जाएगी। संबंधित पक्षकारों से लोक अदालत में उपस्थित होकर आपसी समझौते के माध्यम से मामलों का समाधान कराने की अपील की गई है।

# 5 दिवसीय बैंकिंग की मांग तेज, कर्मचारियों का प्रदर्शन

▸ यूनाइटेड फॉर्म ऑफ़ बैंक यूनियन के आह्वान पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय




चंदौसी में प्रदर्शन करते यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के पदाधिकारी।

**चंदौसी।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के आह्वान पर शुक्रवार को घंटाघर स्थित इंडियन बैंक के बाहर विभिन्न बैंकों के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, इंडियन बैंक, यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया, प्रथमा बैंक सहित और बैंकों के कर्मचारी व अधिकारी शामिल हुए।

प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने, बैंकिंग क्षेत्र में व्याप्त संबंधी भेदभाव को समाप्त करने तथा बैंक कर्मचारियों एवं अधिकारियों की अन्य लंबित मांगों को लेकर सरकार एवं संबंधित पक्षों का ध्यान आकर्षित करना था। इस अवसर पर बैंक कर्मचारियों ने एकजुट होकर अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए और कहा कि बैंकिंग व्यवस्था में कर्मचारियों के हितों एवं कार्य-जीवन संतुलन को ध्यान में रखते हुए पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करना समय की आवश्यकता है। वक्ताओं ने कहा कि बैंक कर्मचारी देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और कठिन परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा के साथ अपनी सेवाएं देते हैं। ऐसे में कर्मचारियों की जायज मांगों पर सरकार एवं बैंक प्रबंधन को सकारात्मक एवं शीघ्र निर्णय लेना चाहिए। इस अवसर पर आलोक दुबे, मुनेंद्र वार्ष्णेय, माधव शर्मा, डॉ केके तोमर, शिवानी अग्रवाल, राहुल सोलंकी, गिरीन्द्र अग्रवाल, मेघा सिंह, मनोज गोयल, राम कुमार चौधरी, विपिन चौधरी, तूलिका खंडेलवाल, शेष कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

# गणेश चतुर्थी पर भंडारे के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** स्वामी भूमानन्द सेवा ट्रस्ट की एक आवश्यक बैठक शुक्रवार की शाम संयुक्त चिकित्सालय स्थित महामृत्युंजय मंदिर परिसर में संपन्न हुई। जिसमें 14 सितंबर दिन सोमवार को गणेश चतुर्थी के दिन सीता रोड स्थित श्री रघुनाथ बृह्मचर्याश्रम में होने वाले विशाल भंडारे की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। विभिन्न समितियों का गठन कर एक दूसरे को जिम्मेदारी सौंपी।वक्ताओं ने कहा कि गणेश चतुर्थी पर ब्रह्मलीन स्वामी भूमानन्द तीर्थ जी महाराज की स्मृति में 16 वां विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जो दोपहर 12 बजे से शाम छह बजे तक चलेगा। श्रद्धालुओं को पंक्तियों में बिठा कर भोजन कराने की व्यवस्था रहेगी। ट्रस्ट के प्रधान केजी शर्मा ने विभिन्न समितियों स्वागत समिति, व्यवस्था समिति, भंडारा व्यवस्था समिति, महिला व्यवस्था समिति का गठन कर जिम्मेदारी सौंपी। बैठक में जेएन मिश्रा, रमेश चंद्र शर्मा, राकेश मिश्रा, सुरेश पाल, राकेश चौबे, डॉ. सतीश चंद्र शर्मा, डॉ. रमाकांत नागर, सुंदरलाल शर्मा, मदनलाल, सच्चिदानंद शर्मा, रामनारायण पांडे, उमेश चंद्र शर्मा, सुनील शर्मा, सौरभ मिश्रा, गौरव मिश्रा, मुनीश शर्मा, मनोज शर्मा, विनोद पाठक, राजीव शर्मा विजय शर्मा, मुनेंद्र शर्मा, वाईके शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## संकीर्तन में हुए भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**चंदौसी।** गणेश मन्दिर पर सुबह 5 से 6 बजे तक चलने बाले संकीर्तन का शुक्रवार को 11वें दिन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। यह संकीर्तन कार्यक्रम मेला गणेश चौथ परिषद के तत्वावधान में श्री गणेश मन्दिर संकीर्तन समिति द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होता है। शुक्रवार को कीर्तन का प्रारंभ श्री गणेश वंदना से हुआ। हरद्वारी लाल मिश्रा ने आओ गौरी लाल तरह रहे नैना भजन गाकर विघ्नहर्ता का आवाहन किया। भूदेव शंखधार ने सुख भी मुझे प्यारे हैं, दुःख भी मुझे प्यारे हैं भजन गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। संकीर्तन में सतीश किराना, उमेश पप्पू, सुशील छोटू, मनोज कुमार मीनू, मुकेश कुमार तथा जय शंकर दुबे ने सहयोग किया।

# समारोह पूर्वक बनाई गई विनोबा भावे की जयंती

जागरण मोर्चा कार्यालय



चंदौसी में विनोबा भावे की जयंती मनाते समिति पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**चंदौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में प्रसिद्ध स्वतन्त्रता सेनानी, समाज सुधारक, भारत रत्न विनोवा भावे की जयंती मौहल्ला घटलेश्वर गेट स्थित विनोबा भावे जूनियर हाईस्कूल में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का आरंभ दोनों संगठनों के पदाधिकारियों ने उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि/मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि भारत रत्न आचार्य विनोबा भावे प्रसिद्ध स्वतन्त्रता सेनानी, लेखक थे। देश में आंदोलन करने के कारण ब्रिटिश सरकार के द्वारा कई बार गिरफ्तार किए गए। महात्मा गांधी ने उन्हें अपना उत्तराधिकारी बताया। आचार्य विनोबा भावे को प्रथम सत्याग्रही बनाया। 1942के भारत छोड़ो आंदोलन के लिए महात्मा गांधी ने आचार्य विनोबा भावे से सलाह ली। जब विनोबा भावे जी महात्मा गांधी जी के आश्रम वर्धा पहुंचे तब गांधी ने कहा कि सब यहां कुछ लेने आते हैं लेकिन आचार्य विनोबा भावे हमें देने आए हैं। सभी स्वतंत्रता आंदोलनों में प्रमुख भूमिका निभाई और कई बार जेल गए। पहले सर्वोदय आंदोलन शुरू किया फिर 1951 मे भूदान आंदोलन की शुरुवात की। जिसमें अमीर लोग गरीबों को भूमि दान देते थे। विनोबा भावे ने कई पुस्तकें लिखी जिनमें जेल में लिखी गई पुस्तक गीताई प्रमुख है। भारत सरकार ने विनोबा भावे द्वारा देश हित में किए गए कार्यों के लिए भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से मरणोपरांत 1983 में सम्मानित किया। कार्यक्रम में राशिद खान, सीमा कुमारी, सुरेश चन्द्र शर्मा, प्रमोद कुमार गुप्ता, विजय प्रकाश अग्रवाल, रामकिशोर अग्रवाल, गेंदन लाल, डॉ जितेन्द्र वर्मा, वीरेन्द्र कुमार, कुमुद कुमार पाठक, माया मौर्य, वसीम अहमद, संजय कुमार, अरविन्द कुमार ने विचार व्यक्त किए।

## उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला आयोजित

**चंदौसी।** सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें युवाओं और भावी उद्यमियों को व्यवसाय शुरू करने, उद्यमिता के अवसरों तथा सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता और सब्सिडी की जानकारी दी गई। प्रोफेशनल टीम समाधान, लखनऊ ने व्यवसाय शुरू करने और संचालित करने के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन किया। प्रतिभागियों को ऋण, अनुदान एवं सब्सिडी का लाभ लेने की प्रक्रिया समझाई गई। युवाओं को स्थानीय संसाधनों और कौशल का उपयोग कर स्वरोजगार शुरू करने के लिए प्रेरित किया गया। जिला उद्योग केंद्र के उपायुक्त उद्योग मुकेश कुमार, सहायक उपायुक्त आकाश गौड़ समेत अधिकारी मौजूद रहे।

# बिसरू मामले को लेकर अधिकारियों से आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग

▸ शरारती तत्वों ने रात में धार्मिक स्थल निर्माण करने का किया प्रयास

जागरण मोर्चा कार्यालय



बहजोई के गांव बिसारू लोगों से वार्ता करते एसडीएम व सीओ। -जागरण मोर्चा

**चंदौसी।** ग्राम बिसारू थाना बहजोई जनपद संभल में कल रात्रि में कुछ शरारती तत्वों द्वारा किसी निजी स्थान पर धार्मिक स्थल को बिना सरकारी अनुमति के निर्माण करने के प्रयास किया मामले में ग्रामीणों की शिकायत करने पर पुलिस प्रशासन द्वारा कुछ लोगों को चिह्नित कर कार्रवाई की गई, जिनमें कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है, कुछ लोग अभी फरार बने हैं।

उक्त घटना में उक्त विवादित जगह पूर्व में भी 2012 में बड़ी घटना हुई थी, जिसमें मुकदमे भी दर्ज कराए गए थे और उसके बाद से यह मामला न्यायालय में लंबित था, जिसमें 10 सितंबर की रात कुछ युवकों द्वारा उस स्थल पर अवैध रूप से बिना सरकारी परमिशन के धार्मिक स्थल के निर्माण का प्रयास किया गया। लोगों ने उसका विरोध किया। शुक्रवार की सुबह सभी गाँव के लोग एकत्रित हुए, भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री डॉ विशाल चौहान भी पहुंचे वहां सभी ग्रामीणों से वार्ता कर प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में आरोपियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की।

# राधा गोविंद आईटीआई के छात्रों का विभिन्न कंपनियों में चयन

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ रोजगार मेले में 25 कंपनियों ने किया 300 से अधिक युवाओं का चयन

**चंदौसी।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मुरादाबाद एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामोदय महाविद्यालय में रोजगार मिशन रोजगार मेला का आयोजन किया गया, जिसमें राधा गोविंद आईटीआई कालेज के 5 छात्रों का सफलता पूर्वक चयन किया गया।

रोजगार मेले में 25 कम्पनियों ने प्रतिभाग कर 300 से अधिक युवाओं का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया। जिसमें राधा गोविंद आईटीआई कालेज के छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। इसमें राधा गोविंद आईटीआई कालेज के छात्रों ने अपने कौशल, संचार क्षमता और व्यक्तित्तव का परिचय दिया। जिसमें राधा गोविंद आईटीआई के छात्र नीटू यादव, विजय सिंह, कौशल, मनीष, अरबाज खान कहां चैन अच्छी कंपनी व अच्छे सैलेरी पैकेज में हुआ। इस अवसर पर राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति पवन शर्मा, कुलपति डॉ मनोज तोमर, विश्वविद्यलय प्रशासन डॉ अखिलेश शुक्ला एव दिनेश सिंह नेगी ने राधा गोविंद आईटीआई कालेज के पुष्पेन्द्र कुमार मौर्या, प्रधानाचार्य आईटीआई एवं उपरोक्त सभी छात्रों बधाई दी।

# दहेज हत्या: मां-बेटे को आजीवन कारावास

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ 24 हजार 500 रुपये अर्थदंड से किया दंडित



**चंदौसी।** थाना बहजोई के एक गांव में वर्ष 2017 में दहेज को लेकर विवाहिता की हत्या कर दी गई थी। विधाता के पिता ने आरोपियों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसकी सुनवाई अपर एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में हो रही थी। न्यायालय ने दोनों को मां बेटे को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और अर्थदंड से दंडित किया है।

वादी मुकदमा अतर सिंह के अनुसार उसने अपनी पुत्री ईशमवती का विवाह करीब 6 वर्ष पूर्व लेखराज पुत्र अमरसिंह के साथ हिन्दू रीति-रिवाज से किया था। शादी के बाद से ही ससुराल वाले पति लेखराज, सास माला देवी, रामसिंह, सुखखी और रघुवीर ईशमवती को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। इस संबंध में बिसौली न्यायालय में एक मुकदमा भी चल रहा था। 3 अगस्त 2017 को तारीख के दौरान वादी और उसकी पुत्री न्यायालय गए थे, जहाँ दामाद लेखराज ने ईशमवती को बहला-फुसलाकर अपने पक्ष में बयान दिलवा दिए और उसे अपने साथ गाँव रफ़ीपुर ले गया। 5 अगस्त 2017 को सुबह करीब 9 बजे, सभी आरोपियों ने एक पूर्व नियोजित साजिश के तहत ईशमवती को आग लगा दी। मृतका के पिता को फोन पर इसकी सूचना मिली। जब वह मौके पर पहुँचा, तो उसने पाया कि उसकी पुत्री की बेरहमी से जलाकर हत्या कर दी गई थी। पिता ने सभी आरोपियों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज। पुलिस ने जांच क विवेचना के वाद मां - बेटे के खिलाफ न्यायालय में चार्ज शीट दाखिल की। मुकदमें की सुनवाई जिला न्यायालय स्थित अपर एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में हो रही थी। जबकि पीड़ित पक्ष की ओर से सहायक शासकीय अधिवक्ता हरिओम सैनी द्वारा पैरवी की जा रही थी। शुक्रवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी मां - बेटे को दोषी पाया। मां बेटे को दोषी मानते हुए न्यायालय ने दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है तथा 24 हजार 500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।



## गीता सार

**प्रयत्नाद्यतमानस्तु योगी संशुद्धकिल्बिषः।
अनेकजन्मसंसिद्धस्ततो याति परां गतिम्॥**

**भावार्थ :** ऐसा योगी समस्त पाप-कर्मों से शुद्ध होकर अनेक जन्मों के कठिन अभ्यास से इस जन्म में प्रयत्न करते हुए परम-सिद्धि को प्राप्त करने के पश्चात् परम-गति को प्राप्त करता है।

## सम्पादकीय

# मंच एक, एजेंडा अलग

युद्ध, प्रतिबंध, व्यापार बाधाओं और पश्चिम एशिया संकट के बीच वैश्विक व्यवस्था जब डगमगा चुकी है, 12-13 सितंबर को प्रस्तावित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन पर पूरी दुनिया की नजर है। भारत मंडपम में होने वाले 18वें शिखर सम्मेलन में 11 सदस्य देश जुटेंगे। ये देश विश्व की करीब आधी आबादी और वैश्विक अर्थव्यवस्था के बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं, यही वजह है कि ब्रिक्स की कूटनीतिक धमक बढ़ी है। हालांकि अभी तक ब्रिक्स का कोई एक समग्र एजेंडा नहीं बन पाया है। हर देश अपने राष्ट्रीय हितों को आगे रखकर इस मंच का इस्तेमाल कर रहा है। इस बार भी कहानी दूसरी नहीं है। चीन, अमेरिका के घटते भरोसे के मुकाबले अपनी साझेदारी दिखाना चाहता है। भारत विकास और व्यावहारिक सहयोग को केंद्र में रखना चाहता है। रूस प्रतिबंधों के बावजूद अपनी वैश्विक उपस्थिति साबित करना चाहता है, जबकि ईरान बड़ी शक्तियों के साथ एक मंच पर बैठकर कूटनीतिक संदेश देना चाहता है। ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, सऊदी अरब और यूएई भी ऊर्जा, व्यापार, अफ्रीका-एशिया संपर्क और स्थानीय मुद्राओं में लेन-देन जैसे मुद्दे लेकर आ रहे हैं। मेजबान भारत का एजेंडा उसकी पारंपरिक कूटनीति की व्यावहारिकता को दिखा रहा है। भारत एक तरफ अमेरिका के साथ क्वाड का सदस्य है तो दूसरी तरफ एससीओ व ब्रिक्स का सदस्य है। भारत एक बहुधुव्रीय दुनिया चाहता है। भारत ब्रिक्स को पश्चिम विरोधी गठबंधन नहीं, बल्कि विकास सहयोग का मंच बनाना चाहता है। भारत एमएसएमई, स्टार्टअप, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, यूपीआई जैसे भुगतान तंत्र, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्वच्छ ऊर्जा पर जोर देगा। भारत, ईरान और यूएई जैसे देशों के बीच पश्चिम एशिया पर सहमति बनाने की कोशिश कर रहा है, ताकि संयुक्त बयान फंस न जाए। चीन इस सम्मेलन को अमेरिका केंद्रित व्यवस्था के विकल्प के रूप में पेश करना चाहता है। राष्ट्रपति चिनपिंग का एजेंडा साफ है कि जहां कई देशों का अमेरिका पर भरोसा डगमगा रहा है, वहीं रूस और भारत जैसे बड़े देश और इथियोपिया व इंडोनेशिया जैसे देश उसके नेतृत्व में गठित एक ही संगठन में विचार साझा कर रहे हैं। चीन व्यापार, निवेश, डिजिटल अर्थव्यवस्था और न्यू डेवलपमेंट बैंक के विस्तार पर जोर देगा। वह स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने तथा वैश्विक शासन सुधारों, खासकर आईएमएफ और संयुक्त राष्ट्र में विकासशील देशों की आवाज बढ़ाने की बात करेगा। साथ ही वह ब्रिक्स को ग्लोबल साउथ का मंच बनाकर अपनी आर्थिक पहुंच बढ़ाना चाहता है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस मंच का इस्तेमाल यह दिखाने के लिए करेंगे कि पश्चिमी प्रतिबंध रूस को अलग-थलग नहीं कर सके।




# भारतीय कूटनीति की अग्निपरीक्षा



**लोकमित्र गौतम**

> नई दिल्ली में 12-13 सितंबर 2026 को जब दुनिया की 11 उभरती शक्तियों के नेता एक मेज पर आमने-सामने बैठेंगे, तब भारत के सामने केवल एक शिखर सम्मेलन को सफलतापूर्वक आयोजित करने की चुनौतीभर नहीं होगी। असली परीक्षा उस कूटनीति की होगी, जिसे भारत वर्षों से अपनी सबसे बड़ी ताकत 'रणनीतिक स्वायत्तता' बताता आया है। इस बार दांव बड़ा है। चीन के राष्ट्रपति शी जिन पिंग सात साल बाद भारत आ रहे हैं, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी मौजूद होंगे और पश्चिम एशिया का युद्ध ब्रिक्स के भीतर ईरान, सऊदी अरब और यूएई के हितों को आमने-सामने ला रहा है अर्थात नई दिल्ली को एक साथ चीन से संवाद करना है, रूस से साझेदारी बरकरार रखना है, पश्चिम से संबंध और वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व यानी एक साथ चारो मोर्चे साधने होंगे।

इमेज

यही वह क्षण है, जब भारत की कूटनीति को केवल संतुलन बनाने वाली नहीं बल्कि मतभेदों के बीच सहमति गढ़ने वाली शक्ति साबित होना है। ब्रिक्स की अध्यक्षता भारत के लिए एक अवसर जरूर है, लेकिन इस बार यह अवसर जितना बड़ा है, अग्निपरीक्षा भी उतनी ही कठिन है।

भारत इस समय एक असाधारण रूप से जटिल मंच की अध्यक्षता कर रहा है। ब्रिक्स अब ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका तक ही नहीं सीमित। अब इसके मित्र इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और इंडोनेशिया भी पूर्ण सदस्य हैं। इसके अतिरिक्त 10 पार्टनर देश भी हैं- बेलारूस, बोलीविया, क्यूबा, कजाखस्तान, मलेशिया, नाइजीरिया, थाइलैंड, युगांडा, उज्बेकिस्तान और वियतनाम। भारत में अपनी अध्यक्षता का आधार, 'बिल्डिंग फॉर रेजिलिएशन, इनोवेशन, को-ऑपरेशन एंड सस्टेनेबिलिटी' रखा है। पूरे साल 25 से अधिक शहरों में संपन्न 350 से अधिक बैठकों के बाद जब यह उच्चस्तरीय सम्मेलन आयोजित हो रहा है, तब पूरी दुनिया की निगाहें इसकी तरफ हैं। ऐसा होना स्वाभाविक ही है। दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ रही अर्थव्यवस्था का मालिक भारत और अमेरिका के बाद दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति चीन दोनो इस संगठन के प्रमुख देश हैं। लेकिन भारत की कूटनीति की अग्निपरीक्षा यह सम्मेलन इस मायने में भी है कि इन दोनों उभरती हुई आर्थिक महाशक्तियों के बीच सीमा तनाव लगातार जारी है। हालांकि 18वें ब्रिक्स सम्मेलन के ठीक पहले दोनो देशों ने बातचीत के कई दौर चलाकर किसी हद तक सीमा विवाद पर तात्कालिक रूप से नरमी दिखाई है। लेकिन अब वक्त आ गया है कि यह लगातार मौजूद सीमा विवाद खत्म हो। हम सब जानते हैं रूस और पश्चिम के बीच लगातार टकराव जारी है और ईरान तो पश्चिम के साथ टकराव का पोस्टर ब्वॉय ही बन चुका है। सऊदी अरब और यूएई की अपनी सुरक्षा प्राथमिकताएं हैं और दोनों को न-न करते ईरान के साथ कुछ गहरे मतभेद भी हैं। फिर भी ये सब एक मंच पर जब बैठे होंगे




तो उस बैठक को सार्थक बनाने में भारतीय कूटनीति को एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ेगा। ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका की वैश्विक प्राथमिकताएं ब्रिक्स के दूसरे देशों से अलग हैं। ऐसी भिन्न-भिन्न प्राथमिकताओं और समीकरणों वाले देशों को एक ताकतवर समूह के रूप में एकत्र करना और इन सबकी साझी ताकत को एक दिशा देना भारत जैसे मौजूदा अध्यक्ष के लिए दो खंभों में बंधी रस्सी पर चलने जैसा है। यह संतुलन तब और कठिन हो जाता है, जब मौजूदा समय में विश्व व्यवस्था एक असाधारण तनाव से गुजर रही हो। 18वें ब्रिक्स सम्मेलन में अंतिम समय तक पहले लग रहा था कि शायद शी जिन पिंग नहीं आएंगे और अब जबकि इन पंक्तियों के लिखे जाने के कुछ घंटे पहले ही उनके आने की अधिकृत घोषणा हुई है, तो एक तरफ जहां इस सम्मेलन का अतिरिक्त महत्व बढ़ गया है, वहीं भारत के लिए शी जिन पिंग की मौजूदगी एक महत्वपूर्ण चुनौती भी बन गई है। साल 2020 के गलवान घाटी संघर्ष के बाद दोनों देशों के राजनीतिक संबंधों में गंभीर गिरावट आई थी। अब सीमा पर तनाव कम करने, रुके हुए संवाद को न सिर्फ बहाल करने बल्कि तेज करने तथा आर्थिक संबंधों को धीरे-धीरे सामान्य बनाने की कोशिशें हो रही हैं। ऐसे में शी की दिल्ली यात्रा एक बेहद सावधान प्रक्रिया का उच्चतम राजनीतिक क्षण साबित होगी। हालांकि भारत को इस पूरे सम्मेलन के दौरान अतिरिक्त रूप से सावधान रहने की जरूरत होगी। क्योंकि ब्रिक्स में चीन के साथ संवाद का यह मतलब विवादों को भूला देना नहीं है। साथ ही भारत-चीन संबंधों में सुधार का अर्थ यह भी नहीं है कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धा समाप्त हो गई है। भारत को इन दोनों वास्तविकताओं को एक साथ संभालना होगा। यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शी जिन पिंग की बातचीत होती है, जिसकी संभावना 99.99 फीसदी है, तो उसका सबसे महत्वपूर्ण परिणाम किसी बड़े नाटकीय समझौते में नहीं बल्कि यह सुनिश्चित करने में हो सकता है कि दोनो देशों के बीच संवाद लगातार चलता रहे। सीमा पर शांति, व्यापार में संतुलन, निवेश, तकनीक और आपूर्ति श्रृंखला जैसे मुद्दे केवल शिखर बैठकों से हल नहीं होंगे। लेकिन शीर्ष नेतृत्व का संवाद इन समस्याओं को संभालने के लिए राजनीतिक वातारण अवश्य तैयार कर सकता है। यही भारतीय कूटनीति की पहली और शायद सबसे बड़ी परीक्षा है कि चीन से संवाद भी हो और राष्ट्रीय हितों पर स्पष्टता भी बनी रहे। भारतीय कूटनीति की इस सम्मेलन में दूसरी बड़ी परीक्षा यह होगी कि ब्रिक्स 'चीन-रूस' धुरी बनकर न रह जाए। ब्रिक्स के विस्तार के साथ ही यह एक बात लगातार चलती रहती है कि क्या यह पश्चिमी नेतृत्व वाली विश्व व्यवस्था का विकल्प बनने की तरफ बढ़ रहा है, भारत के लिए यहां भी रास्ता साफ है। नई दिल्ली के हित में ऐसा ब्रिक्स नहीं है जो किसी दूसरे गुट के विरूद्ध राजनीतिक मोर्चा बन जाए। भारत की सबसे बड़ी सफलता यही है कि भारत की रणनीतिक स्वायत्तता बरकरार रहे। भारत ऐसे ब्रिक्स में है, जो वैश्विक दक्षिण की मजबूत आवाज बने, लेकिन किसी एक शक्ति के प्रभुत्व में खुद का विलय न कर ले।

## श्रीरामचरितमानस



**सिव अपमानु न जाइ सहि हृदयं न होइ प्रबोध।
सकल सभहि हठि हटकि तब बोलीं बचन सक्रोध॥**

**भावार्थ :** परन्तु उनसे शिवजी का अपमान सहा नहीं गया, इससे उनके हृदय में कुछ भी प्रबोध नहीं हुआ। तब वे सारी सभा को हठपूर्वक डांटकर क्रोधभरे वचन बोलीं॥

## खेल-खिलाड़ी

# गिल एंड कंपनी को अब डब्लूटीसी का सीन जटिल

**सारिम अन्ना**

आखिरी बार ऐसा कब देखने को मिला था, जब किसी बैटर ने टेस्ट श्रृंखला में अधिकार के साथ भारतीय स्पिनर्स को बेअसर किया था? थकन व क्रैंप से परेशान होने के बावजूद 25-वर्षीय सोनल दिनुशा ने स्टाइल के साथ विश्व मंच पर अपने आगमन की घोषणा की, 264 गेंदें खेलकर 133 नाबाद रन बनाए और श्रीलंका के पिछलग्गू बैटर्स के साथ मिलकर एसएससी में खेल गए दूसरे टेस्ट में यादगार ड्रा की पटकथा लिखी। इस मैच में यह उनका दूसरा व श्रृंखला में तीसरा शतक था। कोलम्बो में उन्होंने पहली पारी में 101 रन बनाए थे, जबकि गाल टेस्ट में उनका स्कोर 100 व 84 था। वह छठे नंबर या उससे नीचे आकर दोनों पारियों में शतक लगाने वाले श्रीलंका के टी दिलशान (162 व 143 विरुद्ध बांग्लादेश, चट्टोग्राम, 2008-09), ऑस्ट्रेलिया के एलन बॉर्डर (150 नाबाद व 153, विरुद्ध पाकिस्तान, लाहौर, 1979-80), और श्रीलंका के मेंडिस (102 व 164 विरुद्ध बांग्लादेश, सिलहट, 2023-24) के बाद मात्र चौथे बैटर हैं। हालांकि कोलम्बो टेस्ट में सोनल की पारी व साहस की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है, लेकिन जीत की स्थिति को हाथ से निकालने और उसे ड्रा में बदलने के लिए भारत की कमजोर गेंदबाजी को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता, जिसकी वजह से भारत का अब विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लूटीसी) के फाइनल में पहुंचना अतिरिक्त कठिन हो गया है, बावजूद इसके कि उसने श्रीलंका के विरुद्ध यह श्रृंखला 1-0 से जीती। कप्तान शुभमन गिल का कहना है कि उन्हें विश्वास है कि भारत अब भी डब्लूटीसी के फाइनल में पहुंच जायेगा। उनके अनुसार, "मैं अब भी समझता हूं कि हमारे डब्लूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के बहुत अच्छे चांस हैं। अगर हम न्यूजीलैण्ड में अच्छा खेलें और फिर घर पर ऑस्ट्रेलिया से सीरीज जीत लें, तो हम क्वालीफाई करने के लिए अच्छी पोजीशन में होंगे।" गौरतलब है कि भारत पहले 2021 में विराट कोहली की कप्तानी में और फिर 2023 में रोहित शर्मा की कप्तानी में डब्लूटीसी के फाइनल में पहुंचा।




## तिथि विशेष

# राष्ट्रीय वन शहीद दिवस

राष्ट्रीय वन शहीद दिवस भारत में हर वर्ष 11 सितंबर को मनाया जाता है। यह दिवस उन वनकर्मियों और अन्य लोगों के बलिदान को याद करने का अवसर है, जिन्होंने जंगलों, वन्यजीवों और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर किए। यह दिन हमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी का एहसास कराता है। जंगल केवल पेड़-पौधों का समूह नहीं, बल्कि असंख्य वन्यजीवों का घर होने के साथ-साथ जलवायु संतुलन, वर्षा, मिट्टी संरक्षण और जैव विविधता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जंगलों की सुरक्षा के लिए वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी कठिन परिस्थितियों में कार्य करते हैं। इस अवसर पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम पेड़ों की रक्षा करेंगे, अधिक से अधिक पौधे लगाएंगे और वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास को सुरक्षित रखने में अपना योगदान देंगे। वन बचेंगे तो पर्यावरण बचेगा और पर्यावरण बचेगा तो हमारा भविष्य सुरक्षित रहेगा।



# सामयिक गीत

उमर छियत्तर वाला पीएम।, अन्धभक्त का पापा है।
जितना बूढ़ा समझ रहे हम, उससे अधिक बुढ़ापा है।
*कोई करे सबाल अगर चे, वह सबाल है नहीं पता।
तब जवाब कैसे आयेगा, इसमें उसकी नहीं खता।
कितनी भी मसाज करवाले, होती नहीं मसाजअक्ल।
फेस मसाज निरन्तर करती, आशा सिम्मी और लता।
नहीं जवानी वापस आती, फिर भी राग अलापा है।
जितना बूढ़ा समझ रहे हम, उससे अधिक बुढ़ापा है।
*सौ रुपया का मैडल लेने, दौड़ पड़े हैं पापा जी।
जयकारा तब विश्वगुरू का, गाय रहे जय झांसा जी।
इज्जत खोकर वापस लौटे, अन्धभक्त हर्षाय रहे।
कोई सच्ची बात कहे तो, खोय रहे हैं आपा जी।
घुस आया है चीन देश में, पाकिस्तानी काँपा है।
जितना बूढ़ा समझ रहे हम, उससे अधिक बुढ़ापा है।
*टीवी चैनल गोदी वाले, लम्बी लम्बी हाँक रहे।
सच्चे खुलकर बोल रहे हैं, झूठे बगलें झाँक रहे।
कर्जदार हैं नम्बर वन हम, विश्व पड़ा है चरणों में।
नफरत की दुनियां में जीते, मुफ़्ती राशन फाँक रहे।
जिसे दिमागी नक्सल कहते, उसने ही तो नापा है।
जितना बूढ़ा समझ रहे हम, उससे अधिक बुढ़ापा है।।

**ओमशर्मा एडवोकेट,
पूरनपुर- पीलीभीत**

## दूर द्वीपों से आया पान

# बन गया भारतीय संस्कृति का हिस्सा

**शाहिद ए. चौधरी**

> भगवान राम का संदेश लेकर जब हनुमानजी लंका की अशोक वाटिका में पहुंचे तो संदेश पाकर माता सीता अत्यधिक प्रसन्न हो गईं और वह इसके लिए हनुमानजी को कोई उपहार देना चाहती थीं। लेकिन उन्हें आसपास कोई फूल नहीं मिला, इसलिए उन्होंने पास के पौधे से पान के ताजा पत्ते तोड़े और उनका हार बनाकर हनुमानजी के गले में डाल दिया। चूंकि यह शुद्ध प्रेम का प्रतीक सीधा माता सीता की ओर से आया था, इसलिए हनुमानजी के लिए पान के पत्ते अति प्रिय हो गए, विशेषकर इसलिए कि यह सम्मान, शुद्धता व नई शुरुआत का प्रतिनिधित्व करते हैं। अतः पूजा के दौरान जब हनुमानजी को पान के पत्तों का हार अर्पित किया जाता है, तो वह अति प्रसन्न हो जाते हैं क्योंकि इससे उन्हें माता सीता की याद आ जाती है और भक्त को शांति व अच्छी सेहत मिलने के अतिरिक्त उसके समक्ष आने वाली बाधाएं भी दूर हो जाती हैं।

इमेज

पान, जिसे ऐतिहासिक दृष्टि से तम्बुला भी कहते हैं, का उल्लेख प्राचीन संस्कृत व तमिल साहित्य और पांचवीं शताब्दी के कालिदास के लेखन में भी मिलता है। प्राचीन आयुर्वेदिक ग्रंथों जैसे चरक संहिता में पान की तारीफ करते हुए बताया गया है कि यह पाचन में मदद करता है, श्वांस में ताजगी लाता है और शरीर के दोषों को संतुलित करता है। कामसूत्र में कहा गया है कि पान चबाने से रोमांस में वृद्धि होती है। इस पृष्ठभूमि में पान का भारतीय संस्कृति का अटूट हिस्सा बनना स्वाभाविक था और वह भी इस हद तक कि प्राचीन व मध्ययुग की हिंदू रियासतों (जैसे कन्नौज) में राजा के हाथों से पान हासिल करना बहुत बड़ा शाही सम्मान माना जाता था। स्वागत व विदाई में पान के पत्तों की संख्या से हैसियत मालूम होती थी- राजा को 32 पान, राजकुमार को 24 पान, ज्ञानी को 12 पान और साधारण व्यक्ति को 4 पान। औपचारिक समारोह में मेजबान दोनों हाथों से पान पेश करता। दूसरों के सामने पान खाना और उन्हें पेश न करना बदतमीजी में शुमार होता था। प्रतिद्वंदी से पान लेने के लिए मजबूर होना अपमान का घूंट पीना था। यही तर्क जाति पर भी लागू होता था कि निम्न जाति के व्यक्ति से पान लेना उच्च जाति के व्यक्ति को प्रदूषित करना समझा जाता था। महिला द्वारा पुरुष को पान देना उसे आमंत्रित करना था।

मुगलकाल में पान का सेवन ललित कला के स्तर तक पहुंच गया। चांदी व सोने के पानदान कुलीन जीवन का आवश्यक अंग बन गए। यूरोपीय यात्रियों जैसे थॉमस रो ने लिखा है कि बादशाह जहांगीर के अपने पानदान से पान मिलना जबरदस्त राजनयिक सम्मान का प्रतीक था। दिल्ली व लखनऊ के नवाबी दौर में पान शेर-ओ-शायरी, संगीत व तवाइफों की तहजीब का हिस्सा बन गया- पान खाएं सैंया हमारो, सांवली सूरतिया, होंठ लाल लाल/हाय हाय, मलमल का कुर्ता, मलमल के कुर्ते पे छींट लाल लाल। ब्रिटिशकाल में पान का कुलीन सांस्कृतिक स्टेट्स कम होने लगा। ब्रिटिश प्रशासनिक व सेनेटरी दृष्टिकोण के तहत पान को 'गंदी देशज प्रथा' के रूप में देखा जाने लगा। छाली व तम्बाकू युक्त पान खाने की आदत को मुंह व गले के कैंसर से जोड़ा जाने लगा। लेकिन इस 'कोलोनियल कलंक' के बावजूद पान खाने का सिलसिला जारी रहा, रोजमर्रा के स्ट्रीट फूड के रूप में (देश के लगभग हर शहर में आपको पनवाड़ी की दुकान मिल जायेगी), खाने के बाद हाजमे के लिए और मेहमाननवाजी के तौरपर शादियों, उत्सवों व समारोह में। पहले जहां सिर्फ तीन किस्म के पान खाए जाते थे- मीठा पान (गुलकंद, तिल, नारियल आदि युक्त), सादा पान (सिर्फ कत्था, चुना व छाली सहित) व जर्दा पान (तम्बाकू सहित) तो अब चॉकलेट, फ्रूट-फ्लेवर, फायर पान आदि भी आ गए हैं। पश्चिम बंगाल आदि में तो ऐसे पान भी बिकते हैं जिनके बारे में दावा किया जाता है कि वह यौन शक्ति में वृद्धि करते हैं। सुहागरात पर इन्हें खाने का विशेष चलन है। इनकी कीमत प्रति पान 5,000 रूपये या उससे अधिक होती है। बहरहाल, दिलचस्प बात यह है कि पान भारतीय पौधा नहीं है। यह इण्डोनेशिया के द्वीपों व मलय प्रायद्वीप से पानी के व्यापारी जहाजों के जरिये भारत आया। कर्नाटक के बेलूर में चेन्नाकेशव मंदिर (जिसका निर्माण 12वीं शताब्दी में होयसल राजवंश ने कराया था) की बाहरी दीवारों पर एक महिला को पान के पत्ते लिए हुए दर्शाया गया है, जिससे मालूम होता है कि पान को भारत में कितनी जल्दी स्वीकृति मिली और अब कोई हिंदू समारोह इसके बिना पूर्ण नहीं होता है। पौराणिक कथाओं व संस्कृति पर लगभग 50 पुस्तकों के लेखक देवदत्त पटनायक ने लिखा है कि वैदिक संहिताओं, रामायण या महाभारत में कहीं भी पान का जिक्र नहीं है क्योंकि यह उस संसार का हिस्सा था ही नहीं। उनके अनुसार, पान का पत्ता व छाली संस्कृत ग्रंथों में आने से पहले पूर्वी व दक्षिण भारत में पॉपुलर थे। तमिल संगम कविता 2,000 वर्ष पुराने संसार को बयान करती है जो पान से परिचित थी। पातिप्पलाई कविता में पुहार के व्यस्त बाजारों का वर्णन है, जहां पान के पत्ते बेचे जाते थे। मदुरैकांची कविता में पान की खेती व बिक्री का जिक्र मिलता है, जबकि कुसुंटोकाई कविता में बताया गया है कि छाली के साथ पान पेश करना मेजबानी व प्रेम का प्रतीक था। असम में मेहमान को सबसे पहले छालियां या सुपारी पेश की जाती थीं। भूटान में जब भी दो लोग मिलते तो 'डोमा ज्हेस' कहते।



## वायरल

# गुरुग्राम में कामवाली बाई निकली मालकिन से ज्यादा अमीर!

गुरुग्राम से एक ऐसी दिलचस्प कहानी सामने आई है, जिसे पढ़कर बड़े-बड़े ऑफिस वाले भी सोचने पर मजबूर हो गए हैं। यहां एक घर में काम करने वाली महिला हर महीने 60 हजार रुपए कमा रही है। ये खुलासा गुरुग्राम के रहने वाले शिव मित्तल ने किया है। उन्होंने लिंक्डइन पर अपनी पोस्ट में बताया कि उनकी हाउस हेल्प ने उन्हें पैसों का असली मतलब समझा दिया। उनकी पोस्ट अब खूब वायरल हो रही है। शिव मित्तल ने बताया कि वो महिला दिन में 5 से 6 घरों में काम करती है। महीने में सिर्फ 3 से 4 दिन की छुट्टी लेती है। इसी मेहनत से वो हर महीने करीब 60 हजार रुपए कमा लेती है। वायरल पोस्ट के मुताबिक, कामवाली बाई 60 हजार में से 10 हजार रुपए किराए पर देती है। वह अपनी बेटी को प्राइवेट स्कूल में पढ़ा रही है। इसके अलावा उसने अपने गांव में 6 लाख की जमीन ली है, जिसकी किस्त भी वो इसी कमाई से भर रही है। हम लोग महंगे फोन, कार और ब्रांडेड कपड़ों के लिए किस्त भरते रहते हैं। वहीं इस महिला की कोई फिजूलखर्ची नहीं है। न पीएफ है, न इंश्योरेंस, फिर भी उसे पता है कि पैसा कहां लगाना है। उसका एक ही सपना है, बस बेटी का भविष्य सुरक्षित करना। इस पोस्ट के वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। कई लोग बोल रहे हैं कि ये महिला तो हमसे ज्यादा समझदार है, हम दिखावे में पैसा उड़ाते हैं। वहीं कुछ लोग कह रहे हैं कि कॉर्पोरेट नौकरी जैसी मेडिकल सिक्योरिटी इन मेहनतकश लोगों के पास नहीं होती, एक बीमारी इनकी सारी बचत खा जाएगी, इसलिए दोनों की तुलना करना पूरी तरह सही नहीं है।



## X का एक्सरे

अंतरिक्ष की संभावनाएं असीम हैं, लेकिन जिम्मेदारी सामूहिक है। जैसे-जैसे अंतरिक्ष की कक्षाएं ज्यादा भीड़भाड़ वाली हो रही हैं, तकनीक अधिक ताकतवर बन रही है। अंतरिक्ष क्षेत्र में काम करने वाले देशों तथा दूसरे पक्षों की संख्या बढ़ने के साथ ही दुनिया के फैसले भी स्पष्ट होने चाहिए।



**नरेंद्र मोदी**

जब दूश्यम का दूसरा पार्ट रिलीज होने वाला था, वो कोविडमहामारी के बाद का वक्त था। वहीं कोविड के दौर में मलयालम वर्जन पहले ही रिलीज हो चुका था। उस समय कई लोग और मेरे कुछ दोस्तों ने मुझसे कहा कि यह फिल्म तो पहले ही आ गई है, अब इसे कौन देखने जाएगा?



**तब्बू**

बीआरएस विधायकों को विधानसभा से इसलिए निलंबित किया गया, ताकि वे मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के भाई से जुड़ी कंपनी को कथित तौर पर 200 करोड़ रुपये की जमीन आवंटित किए जाने का मुद्दा सदन में न उठा सकें। विपक्षी विधायक जनता से जुड़े सवाल सदन में उठाना चाहते थे।



**के. टी. रामाराव**

अगर भाई आंदोलन कर रहा है, तो बहन को इस समय खाने के लिए नहीं बुलाना चाहिए। भाई को परेशानी होगी। बहन को इस बारे में सोचना चाहिए और मुझे भाऊबीज पर बुलाना चाहिए... मैं (उनके लिए) साड़ी लेकर जाऊंगा, और यह मेरा वादा है।



**मनोज जरांगे पाटिल**

**एक नजर**

### आकाश आनंद को सपा के बाद कांग्रेस का ऑफर

**लखनऊ (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी से निष्कासित पूर्व चीफ कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद की अगली सियासी पारी को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। सपा के बाद अब कांग्रेस की ओर से भी उन्हें पार्टी में शामिल होने का ऑफर मिला है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पहले ही कह चुके हैं कि यदि कोई आकाश आनंद को लेकर आता है तो उन्हें समाजवादी पार्टी में शामिल कर लिया जाएगा। वहीं, कांग्रेस के दलित नेता और पूर्व सांसद उदित राज ने आकाश आनंद को कांग्रेस में शामिल होने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि यदि आकाश कांग्रेस में आना चाहते हैं तो वह उनकी राहुल गांधी से मुलाकात करा सकते हैं। हालांकि, यह प्रस्ताव फिलहाल उदित राज की व्यक्तिगत पहल है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की ओर से आकाश आनंद को पार्टी में शामिल करने को लेकर अभी कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

## युवाओं को जॉब सीकर नहीं, जॉब क्रिएटर बनने का संदेश

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार 'आत्मनिर्भर यूपी' के विजन को धरातल पर उतारने और युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में फिरोज गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में 'यूपी राइजः संवाद, संकल्प, सफलता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं की सोच में बदलाव लाना और उन्हें नौकरी तलाशने वाले जॉब सीकर के बजाय रोजगार देने वाले जॉब क्रिएटर बनने के लिए प्रेरित करना रहा।



कार्यक्रम में ग्लोबल टैक्सपेयर्स ट्रस्ट के चेयरमैन एवं जीएसटी ग्रीवांस रिड्रेसल कमेटी के सदस्य मनीष खेमका ने प्रदेश के तेजी से विकसित हो रहे स्टार्टअप इकोसिस्टम की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के पास दुनिया की सबसे बड़ी युवा वर्कफोर्स है, जो राज्य की सबसे बड़ी ताकत और वास्तविक डेमोग्राफिक डिविडेंड है। उन्होंने युवाओं से नवाचार, तकनीक और उद्यमिता को अपनाकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में लगभग 120 स्टार्टअप पंजीकृत थे, जबकि वर्तमान में यह संख्या 24 हजार से अधिक हो चुकी है। इनमें करीब 50 प्रतिशत स्टार्टअप का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं। प्रदेश में आठ यूनिकॉर्न स्टार्टअप भी स्थापित हो चुके हैं। इससे राज्य में युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर तेजी से बढ़े हैं। कार्यक्रम में स्टार्टअप नीति 2026 के तहत युवाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं पर भी प्रकाश डाला गया। इसके तहत स्टार्टअप्स को प्रतिमाह 20 हजार रुपये का सस्टेनेंस एलाउंस, 10 लाख रुपये तक का प्रोटोटाइप अनुदान और 15 लाख रुपये तक की सीड कैपिटल उपलब्ध कराई जा रही है। इन योजनाओं का उद्देश्य युवाओं को अपने नए विचारों को व्यवसाय में बदलने के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करना है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से किए गए सुधारों की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि 65 विभागों के 4,675 पुराने और जटिल नियमों को समाप्त किया गया है। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश में कारखानों की संख्या करीब 14 हजार से बढ़कर 31 हजार से अधिक हो गई है। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को स्टार्टअप, स्वरोजगार और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़कर 'आत्मनिर्भर यूपी' के निर्माण में भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया गया।

### मेडिकल कॉलेजों में 1606 करोड़ की 65 परियोजनाएं तैयार

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में मेडिकल एजुकेशन के विस्तार के बाद योगी सरकार चिकित्सा संस्थानों के बुनियादी ढांचे को हाईटेक करने जा रही है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के तहत प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में 1,606.83 करोड़ रुपये की 65 परियोजनाएं शिलान्यास और लोकार्पण के लिए तैयार हैं। इनमें 1,400.70 करोड़ की 44 नई परियोजनाओं का शिलान्यास और 206.13 करोड़ की 21 परियोजनाओं का लोकार्पण होगा। लखनऊ के RML आयुर्विज्ञान संस्थान के नए परिसर में 855.04 करोड़ रुपये से 1010 बेड का अस्पताल प्रस्तावित है। गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में 43.68 करोड़ से आधुनिक कैंटीन और कानपुर में 49.40 करोड़ से संक्रामक रोग चिकित्सालय बनाया जाएगा।

## मीडिया संवाद में यूपी-केरलम के बीच सहयोग पर जोर

**लखनऊ (एजेंसी)।** पत्र सूचना कार्यालय, लखनऊ (पीआईबी) और उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संयुक्त तत्वावधान में केरलम के मीडिया प्रतिनिधियों के साथ 'मीडिया संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन निदेशक सूचना विशाल सिंह और पीआईबी लखनऊ के निदेशक दिलीप कुमार शुक्ल के दिशा-निर्देशन में हुआ। इसका उद्देश्य दोनों राज्यों के मीडिया प्रतिनिधियों के बीच संवाद, अनुभवों के आदान-प्रदान तथा संस्कृति, विकास यात्रा और मीडिया कार्यप्रणाली को समझने के लिए मंच उपलब्ध कराना था।

संवाद के दौरान 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत करने के साथ दोनों राज्यों के बीच आपसी समझ और सहयोग बढ़ाने

▶ पीआईबी और सूचना विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संवाद

पर जोर दिया गया। पीआईबी लखनऊ के नेतृत्व में केरलम के प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया संस्थानों के पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल लखनऊ दौरे पर है। मीडिया संवाद में प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश की संस्कृति, विकास और शासन व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। विशेष रूप से केरलम के पत्रकारों ने उत्तर प्रदेश में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था के मॉडल को समझा। उन्होंने कानून-व्यवस्था मजबूत करने के लिए किए गए ठोस प्रयासों की जानकारी ली। साथ ही सरकार और जनता के बीच संवाद तथा फीडबैक मैकेनिज्म पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

### यूपी में 13 रियल एस्टेट प्रोजेक्ट मंजूर

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी रेरा ने लखनऊ समेत छह जिलों की 13 नई रियल एस्टेट परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं में करीब 2,380.04 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इसके साथ ही 4,724 आवासीय एवं व्यावसायिक इकाइयों का निर्माण किया जाएगा। परियोजनाओं को स्वीकृति यूपी रेरा मुख्यालय में शुक्रवार को हुई प्राधिकरण की 212वीं और 213वीं बैठकों में दी गई। यूपी रेरा अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बताया कि अनुमानित निवेश के मामले में बाराबंकी सबसे आगे रहा। जिले में 751.42 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश वाली दो आवासीय परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इन परियोजनाओं से निर्माण क्षेत्र को गति मिलने के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ने की उम्मीद है।

## दुबग्गा फ्लाईओवर: 5 लाख लोगों को मिलेगी जाम से राहत

**लखनऊ (एजेंसी)।** दुबग्गा फ्लाइओवर के निर्माण में बाधा बनी मंडी परिषद और वन विभाग की जमीन को लेकर रास्ता साफ हो गया है। फ्लाइओवर के निर्माण के लिए करीब 20 हजार वर्ग मीटर जमीन का उपयोग किया जाएगा। जमीन का सत्यापन शनिवार से शुरू करने की तैयारी है। सत्यापन के दौरान उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम, मंडी परिषद और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके का निरीक्षण करेगी।

फ्लाइओवर निर्माण के लिए मंडी परिषद की 4,669 वर्ग मीटर और वन विभाग की 6,500 वर्ग मीटर जमीन सेतु निगम को दी जा रही है। इसके एवज में प्रशासन की ओर से संबंधित विभागों को करीब 40

▶ सेतु निगम, मंडी परिषद और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम करेगी निरीक्षण

करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा। जमीन के सत्यापन के बाद निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया तेज होने की उम्मीद है। दुबग्गा फ्लाइओवर के निर्माण से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद है। फ्लाइओवर बनने के बाद रोजाना आवागमन करने वाले पांच लाख से अधिक लोगों को राहत मिलने की संभावना है। साथ ही दुबग्गा क्षेत्र में लगने वाले जाम से भी काफी हद तक निजात मिलने की उम्मीद है। परियोजना को लेकर संबंधित विभागों ने आवश्यक प्रक्रिया तेज कर दी है।

### यूपी में बारिश और आंधी का अलर्ट

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में तेज बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने कई जिलों में आंधी और तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। बीते 24 घंटे में पूर्वी यूपी के कायमगंज में आठ सेंटीमीटर और पश्चिमी यूपी के बिजनौर में सात सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई। कई क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश की संभावना जताई है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में 11 से 17 सितंबर तक कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इस दौरान गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलने की भी संभावना है। मौसम के बदलते मिजाज को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## कर्मयोग से बढ़ेगी कर्मचारियों की कार्यकुशलता

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और पारदर्शी बनाने के साथ योगी सरकार अब शिक्षकों और अधिकारियों की कार्यकुशलता बढ़ाने पर भी जोर दे रही है। इसी क्रम में 'मिशन कर्मयोगी' पोर्टल के माध्यम से बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए न्यूनतम दो कोर्स पूरा करना अनिवार्य किया गया है। इसका उद्देश्य विभागीय कार्यसंस्कृति में निरंतर सीखने और कौशल विकास की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना है।

स्कूल शिक्षा महानिदेशक मोनिका रानी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी कार्यालयाध्यक्ष स्वयं भी निर्धारित कोर्स पूरा करेंगे और अपने अधीन कार्यरत कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी सुनिश्चित कराएंगे। इसके लिए विभागीय स्तर पर प्रशिक्षण प्रक्रिया की नियमित निगरानी की जाएगी। विशेष रूप से उन अधिकारियों और कर्मचारियों पर फोकस रहेगा, जिन्होंने अभी तक मिशन कर्मयोगी पोर्टल पर कोई कोर्स पूरा नहीं किया है या जिनका प्रशिक्षण अधूरा है। नई व्यवस्था के तहत कर्मचारियों को उनकी जिम्मेदारियों और कार्यक्षेत्र से संबंधित प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। इससे कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ाने के साथ विभागीय सेवाओं को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने में मदद मिलेगी। सरकार का प्रयास है कि शिक्षा विभाग में काम करने वाले प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी नई तकनीक, प्रशासनिक प्रक्रियाओं और बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप अपने कौशल को लगातार विकसित करें। इस पहल की खास बात यह है कि प्रशिक्षण को केवल उच्च कार्यालयों तक सीमित नहीं रखा जाएगा। इसका लाभ विद्यालय स्तर तक पहुंचाने की योजना है। विभागीय अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के प्रशिक्षण की जिम्मेदारी भी दी गई है। इससे जिला, ब्लॉक और विद्यालय स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों को भी डिजिटल माध्यम से सीखने और अपने कार्य कौशल को बेहतर बनाने का अवसर मिलेगा। सरकार का मानना है कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार केवल संसाधनों और तकनीकी बदलावों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए जिम्मेदार मानव संसाधन का दक्ष और प्रशिक्षित होना भी जरूरी है। मिशन कर्मयोगी के माध्यम से लगातार प्रशिक्षण देकर विभागीय कार्यप्रणाली को अधिक सक्षम, जवाबदेह और परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में कदम उठाया जा रहा है।

### आईटीआई प्रवेश का द्वितीय चरण परिणाम जारी

**लखनऊ (एजेंसी)।** प्रदेश के राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश के लिए द्वितीय चरण का चयन परिणाम जारी कर दिया गया है। सत्र 2026 के छह माह, 2026-27 के एक वर्षीय और 2026-28 के दो वर्षीय पाठ्यक्रमों के लिए अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। चयनित अभ्यर्थियों को 12 से 17 सितंबर तक संबंधित आईटीआई में प्रवेश लेना होगा। अभ्यर्थी अपना परिणाम राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद और व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग की वेबसाइट पर देख सकते हैं। पंजीकरण संख्या और जन्मतिथि दर्ज करने पर चयनित अभ्यर्थी बुलावा पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। चयन की सूचना पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भी दी जाएगी।

## चार विद्यार्थियों का जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** सीमांत क्षेत्र स्थित शहीद हरि किशन शिक्षण संस्थान, अशोक फार्म के चार प्रतिभावान विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यार्थियों के चयन से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। चयनित खिलाड़ियों में कक्षा सात के हितेश, कक्षा आठ के अमन तथा कक्षा नौ के प्रियांशु और अनिकेत मंडल शामिल हैं। सभी चयनित खिलाड़ी 14 से 16 सितंबर तक रुद्रपुर स्थित जनता इंटर कॉलेज में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। विद्यार्थियों के चयन

▶ 14 से 16 सितंबर तक रुद्रपुर में आयोजित होगी जिला स्तरीय प्रतियोगिता



पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुदर्शन सहित सहायक अध्यापिका प्रेमा, नीलम एवं हिमांशु तिवारी ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने चयनित खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि को गौरवपूर्ण बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पत्रकार बैठक: खटीमा ब्लॉक सभागार में आज

**खटीमा।** प्रेस क्लब के गठन एवं पत्रकारों के हितों की सुरक्षा को लेकर खटीमा के पत्रकारों की बैठक 12 सितंबर शनिवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक का उद्देश्य असंगठित पत्रकारों को एक मंच पर लाकर उन्हें संगठित करना और पत्रकार हितों के लिए प्रभावी तरीके से कार्य करना है। वरिष्ठ पत्रकारों के नेतृत्व में युवा, कर्मठ एवं जुझारू पत्रकारों को संगठन से जोड़कर आगे बढ़ाने की पहल की जा रही है। बैठक में पत्रकारों से संगठन के गठन और आगामी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया जाएगा। ब्लॉक सभागार में सुबह 11 बजे आयोजित बैठक में क्षेत्र के सभी पत्रकारों को सादर आमंत्रित किया गया है।

## 38 हजार उपभोक्ताओं ने अपनाए स्मार्ट मीटर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** उत्तराखंड पावर कारपोरेशन के उपखंड क्षेत्र में लगभग 55,000 उपभोक्ताओं के सापेक्ष लगभग 38,000 उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। उपखंड अधिकारी आलोक सचान ने बताया कि स्मार्ट मीटर की सुविधाओं को अब उपभोक्ता समझने लगे हैं। इसलिए धीरे-धीरे स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया बढ़ने लगी है। स्मार्ट मीटर के संबंध में अधिशासी अभियंता सीएस बस्नैत ने बताया कि उपभोक्ताओं में मीटर के प्रति जागरूकता बढ़ने लगी है। ईई बस्नैत ने यह भी बताया नये कनेक्शन धारकों को नए स्मार्ट मीटर ही दिए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं को मिलने वाले भारी भरकम विद्युत बिलों के सवाल पर उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की अधिक रीडिंग की शिकायत पर कार्रवाई की जा रही है। उपभोक्ताओं को अधिक राशि के विद्युत बिल न मिले इसकी कोशिश की जा रही है। इधर ऊर्जा निगम के अवर अभियंता पवन उप्रेती ने बताया कि सीमांत क्षेत्र में बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में छापेमारी की जा रही है माह अगस्त में 25 लोगों के विरुद्ध बिजली चोरी के मामले दर्ज किए गए हैं। बावजूद इसके बिजली चोरी के मामले में कमी नहीं आ सकी। चोरी रोकने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि माह अगस्त से अब तक 50 उपभोक्ताओं के घरों में बिजली चोरी को लेकर छापे मारे गए जिसमें से 25 लोग बिजली चोरी करते पाए गए।

### अनुदानित मदरसों में चंदा वसूली पर सख्ती

**लखनऊ (एजेंसी)।** राज्य से अनुदान प्राप्त करने वाले मदरसों में चंदा, जकात, सदका और फितरा के नाम पर धन संग्रह किए जाने की शिकायतों पर शासन ने सख्ती दिखाई है। शासन ने सभी जिलों से तीन दिन के भीतर रिपोर्ट तलब की है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों ने संबंधित मदरसों के प्रबंधकों से चंदा संग्रह और उसके इस्तेमाल का पूरा ब्योरा मांगा है। प्रदेश में 558 अनुदानित मदरसे संचालित हैं। इनमें से कई मदरसों पर अवैध रूप से चंदा एकत्र करने के आरोप लगाए गए हैं। शासन ने अधिकारियों को मामले की जांच कर निर्धारित समय में रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। धन संग्रह में अनियमितता मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

## IRCTC का तोहफा: लखनऊ से कश्मीर का सस्ता टूर पैकेज

**लखनऊ (एजेंसी)।** भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने पर्यटकों के लिए 'जन्नत-ए-कश्मीर' हवाई टूर पैकेज लांच किया है। पांच रात और छह दिन का यह टूर तीन से आठ अक्टूबर तक आयोजित होगा। यात्रियों के लिए लखनऊ से श्रीनगर आने-जाने की व्यवस्था फ्लाइट से की गई है। ठहरने और खानपान की सुविधा तीन सितारा होटल तथा हाउस बोट में उपलब्ध कराई जाएगी।

यात्रा के दौरान पर्यटकों को डल झील, खिलनमर्ग, बेताब घाटी, चंदनवारी, अरु घाटी, शंकराचार्य मंदिर, मुगल गार्डन, निशात बाग, चश्मेशाही, शालीमार गार्डन और हजरतबल दरगाह का भ्रमण कराया जाएगा। गोंडोला केबल कार की सुविधा सीधे भुगतान के आधार पर उपलब्ध होगी।

आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि दो व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर प्रति यात्री 43 हजार रुपये और तीन व्यक्तियों के साथ ठहरने पर प्रति व्यक्ति 41,500 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। पैकेज की बुकिंग गोमती नगर स्थित पर्यटन भवन के आईआरसीटीसी कार्यालय और वेबसाइट के माध्यम से की जा सकती है। इच्छुक पर्यटक हेल्पडेस्क नंबर 8287930912 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

## लोहियाहेड मोटर मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण को 6.13 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ वन विभाग चुंगी से सुखापुल तक सड़क के चौड़ीकरण और सुंदरीकरण से जाम की समस्या से मिलेगी राहत

▶ मॉर्निंग वॉक के लिए मार्ग के दोनों ओर फुटपाथ का भी होगा निर्माण : एई पीपी तिवारी

**खटीमा।** सीमांत क्षेत्र के लोगों के लिए राहत की खबर है। राज्य योजना के अंतर्गत जनपदठ ऊधमसिंहनगर के विधानसभा क्षेत्र खटीमा में ओल्ड एनएच-125 से सुखापुल होते हुए लोहियाहेड मोटर मार्ग के सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य के लिए 6 करोड़ 13 लाख 48 हजार रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। लोक निर्माण विभाग की ओर से जारी स्वीकृति पत्र के अनुसार प्रस्तावित मार्ग की लंबाई करीब 6.400 किमी है, जबकि इसकी कुल अनुमानित लागत 6 करोड़ 22 लाख 12 हजार रुपये आंकी गई है। शासन स्तर से परीक्षण के बाद 6 करोड़ 13 लाख 48 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में कार्य के लिए प्रारंभिक रूप से 10 हजार रुपये की धनराशि भी स्वीकृत की गई है। लोहियाहेड मोटर मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण से वन विभाग चुंगी से सुखापुल क्षेत्र तक आवागमन सुगम होने की उम्मीद है। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता पीपी तिवारी ने बताया कि इस मार्ग के दोनों ओर मॉर्निंग वॉक करने वालों के लिए फुटपाथ का भी निर्माण होगा। विशेष रूप से स्कूलों के समय मार्ग पर लगने वाले लंबे जाम से लोगों को राहत मिल सकती है। सड़क के बेहतर होने से स्थानीय लोगों, विद्यार्थियों और अन्य वाहन चालकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। क्षेत्रवासियों ने सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है। लोगों का कहना है कि लंबे समय से इस मार्ग पर यातायात दबाव और जाम की समस्या बनी हुई थी। सड़क के चौड़ीकरण से क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में सुधार के साथ ही आवागमन अधिक सुगम होगा। लोक निर्माण विभाग को स्वीकृत शर्तों के अनुरूप कार्यवाही करते हुए निर्माण कार्य को आगे बढ़ाना होगा।

### सरस्वती एकेडमी में स्पेल बी कॉम्पिटिशन

**खटीमा।** सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में कक्षा आठ के विद्यार्थियों के लिए 'स्पेल बी एक्टिविटी' का आयोजन किया गया। गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में अंग्रेजी शब्दों की सही वर्तनी, शब्द-ज्ञान, उच्चारण, सुनने की क्षमता तथा आत्मविश्वास का विकास करना रहा। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और अपनी अंग्रेजी शब्दावली एवं स्पेलिंग स्किल्स का प्रदर्शन किया। गतिविधि के दौरान विद्यार्थियों ने दिए गए शब्दों की सही वर्तनी और उच्चारण के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय की इस पहल से विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ-साथ सीखने की भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को भी प्रोत्साहन मिला।

## कांग्रेस कार्यालय में रेहान अंसारी का भव्य स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग में रेहान अंसारी को प्रदेश सचिव नियुक्त किए जाने पर कांग्रेस कार्यालय खटीमा में स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। विधायक भुवन कापड़ी सहित कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रेहान अंसारी का फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि रेहान अंसारी लंबे समय से संगठन में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उनकी सक्रियता और अनुभव से पार्टी संगठन को मजबूती मिलेगी तथा कांग्रेस की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग



रेहान अंसारी के प्रदेश सचिव बनने पर स्वागत करते विधायक एवं कांग्रेसी कार्यकर्ता।

मिलेगा। स्वागत समारोह में रेहान अंसारी ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, विधायक भुवन कापड़ी और सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। संगठन को मजबूत करने और कांग्रेस की नीतियों को आमजन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मजबूत करने और भुवन कापड़ी व गोपाल राणा की जीत के लिए पूरी ताकत से कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष खटीमा विनोद चंद, ब्लॉक अध्यक्ष बंडिया-मझोला सतपाल राणा, राजकिशोर सक्सेना, नासिर खान, गुफरान रजा, बीना राणा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पंकज टम्टा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष दीपक चंद, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अरविंद कुमार, जरीफ, तरनवीर सिंह, तारिक खान, प्रदीप सिंह, आसिफ अंसारी, करमजीत (सोनी), अनिरुद्ध, सुभाष कुशवाह, विक्रम, सोहिल अंसारी, अरविंदर सिंह, तेज्जी, अनमोल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।





## एक नजर

### वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश चंद्र श्रीवास्तव का निधन

**पीलीभीत।** जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश चंद्र श्रीवास्तव के निधन पर शुक्रवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय कक्ष में फुल कोर्ट रेफरेंस हुआ । उनके निधन से अधिवक्ताओं में शोक की लहर है। जिला संयुक्त बार, सेंट्रल बार और सिविल बार एसोसिएशन की संयुक्त शोकसभा में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सर्वसम्मति से शोक प्रस्ताव पारित किया गया, दोपहर 3 :30 बजे जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय कक्ष में शोक सभा आयोजित हुई। शोक सभा मैं तीनों बारो के अध्यक्ष और महासचिव के अलावा विवेक पांडे, पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता काजी रिफाकत हुसैन, नीरज जायसवाल सर्वेश तिवारी आदि अन्य कई अधिवक्ता शामिल हुए।

# वन शहीद दिवस पर टाइगर रिजर्व में अमर शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

## खेजड़ली नरसंहार के बलिदान को किया याद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** वन शहीद दिवस के अवसर पर टाइगर रिजर्व के 'शहीद कुन्दन लाल सभागार' में एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह, उप प्रभागीय वनाधिकारी (माला) रूद्रप्रताप सिंह, विश्व प्रकृति निधि के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार, वन्य जीव जैव विविधता संरक्षण समिति के महासचिव डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री, सहित टाइगर रिजर्व के समस्त स्टाफ ने भाग लिया। सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और गणमान्य नागरिकों ने अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए



वन शहीद दिवस पर अमर शहीदों के चित्र पर पुष्प श्रद्धांजलि अर्पित करती महिलाएं।

प्राणों की आहुति देने वाले अमर वन शहीदों को याद कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा के दौरान टाइगर रिजर्व और आसपास के क्षेत्रों में अपने कर्तव्यों की बलिबेदी पर प्राण न्योछावर करने वाले वीरों के अदम्य साहस को याद किया गया। इनमें हरीपुर रेंज के वन रक्षक स्वर्गीय कुन्दन लाल का स्मरण किया गया, जिन्होंने 5 अगस्त 13 को लकड़ी तस्करों से लोहा लेते हुए अपनी जान गँवा दी थी। साथ ही 25 अप्रैल 18 को ड्यूटी के दौरान सड़क दुर्घटना में शहीद हुए बराही रेंज के वन दरोगा स्वर्गीय करूणेश कुमार, फरीदपुर रेंज में जंगली हाथियों से आमजन की सुरक्षा करते हुए शहीद हुए वन रक्षक स्वर्गीय हेमन्त कुमार तथा माला रेंज में वनाग्नि नियंत्रण के दौरान बाघ के हमले में शहीद हुए वॉचर स्वर्गीय ताराचन्द्र के बलिदान को नमन किया गया। कार्यक्रम में प्रमोद कुमार, सर्वेश कुमार, नरेश कुमार तथा नवनीत यादव ने वन शहीदों के कर्तव्यबोध, समर्पण और इस दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने वन शहीदों के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त करते हुए उनके त्याग को संपूर्ण वन विभाग के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने जानकारी दी कि हर साल 11 सितंबर को जंगलों और वन्यजीवों की रक्षा में प्राण देने वाले वन कर्मियों व नागरिकों की याद में राष्ट्रीय वन शहीद दिवस मनाया जाता है।

# जंगली हाथी ने सोनपापड़ी की दुकान तहस-नहस, रमनगरा-पूरनपुर मार्ग पर देर रात मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कलीनगर।** रमनगरा से पूरनपुर जाने वाले मुख्य मार्ग पर देर रात एक जंगली हाथी के पहुंचने से ग्रामीणों और राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। हाथी ने बाइफरकेशन बीट स्थित कॉलोनी के पास पप्पू कश्यप की सोनपापड़ी की झोपड़ीनुमा दुकान को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। बताया गया कि पप्पू कश्यप काफी समय से इसी स्थान पर सोनपापड़ी की दुकान लगाकर परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। उनकी दुकान पर आसपास के ग्रामीणों के अलावा रमनगरा-पूरनपुर मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों और उत्तराखंड से आने-जाने वाले यात्रियों की भी आवाजाही रहती है। जंगल की ओर से निकला हाथी अचानक दुकान के पास पहुंच गया। हाथी ने झोपड़ी को तोड़कर सामान को अस्त-व्यस्त कर दिया। इसके बाद



जंगली हाथियों ने उजाड़ दिया। –जागरण मोर्चा

वह वन विभाग की चौकी के पीछे से होते हुए जंगल की ओर चला गया। संयोग से घटना के समय दुकान के अंदर कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। शुक्रवार सुबह जब पप्पू कश्यप मौके पर पहुंचे तो दुकान की टूटी झोपड़ी और आसपास हाथी के पैरों के निशान देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल मामले की सूचना वन विभाग को दी। रिहायशी क्षेत्र और मुख्य मार्ग के पास जंगली हाथी की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, मुख्य मार्ग पर निगरानी रखने और हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षा के ठोस इंतजाम नहीं किए गए तो भविष्य में कोई गंभीर हादसा हो सकता है।

# सांप देखकर मचा हड़कंप, वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पकड़ा



घर में घुसे सांप को पकड़ते वन विभाग के कर्मचारी। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** नगर के पटेल नगर कॉलोनी में अचानक सांप निकल आने से लोगों में हड़कंप मच गया। सांप को देखकर आसपास मौजूद लोग घबरा गए और तत्काल वन विभाग को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग के दरोगा वसीम अमरोही ने टीम के साथ सावधानीपूर्वक सांप को पकड़कर सुरक्षित अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद सांप को आबादी क्षेत्र से दूर जंगल में छोड़ने के लिए ले जाया गया।सांप के सुरक्षित रेस्क्यू होने के बाद कॉलोनीवासियों ने राहत की सांस ली। लोगों ने समय पर मौके पर पहुंचकर सांप को सुरक्षित पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम और दरोगा वसीम अमरोही के कार्य की सराहना की। स्थानीय लोगों ने कहा कि टीम ने तत्परता दिखाते हुए किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को टाल दिया।

# पर्यावरण बचाने की सीख के साथ बच्चों को मिला सम्मान डीएफओ ने कराई जंगल सफारी की घोषणा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति बच्चों को जागरूक करने के उद्देश्य से कंपोजिट विद्यालय बरहा में आयोजित क्विज एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को शुक्रवार को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डीएफओ मनीष सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि सामाजिक वानिकी के डीएफओ भरत कुमार डीके विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद बच्चों ने मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय में 9 सितंबर को पर्यावरण संरक्षण विषय पर क्विज



छात्रों को पुरस्कृत करते सामाजिक वानिकी के डीएफओ भारत कुमार एवं डीएफओ मनीष सिंह। –जागरण मोर्चा

एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई थी, जिसमें कक्षा छह, सात और आठ के दो सौ से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था। क्विज प्रतियोगिता में कक्षा छह से राधिका ने प्रथम, वंश गंगवार ने द्वितीय और कुमकुम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सात में इशिका प्रथम, तैयब द्वितीय तथा संजना और ओमना संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा आठ में आदित्य प्रथम, अंशिका और सुमित कुमार संयुक्त रूप से द्वितीय तथा सोनाली राठौर, रौनक और काजल वर्मा तृतीय स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। डीएफओ सामाजिक वानिकी भरत कुमार डीके ने बच्चों को चिपको आंदोलन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। वहीं, डीएफओ मनीष सिंह ने बच्चों को वन्यजीवों और जंगलों के महत्व के बारे में बताया तथा अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान उन्होंने नवंबर में पर्यटन सत्र शुरू होने के बाद विद्यालय के बच्चों को जंगल सफारी के माध्यम से पीलीभीत टाइगर रिजर्व का भ्रमण कराने की घोषणा भी की। इस घोषणा से बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका गीता कुमारी ने किया। प्रधानाध्यापिका ममता गंगवार ने अतिथियों और सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षक संतोष कुमार खरे, रमेश चंद्र, पवन जायसवाल, सबीहा परवीन, मीना कुमारी, किरण गंगवार, मनविंदर कौर, गायत्री देवी और रूबी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## संक्षेप समाचार

### बरखेड़ पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के अभियोग में वांछित दो अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बरखेड़ा।** मेला देखने जा रहे 17 वर्षीय किशोर पर रास्ते में दो युवकों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। गर्दन पर गंभीर चोट लगने से किशोर लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बरखेड़ा क्षेत्र निवासी 17 वर्षीय सुरजीत पुत्र दिनेश कुमार गंजरहा से मेला देखने के लिए पिपरिया मंडन जा रहा था। मेला स्थल से कुछ दूरी पहले रास्ते में दो युवकों ने उसे रोक लिया। बातचीत के दौरान आरोपियों ने अचानक चाकू से उस पर हमला कर दिया। गर्दन पर वार लगने से वह गंभीर रूप से घायल होकर अचेत हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरखेड़ा में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना के संबंध में घायल के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अरोपी सुमित उर्फ पप्पू पुत्र नन्हे उर्फ डब्लू,अमित उर्फ छोटू पुत्र नन्हे उर्फ डब्लू एवं अरविन्द उर्फ पप्पू निवासी ग्राम पिपरिया मंडन से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर उपरोक्त तीनों अभियुक्तगण द्वारा सुरजीत पर अवैध चाकू से जानलेवा हमला कर उसे घायल कर दिया गया।एक नाम दर्ज व्यक्ति अभी फरार है पुलिस उसे भी गिरफ्तार करने के लिए जगह–जगह दबिश दे रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र कुमार उप निरीक्षक नवीन कुमार मो0 अली ललित निगम मोहित पाल आदि मौजूद रहे।

### मनरेगा लोकपाल के आदेश के बाद जिला स्तर पर दोबारा जांच पर उठे सवाल

**पीलीभीत।** ग्राम पंचायत भीमपुर नौगजा, विकास खण्ड पूरनपुर में मनरेगा कार्यों से जुड़ी कथित अनियमितताओं के मामले में लोकपाल (मनरेगा), पीलीभीत द्वारा पारित आदेश के बाद जिला स्तर पर कराई गई पुन: जांच को लेकर सवाल उठाए गए हैं। शिकायतकर्ता करनजीत सिंह ने प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को शिकायती पत्र भेजकर पूरे प्रकरण की राज्य स्तर के स्वतंत्र वरिष्ठ अधिकारी से जांच कराने की मांग की है। शिकायत के अनुसार मनरेगा लोकपाल ने जांच के बाद 3 दिसंबर 25 को आदेश पारित करते हुए मस्टररोल संबंधी अनियमितताओं के मामले में 53,415 की सरकारी धनराशि के दुरुपयोग का निष्कर्ष निकाला था। संबंधित ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव एवं तत्कालीन तकनीकी सहायक से समानुपातिक रूप से 17,805 प्रति व्यक्ति वसूली सहित संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध जुर्माना, चेतावनी एवं अन्य कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। शिकायतकर्ता का कहना है कि लोकपाल के आदेश के बाद 19 दिसंबर 25 को खण्ड विकास अधिकारी, पूरनपुर की ओर से संबंधित लोगों के विरुद्ध चेतावनी कार्रवाई संबंधी पत्र भी जारी किया गया और बाद में लोकपाल के आदेश के अनुपालन में धनराशि एवं जुर्माना जमा कराया गया। इसके बावजूद न्यायालय में मामला पहुंचने के बाद जिला स्तर पर उसी प्रकरण की पुन: जांच कराई गई और लोकपाल के निष्कर्षों के विपरीत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। करनजीत सिंह ने सवाल उठाया है कि जब लोकपाल के आदेश के विरुद्ध अलग अपीलीय व्यवस्था उपलब्ध है, तो जिला स्तर के अधिकारी को लोकपाल के अधिनिर्णय की पुनर्समीक्षा कर उसके विपरीत निष्कर्ष देने का अधिकार किस नियम या शासनादेश के तहत प्राप्त था। शिकायत में एक अन्य गंभीर बिंदु उठाते हुए कहा गया है कि पुन: जांच से जुड़े अधिकारी की संबंधित अवधि में खण्ड विकास अधिकारी, पूरनपुर के रूप में भूमिका रही हो तो हितों के टकराव का प्रश्न भी बनता है। इसलिए उनकी पूर्व तैनाती और संबंधित मनरेगा कार्यों में प्रशासनिक अथवा पर्यवेक्षणीय भूमिका की भी स्वतंत्र जांच कराई जानी चाहिए शिकायत कर्ता ने प्रमुख सचिव से लोकपाल के आदेश, उसके बाद की गई विभागीय कार्रवाई, जमा कराई गई धनराशि तथा बाद में प्रस्तुत विपरीत जिला स्तरीय जांच रिपोर्ट की जांच कराने के साथ यह भी निर्धारित करने की मांग की है कि लोकपाल के आदेश की समीक्षा अथवा उसे निष्प्रभावी करने जैसी कार्रवाई के लिए जिला स्तरीय अधिकारी के पास कोई वैधानिक अधिकार था या नहीं।

# भगवान श्री कृष्णाजी की छठी के उपलक्ष में उमा पब्लिक स्कूल के सौजन्य से विशाल भंडारे का आयोजन! नीरज गुप्ता



छठी पर हुआ भंडारे का आयोजन। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** बिलसंडाथाना क्षेत्र के गांव रोतापुर स्थित अत रिया बाबा के देव स्थान पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । उमा पब्लिक स्कूल के प्रबंधक नीरज गुप्ता ने बृहस्पतिवार दोपहर को भगवान श्री कृष्ण जी की जन्माष्टमी के पश्चात उनकी छठी के उपलक्ष में अतरिया बाबा देवस्थान पर विशाल भंडारे का आयोजन किया हजारों की संख्या में दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। नीरज गुप्ता ने बताया यह भगवान श्री कृष्ण की छठी का पहला आयोजन किया गया है प्रतिवर्ष इसी तरह उमा पब्लिक स्कूल के सौजन्य से अगले वर्ष भी भंडारे का आयोजन किया जाएगा इस मौके पर अंकित गुप्ता अक्षत गुप्ता राणा सिंह सत्यपाल संतोष तिवारी राजेश सिंह सुरेश कुमार नितिन गुप्ता मोनू सिंह का विशेष सहयोग रहा प्रबंधक नीरज गुप्ता ने कार्यक्रम में आए सभी क्षेत्र वासियों एवं ग्राम वासियों का आभार प्रकट किया

# समाधान अंवेषिका संसाधन केंद्र, करके सीखें विज्ञान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में समाधान अनवेषिका संसाधन केंद्र स्थापना की गई । भौतिक विज्ञान विज्ञान प्रयोगशाला में स्थापित किए केंद्र से विज्ञान लोक प्रियकरण, करके सिखाने विज्ञान, रटने के स्थान पर सीखने को वरीयता, आनंदाई शिक्षण तकनीक, हैंडसऑन गतिविधियों, गतिविधि आधारित शिक्षण को प्रोत्साहन मिलेगा। विद्यालय के भौतिक विज्ञान प्रवक्ता रमेश पटेल को केंद्र का प्रभारी नामित किया गया है। रमेश पटेल समाधान अन्वेषिका से बहुत लंबे समय से जुड़े हुए हैं तथा अन्वेषिका की विभिन्न गतिविधियों में सहयोग कर रहे हैं। समाधान आई ए पी टी के द्वारा नामित किए जाने पर आपने



शिक्षक लक्ष्मीकांत शर्मा। –जागरण मोर्चा

1924 की उत्साही भौतिक विज्ञान शिक्षकों की राष्ट्रीय कार्यशाला मे सफल प्रतिभाग किया है। टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ़ फंडामेंटल रिसर्च मुंबई से भी आप प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। आई आई एस एफ 2025 चंडीगढ़ में भी अपने आओ करके सीखे विज्ञान पर उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया। समाधान आईएपीटी अंबेषिका के समन्वयक लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों में रटने की प्रवृत्ति का अनुभव करते हुए इस संसाधन केंद्र को स्थापित किया गया है। संसाधन केंद्र पर प्रत्येक बृहस्पतिवार को 1:00 बजे से 3:00 बजे अपराह्न तक विद्यार्थी, शिक्षक भ्रमण कर सकते हैं आने वाले विद्यालयों को कम लागत या बिना लागत कि वैज्ञानिक गतिविधियों शुरू की जाएगी तथा उनमें निहित सिद्धांतों पर चर्चा की जाएगी।

# शिविर केवल कृत्रिम अंग बांटने का जरिया नहीं होगा, बल्कि यह सैकड़ों परिवारों के अंधेरे जीवन में उम्मीद का नया सवेरा लेकर आएगा : ज्ञानेंद्र सिंह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** प्रशासनिक ओहदे और प्रशासनिक फाइलों से परे जब कोई अधिकारी सेवा को अपना धर्म बना ले, तो जनता के दिलों में उसकी तस्वीर एक प्रशासक की नहीं, बल्कि एक मसीहा की बन जाती है। जिला प्रशासन की जिम्मेदारी संभाल रहे जिला धिकारी ज्ञानेंद्र सिंह आज पूरे जनपद में एक ऐसे ही मददगार के रूप में चर्चा का केंद्र बने हुए हैं। उनके फैसलों में न केवल प्रशासनिक दृढ़ता दिखती है, बल्कि एक ऐसा संवेदनशील दिल भी धड़कता है जो असहायों और पीड़ितों के दर्द को गहराई से महसूस करता है। अब कोई दिव्यांगता से लाचार न रहे माह अक्टूबर में विशाल कृत्रिम अंग शिविर हाल ही में जिलाधिकारी ने समाज के उन बेबस और असहाय व्यक्तियों की पीड़ा को समझा, जो किसी दुर्घटना या बीमारी के कारण अपने अंग गंवा चुके



जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह।

हैं। बिना सहारे के ज़िंदगी जीने की तड़प और लाचारी को महसूस करते हुए उन्होंने माह अक्टूबर में एक अत्यंत विशाल 'कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर' आयोजित करने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। उनकी यह सोच केवल एक कार्यक्रम आयोजित करने तक सीमित नहीं है। डीएम ने बेहद भावुक अपील करते हुए कहा है कि इस बार प्रचार प्रसार इतना व्यापक होना चाहिए कि पूरे जनपद में कोई भी कटे अंग का व्यक्ति

> दो से पांच अक्टूबर को कोहनी या कंधे के नीचे से हाथ गंवा चुके दिव्यांग जनों को अब कृत्रिम हाथ की सुविधा मुफ्त मिलेगी। जिले में एक विशेष शिविर निशक्त जन सेवा संस्थान और इनाली फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा।

इस लाभ से वंचित न रह जाए। हर लाचार को एक नया सहारा मिले, हर कोई अपने पैरों पर खड़ा हो सके यही उनका संकल्प है। सरकारी तंत्र से आगे, अपनी व्यक्तिगत संवेदना का उदाहरण यह पहला प्रयास नहीं है। इससे पहले भी जनपद वासियों ने देखा है कि जब भी किसी गरीब, बुजुर्ग या बेबस की पुकार उन तक पहुंची, उन्होंने पद की गरिमा और दफ्तर के दरवाजों को आड़े नहीं आने दिया। वे खुद अपनी कुर्सी छोड़ कर असहायों के दरवाजों तक पहुंचे हैं, उनके आंसू पोंछे हैं और उनका हाथ थामा है।अक्सर देखा जाता है कि अधिकारी सिर्फ सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेते हैं, लेकिन ज्ञानेंद्र सिंह की दरिया दिली इससे बहुत आगे है। सरकारी मदद सुनिश्चित कराने के साथ साथ, उन्होंने कई बार अपनी व्यक्तिगत सैलरी से आगे बढ़कर जरूरत मंदों की आर्थिक मदद की है। जब एक जिलाधिकारी अपनी निजी कमाई से किसी गरीब का इलाज या मदद कराता है तो यह साबित होता है कि इंसानियत से बड़ा कोई पद नहीं होता। अक्टूबर में लगने वाला यह शिविर केवल कृत्रिम अंग बांटने का जरिया नहीं होगा, बल्कि यह सैकड़ों परिवारों के अंधेरे जीवन में उम्मीद का नया सवेरा लेकर आएगा। ऐसे अधिकारियों का होना यह भरोसा दिलाता है कि जब तक समाज में ऐसे हमदर्द मौजूद हैं, तब तक कोई भी बेबस इंसान अकेला नहीं है।

# युवक की पीट-पीटकर हत्या में चार को उम्र कैद

**पीलीभीत।** गजरौला थाना क्षेत्र में युवक की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में सत्र न्यायाधीश रविंद्र कुमार ने चार आरोपियों को दोषी पाते हुए 25-25 हजार रुपये जुर्माना सहित सश्रम उम्र कैद की सजा सुनाई। अभियोजन के मुताबिक 10 जुलाई 24 की शाम करीब चार बजे गांव के कल्लू धीमर उर्फ भीमसेन, रामकुमार धीमर, सूरजपाल उर्फ सत्यपाल, सुरेंद्र उर्फ सुरेंद्रपाल उर्फ अलगू, मदनलाल और गंगादेई ने 27 वर्षीय अनिल उर्फ छोटे के साथ मारपीट की। आरोप है कि लाठी-डंडों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। बाद में उसकी हत्या कर शव सड़क किनारे फेंक दिया गया। पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। सुनवाई के दौरान रामकुमार धीमर की 29 जनवरी 26 और गंगादेई की 15 मई 25 को मृत्यु हो गई।

# नवचयनित प्रशिक्षित सूक्ष्म उद्यम सखी कार्यशाला का किया गया आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जनपद में नवचयनित प्रशिक्षित सूक्ष्म उद्यम सखी की कार्यशाला का आयोजन जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार, कलैक्टेट परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी एवं सतीश प्रसाद मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में 62 सूक्ष्म उद्यम सखियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिन्हें उनके कार्य, दायित्व, कार्य क्षेत्र, उद्देश्य, एप्प पर फिडिंग आदि विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिलाधिकारी द्वारा सूक्ष्य उद्यम सखियों को स्वयं रोजगारपरक प्रशिक्षण में दक्षता



हासिल करने एवं बाजार की मांग के अनुरूप उत्पाद तैयार करवाने के सम्बन्ध में बताया गया। इस अवसर पर वन्दना सिंह, उपायुक्त (स्वतः रोजगार) विपिन कुमार, जिला प्रशिक्षण अधिकारी, रवि कुमार, निदेशक, आरसेटी, समस्त एन0आर0एल0एम0 कार्मिक एवं सहायक विकास अधिकारी (ग्राम्य विकास) उपस्थित रहे। कार्यशाला उपरान्त एन0आर0एल0एम0 योजना की मासिक समीक्षा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में की गई, जिसमें सभी सम्बन्धित जनपद एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा समस्त विभागों को अपनी लाभार्थी परक योजनाओं में समूह सदस्यों को प्रथम वरीयता प्रदान करने के निर्देश दिये गये एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को परिवार संतृप्तिकरण, लखपति योजना की एप्प पर फीडिंग एवं अन्य बिन्दुओं की ससमय पूर्ति के स्पष्ट निर्देश दिये गये।

## एक नजर

### धर्मापुर के बाद अब नजीरगंज में चल रहा अश्लील डांस

**पूरनपुर।** धर्मापुर गांव में चल रहे मेले में अश्लील डांस जमकर परोसा गया था। अब पडोस के गांव नजीरगंज में चल रहे मेले में अश्लील डांस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अश्लील डांस पर पूरे प्रदेश में प्रतिवंध लगा हुआ है,उसके वावजूद अश्लील डांस पर रोक नही लग पा रही है। कुछ दिन पहले धर्मापुर में अश्लील डांस का वीडीओ बायरल हुआ था। पुलिस ने प्रधान व अन्य पर मुकदमा दर्ज किया था। जिसमे पुलिस ने युवको को लडकी के पकडे पहने डांस करना दर्शाया था। अब सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव नजीरगंज में जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में चल रहे मेले में भी ऐसा ही मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वीडीओ वायरल किया गया। जिसमे कुछ युवक लडकी की भेषभूषा में अश्लील डांस करते देखे जा रहे है। लोगों ने जांच की मांग की है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# शारदा नदी का कहर जारी, लाइव कटान देख दहशत में आए ग्रामीण

## आबादी और आसपास के इलाकों की ओर बढ़ी नदी की तेज धार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा में शारदा नदी का कटान लगातार जारी रहने से ग्रामीणों की चिंता बढ़ती जा रही है। नदी की तेज धार अब खेती की जमीन को काटते हुए आबादी और आसपास के इलाकों की ओर बढ़ रही है। कटान की रफ्तार को देखते हुए ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कटान को रोकने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में कई घरों और आबादी वाले क्षेत्रों के लिए गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। शुक्रवार को नदी किनारे पेड़ के कटान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में शारदा नदी की तेज धार के कारण पेड़ के आसपास की जमीन तेजी से कटती हुई दिखाई दे रही है। नदी की धार जमीन को अपने साथ बहाकर ले जा रही है। वीडियो सामने आने के बाद ग्रामीणों में भय और बढ़ गया। ग्रामीणों का कहना है कि नदी जिस तेजी से कटान कर रही है। उससे आने



कटान करती शारदा नदी। –जागरण मोर्चा

वाले समय में स्थिति और विकट हो सकती है। ग्रामीणों के मुताबिक शारदा नदी के लगातार कटान के कारण बड़ी मात्रा में खेती योग्य जमीन नदी की धारा में समाती जा रही है। किसानों को अपनी फसलों और जमीन के नुकसान की चिंता सता रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कई स्थानों पर कटान इतना तेज है कि नदी की धार लगातार नए क्षेत्र को अपनी चपेट में ले रही है। ग्रामीणों के सामने सबसे बड़ी चिंता यह है कि यदि नदी का रुख इसी तरह आबादी की ओर बढ़ता रहा तो खेती की जमीन के बाद रिहायशी इलाकों पर भी खतरा मंडरा सकता है। इससे ग्रामीणों को अपने घरों और परिवारों की सुरक्षा की चिंता सताने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि शारदा नदी का कटान अब केवल खेतों तक सीमित नहीं रह गया है। कई स्थानों पर नदी की धार आबादी के नजदीक पहुंचती जा रही है। ऐसे में ग्रामीण किसी बड़े नुकसान की आशंका से चिंतित हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि कटान प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल निरीक्षण कराया जाए और संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा के जरूरी इंतजाम किए जाएं। ग्रामीणों का कहना है कि कटान रोकने के लिए समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति पर नियंत्रण करना मुश्किल हो सकता है। उन्होंने नदी के किनारे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, संवेदनशील स्थानों पर कटान रोधी कार्य कराने और प्रभावित क्षेत्रों की लगातार निगरानी किए जाने की मांग की है।

## युवक को रास्ते में घेर कर पीटा, पुलिस ने मुकदमा दर्ज शुरू की जांच

**पूरनपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर निवासी गुलशन ने बताया कि आठ सितंबर को शाम करीब आठ बजे अपने घर से मजदूरी करने के लिए बाहर जा रहा था। तभी रास्ते में गांव निवासी रामलडेते ऊर्फ त्रिमोहन गाली गलौच करने लगा। गुलशन ने जब गालियां देने का विरोध किया तो उसको मारा पीटा। जिससे बह घायल हो गया। आस पडोस के लोग मौके पर पहुंचे और वमुश्किल गुलशन को बचाया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। घायल युवक थाने पहुंचा और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराकर मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी गई है।

## संक्षेप समाचार

### अधीक्षक के जाने के बाद स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बदहाल अल्ट्रासाउंड सेंटर पर लगा ताला, महिलाएं परेशान

**पूरनपुर।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अधीक्षक डॉ .मनीष राज शर्मा का कुछ दिनों पहले स्थानांतरण हो गया था। जिससे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल है। अस्पताल पहुंचने वाले मरीज व्यवस्था प्रभावित होने के आरोप लग रहे हैं। अस्पताल में डॉक्टरों के समय से न पहुंचने और अल्ट्रासाउंड सेंटर बंद रहने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीएचसी खुलने का निर्धारित समय सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक है। आठ नंबर कमरे के डॉक्टर निर्धारित समय पर अस्पताल नहीं पहुंच रहे हैं और करीब 11 बजे तक पहुंचने की स्थिति सामने आ रही है। इससे दूर-दराज से इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों को इंतजार करना पड़ रहा है। नियमानुसार प्रतिदिन होने वाली अल्ट्रासाउंड जांच भी पिछले दो दिनों से नहीं हो सकी। अल्ट्रासाउंड सेंटर पर ताला लटका रहा। इससे जांच कराने पहुंच रही गर्भवती महिलाओं को मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूर्व में अधीक्षक की मौजूदगी में व्यवस्थाएं बेहतर तरीके से संचालित हो रही थीं, लेकिन उनके स्थानांतरण के बाद स्थिति बिगड़ती जा रही है। इस संबंध में सीएचसी के रेडियोलॉजिस्ट ए .के . गुप्ता ने बताया कि यूपीएस खराब होने के कारण अल्ट्रासाउंड नहीं हो पा रहे हैं। जिससे महिलाएं बैरंग लौट जाती है। परेशान महिलाएं मजबूर होकर अधिक दाम देकर अल्ट्रासाउंड कराना पड रहा है।

### भाकियू भानू गुट छोड भाकियू अराजनैतिक में शामिल हुए पदाधिकारी व कार्यकर्ता



भाकियू अराजनैतिक में शामिल हुए भाकियू भानू गुट संगठन के लोग।

**पूरनपुर।** शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन भानु के जिला उपाध्यक्ष बाबूराम वर्मा के नेतृत्त्व में भारी संख्या में किसानों ने भानु गुट संगठन छोड़ दिया है। तथा बड़ी संख्या में किसानों के साथ भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह के नेतृत्त्व में भाकियू अराजनैतिक संगठन की सदस्यता ग्रहण कर ली है। जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने सभी भानु संगठन छोड़कर आये किसानों का अराजनैतिक संगठन में जोरदार ढंग से स्वागत व आभार व्यक्त किया है। तथा सभी नव युक्त सदस्यों को संगठन की सदस्यता ग्रहण करायी ।तथा बाबूराम वर्मा को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक में जिले के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। जनपद में हुई सभा में जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने कहा कि जनपद पीलीभीत में चकबंदी विभाग तथा राजस्व विभाग के न्यायलय पूरी तरह से भ्रष्टाचार के अड्डे बन चुके हैं ।इन विभागों में किसानों के भूमि सम्बन्धित बहुत से मामलों को जानबूझकर बर्षों तक लम्बित रखा जा रहा है ।इन विभागों में किसान निस्तारण हेतु बार-बार चक्कर काटने को विवश हैं। लेकिन इन विभागों के अधिकारियों की घोर लापरवाही व उदासीनता के कारण जनपद का किसान परेशान है। इन विभागों में भू माफियाओं को खुला संरक्षण प्राप्त हो रहा है ।ऐसी व्यवस्था को समाप्त करने के भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन उत्तर प्रदेश सरकार से आवश्यक बदलाव व भ्रष्टाचार में लिप्त जनपद के उच्च अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की मांग करेगा ।अगर जल्द इन विभाग में भ्रष्टाचार व किसानों का उत्पीड़न बन्द न हुआ तो उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राष्ट्रीय नेतृत्त्व के साथ लखनऊ की धरती पर आंदोलन किया जाएगा। किसानों का शोषण व उत्पीड़न किसी भी प्रकार से बर्दास्त नही किया जायेगा। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक में बाबूराम वर्मा, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश राजपूत,न्याय पंचायत अध्यक्ष बरात बोझ, शंकर लाल,होरी लाल,तेजराम,नन्दराम,रामलाल,श्री राम, ओमप्रकाश ,घासीराम,रामप्रसाद,सियाराम,उदयपाल,गंगा राम,राम भरोसे लाल,सुशीला देवी,लडैती देवी,चम्पा देवी विमला देवी,पुष्पा बदवी,रेखा देवी सुशीला देवी ।आदि भारी संख्या में अराजनैतिक संगठन में शमिल हुए।

### बरखेड़ा में धूमधाम से मनाई श्रीकृष्ण की छठी, उमड़े श्रद्धालु




भगवान श्री कृष्ण की छठी का आयोजन। –जागरण मोर्चा

**बरखेड़ा।** स्थानीय श्री ठाकुरद्वारा मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के पावन पर्व के उपलक्ष्य में भगवान श्रीकृष्ण की छठी के पर्व पूरी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे पुरोहित शिवम मिश्रा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान से पूजन के साथ हुई। इसके पश्चात मंदिर परिसर में नगर की महिलाओं और माताओं ने पारंपरिक छठी के गीत गाकर इस रस्म को हर्षोल्लास से निभाया ।धार्मिक अनुष्ठान के बाद भगवान को कढ़ी-चावल का विशेष भोग लगाया गया, जिसके उपरांत विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ। भंडारे में श्रद्धालुओं ने कढ़ी-चावल के प्रसाद का आनंद लिया। सुबह से शुरू हुआ यह भंडारा देर शाम तक अनवरत चलता रहा, जिसमें नगर के तमाम श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस सफल आयोजन और भंडारे की व्यवस्था में प्रवेश जोशी, प्रदीप श्रीवास्तव, सौरभ बाजपेयी, मयंक सक्सेना, शिवम भोजवाल और श्याम सिंह सहित दर्जनों भक्तों ने सक्रिय रूप से अपनी सेवाएं दीं।

# दहेज हत्या में पति गिरफ्तार, पांच की सरगर्मी से तलाश कर रही पुलिस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**घुंघचाई।** थाना घुंघचाई क्षेत्र में विवाहिता शिवानी मिश्रा की मौत से जुड़े दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वांछित चल रहे उसके पति आशुतोष मिश्रा उर्फ नितिन पुत्र रघुनन्दन प्रसाद मिश्र, निवासी ग्राम व थाना घुंघचाई, उम्र करीब 24 वर्ष, को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया। लेकिन अभी इस मामले में पांच आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

मामले में दी गई शिकायत के अनुसार, विवाहिता के मायके पक्ष ने ससुरालियों पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित और मारपीट करने सहित गंभीर आरोप लगाए थे। शिकायत में पति, सास, ससुर समेत कुल छह लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS), 2023 तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 की धाराओं में कार्रवाई की मांग की गई थी। परिजनों का आरोप है कि शादी के करीब तीन वर्ष के भीतर दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को कथित रूप से प्रताड़ित किया गया और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया था। मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी। थाना घुंघचाई पुलिस के अनुसार, मामले में वांछित आरोपी पति आशुतोष मिश्रा उर्फ नितिन को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में नामजद अन्य आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों द्वारा लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस की कार्रवाई के बाद अब फरार आरोपियों पर भी गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। मामले में आगे की कार्रवाई जांच और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर की जा रही है।



पुलिस गिरफ्त में मृतका का पति आशुतोष मिश्रा। –जागरण मोर्चा

### मासूम बच्चों के भविष्य पर मंडराया संकट

**घुंघचाई।** शिवानी मिश्रा की मौत के मामले में उसके पति की गिरफ्तारी के बाद मासूम बच्चों के भविष्य की चिंता खड़ी हो गई है। मृतका के मायके पक्ष की ओर से ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज उत्पीड़न और मारपीट समेत कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने आरोपी पति आशुतोष मिश्रा उर्फ नितिन को जेल भेज दिया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस कार्रवाई और जांच के बाद ही आरोपों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। मां की मौत के बाद बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारी अब परिवार के अन्य सदस्यों पर आ सकती है। लोगों का कहना है कि कानूनी कार्रवाई के साथ संबंधित प्रशासन और बाल कल्याण से जुड़े विभागों को भी बच्चों की स्थिति पर ध्यान देना चाहिए।

## बिना नोटिस कनेक्शन काटने पर किन्नरों का हंगामा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के शेरपुर कलां गांव सहित कई गावों में अधिक बिजली बिल और बिना नोटिस कनेक्शन काटने के आरोप को लेकर बिजली विभाग की टीम को विरोध का सामना करना पड़ रहा है। टीम बकायेदारों के कनेक्शन काटने के लिए अभियान के तहत गांव पहुंच रही हैं। इसी दौरान शेरपुर कला में विना नोटिस के बिजली कनेक्शन काट दिए। इसको लेकर ग्रामीणों के बाद अब किन्नरों ने बिजली बिभाग की इस कार्यावाही को लेकर जमकर हंगामा किया, हंगामा करने का वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद कई उपभोक्ताओं के बिल अधिक आ रहे हैं। अधिक बिल आने के कारण उपभोक्ता परेशान हैं और समय से बिल जमा नहीं कर पा रहे हैं। विभाग की ओर से बकाया वसूली को लेकर अभियान चलाकर कनेक्शन काटे जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पहले बिल की समस्या का समाधान और नियमानुसार नोटिस दिया जाना चाहिए। उसके बाद किसी तरह की कार्रवाई हो बिना नोटिस अचानक कनेक्शन काटने से नाराज लोग हंगामा कर रहे हैं। विना नोटिस दिए ही बिभाग कनेक्शन काट रहा है। जबकि अधिक बिल को ठीक कराने के लिए उपभोक्ता बिजली बिभाग के अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। उसके वावजूद उनके अधिक बिल का निस्तारण नही हो पा रहा है। जिससे उपभोक्ता परेशान है, और बिभाग प्रति रोष देखा जा रहा है। उपभोक्ताओ ने आ रहे अधिक बिल का समाधान कराए जाने की मांग की है।

# ग्रामीणों ने उठाई गोशाला की मांग, बीडीओ ने कर दिया इन्कार

जागरण मोर्चा कार्यालय

- एसडीएम को लिखा पत्र, गौशाला न बनने से समस्या से जूझ रहे किसान

**बिलसंडा।** कल्यानपुर गांव में ग्रामीणों की ओर से की गई गोशाला निर्माण की मांग पर आखिरकार ब्रेक लग ही गया। जबकि छुट्टा पशुओं से परेशान ग्रामीण गोशाला की आस लगाए हुए थे। इधर, बीडीओ ने न्याय पंचायत करेली क्षेत्र में तीन गोशालाएं होने का हवाला देते हुए कल्यानपुर में गोशाला की आवश्यकता न होने की बात कह दी। इसे लेकर पिछले दिनों एसडीएम को पत्र भी लिखा गया। इसे लेकर अब तमाम तरह की चर्चाएं तेज हो गई हैं

बता दें कि कल्यानपुर तालुके करेली में करीब 24 एकड़ सरकारी जमीन है। इस पर अवैध कब्जा कई लोगों ने कर रखा है। गांव में छुट्टा पशुओं की भरमार होने पर ग्रामीणों ने अधिकारियों से गोशाला बनवाने की मांग की थी। इस पर चारागाह की तीन एकड़ जमीन का एसडीएम नागेंद्र पांडेय ने निरीक्षण किया था। इसके बाद से ही खलबली मची हुई है। अवैध कब्जेदार भी इस प्रयास में लग गए थे कि संबंधित जमीन पर गोशाला ना बने। पहले काफी समय तक मामला ठंडे बस्ते में रहा। बताते हैं कि पिछले दिनों बीडीओ ने भी एसडीएम को पत्र भेजा। जिसमें कल्यानपुर में गोशाला की जरुरत न होने की बात कही गई है। यह भी तर्क दिया गया है कि न्याय पंचायत करेली में पहले से ही तीन गोशालाएं हैं। मौजूदा वक्त में खेतों में गेहूं, सरसों एवं गन्ने की फसल खड़ी है, जिस कारण किसानों को अपनी फसलों को बचाने के लिए खेतों में ही निगरानी करना पड़ रही है। आलम यह है कि जिन गांवों में गौशालाएं बनी हुई हैं, वहां पर भी बड़ी संख्या छुट्टा पशुओं का झुंड है। एसडीएम नागेंद्र पांडेय ने उसी वक्त कस्बा बमरोली, कल्यानपुर तालुके करेली और तिलछी में नवीन गोशाला बनवाने के लिए जमीन का निरीक्षण किया था, लेकिन अभी तक बमरौली को छोड़कर अन्य ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव ही नहीं दिए गए। अब कल्यानपुर के ग्रामीणों ने गांव में गोशाला बनवाने की मांग की लेकिन उस पर भी ब्रेक लगती दिख रही है। इतना ही नहीं गौशाला न बनने की वजह से इसका खामियाजा किसानों को ही बहुत ना पड़ रहा है, गांव में सैकड़ो की तादाद में छुट्टा पशु हर वक्त घूमते दिखाई दे रहे हैं।

# मझोला में बीकेटी टायर का किसान संवाद समारोह आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मझोला।** देश की प्रमुख टायर कंपनियों में शामिल बीकेटी टायर की ओर से शुक्रवार को मझोला में किसान संवाद समारोह एवं किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पंजाब टायर कंपनी, हरप्रीत सिंह मझोला की देखरेख में हुआ। क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसानों ने समय निकालकर कार्यक्रम में सहभागिता की और बीकेटी टायर के उत्पादों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में बीकेटी टायर के अधिकारियों मोहित कुमार, मोहित गोयल एवं संदीप सिंह ने किसानों से संवाद करते हुए कंपनी के विभिन्न टायरों की विशेषताओं, मजबूती, बेहतर पकड़, अधिक टिकाऊपन तथा कृषि कार्यों में



मझोला में बीकेटी टायर का किसान संवाद समारोह आयोजित। –जागरण मोर्चा

उनकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कृषि क्षेत्र की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बीकेटी लगातार नए और बेहतर तकनीक वाले टायर तैयार कर रही है। गोष्ठी के दौरान किसानों ने टायरों की गुणवत्ता, अलग-अलग कृषि कार्यों के लिए उपयुक्त टायर, उनकी कार्यक्षमता और रखरखाव से संबंधित सवाल भी पूछे। बीकेटी के अधिकारियों ने किसानों की जिज्ञासाओं का जवाब देते हुए उन्हें उचित टायर के चयन के संबंध में उपयोगी जानकारी दी। कार्यक्रम में सौदागर सिंह, भानु प्रताप सिंह, संदीप सिंह, जगजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, सोनी सिंह, अतम सिंह, सतीश राणा, सर्वजीत बग्गा, सर्वजीत सिंह सहित क्षेत्र के कई किसान एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**आयोजन** लीलाओं के सजीव मंचन ने सभी का मोहा मन

# नजीरगंज के जन्माष्टमी मेले में उमड़ रही भारी भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नजीरगंज में जन्माष्टमी पर आयोजित मेला इन दिनों आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मेले में प्रतिदिन बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग पहुंच रहे हैं। शाम होते ही मेला परिसर में लोगों की भीड़ बढ़ने लगती है और देर रात तक चहल-पहल बनी रहती है। जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में मेले में कलाकारों की ओर से भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का सजीव मंचन किया जा रहा है। कलाकारों द्वारा श्रीकृष्ण जन्म, बाल लीलाओं, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा और कंस वध सहित अन्य प्रसंगों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है। मंच पर कलाकारों के अभिनय और संवादों ने दर्शकों का मन मोह लिया।



मेले में लीला का मंचन करते कलाकार। –जागरण मोर्चा

लीलाओं के मंचन के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है और श्रद्धालु भाव-विभोर होकर प्रस्तुतियों को देखते हैं। मेले में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बच्चों के लिए खिलौनों, झूलों और खान-पान की विभिन्न दुकानें आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। वहीं महिलाओं और युवाओं की भी मेले में काफी भीड़ दिखाई दे रही है। दुकानदारों ने मेले में तरह-तरह की दुकानें सजाई हैं, जहां लोग अपनी जरूरत और पसंद के सामान की खरीदारी कर रहे हैं। शाम के समय मेले में रोशनी की आकर्षक व्यवस्था लोगों का ध्यान खींच रही है। धार्मिक कार्यक्रमों और लीलाओं के मंचन के दौरान बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर कार्यक्रम देखते हैं। आयोजकों की ओर से मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर व्यवस्थाएं की गई हैं। मेला क्षेत्र में लगातार बढ़ रही भीड़ को देखते हुए व्यवस्था बनाए रखने पर भी ध्यान दिया जा रहा है। जन्माष्टमी मेले को लेकर क्षेत्र के लोगों में विशेष उत्साह है। आसपास के गांवों से भी लोग परिवार के साथ मेला देखने पहुंच रहे हैं। धार्मिक आस्था और मनोरंजन के संगम के चलते नजीरगंज का यह मेला लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। आने वाले दिनों में भी मेले में भीड़ बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

# बीआरसी पर चल रहा पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** बीआरसी पर चल रहे पाठ्य पुस्तकों पर आधारित पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण में शिक्षक संदर्शिकाओं, पाठ्य पुस्तक, कार्य पुस्तिकाओं, रेमीडियल कार्य आदि पर विस्तार से जानकारी साझा कर प्रतिभागी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों से ऑनलाइन उपस्थिति, पोस्ट ट्रेनिंग टेस्ट एवं फीड बैक ऑनलाइन करने के पश्चात प्रशिक्षण का समापन हो गया। ब्लॉक संसाधन केंद्र पूरनपुर में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत एफएलएन तथा एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों पर आधारित नवें व दसवें बैच का पांच दिवसीय शिक्षकों व शिक्षामित्रों का प्रशिक्षण खण्ड शिक्षाधिकारी विजय वीरेन्द्र सिंह के निर्देशन में सात सितम्बर से शुरू हुआ था। जिसमें दोनों



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद शिक्षक। –जागरण मोर्चा

बैंचों में प्राथमिक विद्यालयों के सौ शिक्षक एवं शिक्षामित्रों को प्रशिक्षण में प्रशिक्षित किया गया। सन्दर्भदाता एआरपी सुखजीत सिंह, अजय तोमर, विवेक भारती, केआरपी रावेन्द्र प्रसाद आदि के द्वारा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत एफएलएन तथा एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों पर आधारित शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों का प्रशिक्षण कराया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति निपुण भारत अभियान के अंतर्गत प्राथमिक स्कूलों में अध्ययनरत छात्रों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान हासिल कराने के लिए स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों को प्रशिक्षित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सन्दर्भदाता ने प्रशिक्षण में अंग्रेजी भाषा पर समझ बनाना, आईसीटी का प्रयोग, शिक्षण सहायक सामग्रियों का कक्षा शिक्षण में प्रयोग, निपुण आकलन, प्रभाव पूर्ण पठन, कक्षा-कक्ष में कार्य करना,शिक्षक संदर्शिकाओं, पाठ्य पुस्तक, कार्य पुस्तिकाओं, रेमीडियल कार्य, डिकोडिंग आदि पर विस्तार से जानकारी साझा की गई। जिससे बच्चों को विद्यालय में आकर्षक एवं शैक्षिक वातावरण मिल सके। प्रशिक्षण का प्रभावशाली ढंग से स्कूल में जाकर क्रियान्वयन का भौतिक सत्यापन प्रशिक्षण के उपरांत किया जाएगा। प्रशिक्षण के समापन पर सभी प्रतिभागी शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों से ज्ञान समीक्षा ऐप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति, पोस्ट ट्रेनिंग टेस्ट एवं फीड बैक ऑनलाइन करने के पश्चात प्रशिक्षण का समापन हो गया। प्रशिक्षण में शिक्षक अवनीश अवस्थी, सर्वेश कुमार स्वर्णकार, राधाकृष्ण कुशवाहा, प्रभुदयाल, ओमप्रकाश कुशवाहा, वासुदेव यादव, पंकज यादव, कंचन देवी कुशवाहा, अंजू जैसवार, सुमन भारती, विमला देवी, राजेश्वरी, सुभद्रा देवी, जोगेंद्र सिंह, मेवाराम, प्रदीप राठौर, सुरेशचंद्र राठौर, शहवाज खां, महेश वर्मा, ब्रजेश मौर्य, मोहन मंडल आदि मौजूद रहे।

## सर्राफा बाजार में क्या चल रहा ?: दिल्ली में सोने के दाम 2,700 रुपये गिरे, चांदी 10,000 रुपये टूटी

एजेंसी न्यूज



**मुंबई।** दिल्ली के सरार्फा बाजार में शुक्रवार को कीमती धातुओं के भाव को बड़ा झटका लगा। सोने की कीमतों में 2,700 रुपये की भारी गिरावट दर्ज की गई। यह 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं, चांदी भी 10,000 रुपये टूटकर 2.34 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने का दाम 2,700 रुपये कम हुआ। अब यह 1,55,900 रुपये प्रति 10 ग्राम है। इसमें सभी कर शामिल हैं। गुरुवार को सोने का बंद भाव 1,58,600 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी भी 10,000 रुपये की गिरावट के साथ 2,34,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले कारोबारी दिन यह 2,44,600 रुपये प्रति किलोग्राम थी। व्यापारियों ने बताया कि हालिया तेजी के बाद घरेलू बाजार में बिकवाली का दबाव बढ़ा। इसी कारण दोनों कीमती धातुओं की कीमतों में तेज सुधार देखा गया।

**घरेलू बाजार में क्यों आई गिरावट ?**

घरेलू बाजार में यह बिकवाली वैश्विक बाजार में हुई वृद्धि के बावजूद हुई। वैश्विक स्तर पर हाजिर सोना 49.82 अमेरिकी डॉलर बढ़कर 4,366.58 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गया। इसमें 1.15 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। चांदी के भाव में भी 2 फीसदी की वृद्धि हुई। यह 64.77 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। इसके बावजूद घरेलू बाजार में गिरावट दर्ज की गई।

**वैश्विक बाजार में सोने पर क्यों दबाव है ?**

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के सीनियर एनालिस्ट - कमोडिटीज, सौमिल गांधी ने इस पर अपनी राय दी। उन्होंने बताया कि विदेशी कारोबार में सोने की कीमतों में थोड़ी रिकवरी हुई है। हालांकि, यह अभी भी दबाव में बनी हुई हैं। सोना लगातार तीसरे साप्ताहिक गिरावट की ओर बढ़ रहा है। यह निवेशकों के लिए चिंता का विषय है।

**सोने की कीमतों को कौन से कारक प्रभावित कर रहे हैं ?**

सौमिल गांधी ने आगे बताया कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने महंगाई की चिंताओं को फिर से बढ़ा दिया है। इसके साथ ही, ट्रेजरी यील्ड में वृद्धि भी देखी जा रही है। ब्याज दर में बढ़ोतरी की बढ़ती उम्मीदें भी सोने जैसी परिसंपत्तियों पर लगातार दबाव डाल रही हैं। ये सभी कारक मिलकर सोने की कीमतों को प्रभावित कर रहे हैं।

## कुलदीप ने गंभीर को दिखाया अपना दमः इंग्लैंड में 10 विकेट लेकर मचाया तहलका; क्या अब नजरअंदाज करना होगा मुश्किल?



**लंदन।** भारतीय टीम से अंदर-बाहर होते रहे कुलदीप यादव ने इंग्लैंड में ऐसा प्रदर्शन किया है, जिसने एक बार फिर उनके टेस्ट क्रिकेट के दावे को मजबूती दे दी है। यॉर्कशायर की ओर से एसेक्स के खिलाफ काउंटी चैंपियनशिप मुकाबले में कुलदीप ने 10 विकेट झटक लिए। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर ने पहली पारी में 70 रन देकर चार विकेट लिए, जबकि दूसरी पारी में 50 रन देकर छह बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया। इस तरह उन्होंने मैच में 120 रन देकर कुल 10 विकेट हासिल किए।

गेंद से शानदार प्रदर्शन के अलावा कुलदीप ने बल्ले से भी उपयोगी योगदान दिया और 36 रन बनाए। यॉर्कशायर ने अपनी पारी में 390 रन बनाए, जबकि एसेक्स पहली पारी में 284 रन पर सिमट गया। कुलदीप के इस प्रदर्शन की खास बात यह रही कि उन्होंने इंग्लैंड की परिस्थितियों में ही अपना प्रभाव छोड़ा। ऐसे में उनका प्रदर्शन भारतीय टेस्ट टीम के लिए भी महत्वपूर्ण संकेत माना जा सकता है।

मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद कुलदीप ने यॉर्कशायर क्रिकेट टीवी से बातचीत में अपनी गेंदबाजी के बारे में बताया कि विकेट में पहले से ही तेजी थी, जिसका उन्होंने फायदा उठाया। उन्होंने कहा, 'यह गेंदबाजी करने के लिए शानदार विकेट था, क्योंकि आपको गेंद को गति देने के लिहाज से बहुत तेज गेंदबाजी करने की जरूरत नहीं थी। विकेट में पहले से ही तेजी थी। गेंद पिच होने के बाद उसमें थोड़ी तेजी दिखाई दे रही थी और आपको सिर्फ गेंद को स्पिन कराना था और उसमें काफी ज्यादा घुमाव देना था। आखिरकार यही अहम रहा।'

कुलदीप ने भारतीय और इंग्लैंड की परिस्थितियों के अंतर को भी समझाया। उन्होंने कहा, 'अगर आप इसकी तुलना भारतीय परिस्थितियों से करें तो यह पूरी तरह अलग है। भारत में जब आप गेंदबाजी करते हैं तो काफी स्पिन देखने को मिलती है, लेकिन विकेट धीमे होते हैं और बल्लेबाज कभी-कभी खुद को उसके अनुसार ढाल लेते हैं। यहां विकेट में तेजी होने के कारण अगर बल्लेबाज पीछे के पैर पर जाता है तो वह फंस जाता है और उसे आगे के पैर पर खेलना पड़ता है। ऐसे में उसके कैच विकेट के पीछे, स्लिप या शॉर्ट लेग पर जाने की संभावना बढ़ जाती है।'

रविचंद्रन अश्विन के संन्यास के बाद माना गया था कि कुलदीप भारतीय टेस्ट टीम में विशेषज्ञ स्पिनर के तौर पर बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। वह आधुनिक क्रिकेट में बाएं हाथ के कलाई के स्पिनरों में दुर्लभ प्रतिभा माने जाते हैं। हालांकि, 2017 में टेस्ट डेब्यू करने के बाद से वह भारत के लिए सिर्फ 19 टेस्ट खेल सके हैं। शुरूआती दौर में र वि चा ंद्र न अश्विन और रवींद्र जडेजा की जोड़ी के कारण उन्हें लगातार मौके नहीं मिले।

अब भी वॉशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल जैसे खिलाड़ियों को टीम में मौके मिलते रहे हैं, जबकि हाल के समय में मानव सुथार और सारांश जैन जैसे नाम भी चर्चा में आए हैं। ऐसे में इंग्लैंड में 10 विकेट का प्रदर्शन कुलदीप के लिए सिर्फ एक काउंटी मैच की सफलता नहीं है। यह उस गेंदबाज की ओर से जोरदार याद दिलाने जैसा है, जिसके पास विदेशी परिस्थितियों में भी मैच का रुख बदलने की क्षमता मौजूद है।

क्या गंभीर और टीम प्रबंधन देंगे लंबा मौका?

कुलदीप की इस उपलब्धि के बाद सबसे बड़ा सवाल यही है कि भारतीय टीम प्रबंधन उन्हें आगे कितनी नियमितता से मौका देता है। गौतम गंभीर के नेतृत्व वाले प्रबंधन ने अलग-अलग परिस्थितियों में अलग संयोजन आजमाए हैं।

## टीम इंडियाः न्यूजीलैंड में राहुल का होगा बड़ा टेस्ट ?

एजेंसी न्यूज

**वेलिंग्टन.** भारत और न्यूजीलैंड के बीच 19 नवंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले ट्रेंट बोल्ट ने केएल राहुल को लेकर बड़ी बात कही है। टेस्ट क्रिकेट में 317 विकेट ले चुके न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज का मानना है कि राहुल आगामी सीरीज में भारतीय टीम के प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल होंगे। बोल्ट ने कहा, 'मैं केएल राहुल की बल्लेबाजी का बड़ा प्रशंसक हूं। वह भारतीय बल्लेबाजी क्रम में शीर्षक्रम के प्रमुख खिलाड़ियों में से एक हैं। यशस्वी जायसवाल भी टीम में हैं। इन दो शानदार बल्लेबाजों को खेलते देखना रोचक होगा।'

राहुल की तकनीक और बल्लेबाजी शैली को देखते हुए न्यूजीलैंड की परिस्थितियों में उनका प्रदर्शन खास महत्व रखेगा। भारत के लिए यह दौरा आसान नहीं होने वाला, क्योंकि इस बार टेस्ट सीरीज अक्तूबर-नवंबर में हो रही है। आमतौर पर न्यूजीलैंड का भारत दौरा या भारत का न्यूजीलैंड दौरा फरवरी-मार्च के आसपास होता रहा है, लेकिन इस बार अक्तूबर-नवंबर में मुकाबले खेले जाएंगे। ऐसे में मौसम अपेक्षाकृत ठंडा रहेगा और पिचों पर तेज गेंदबाजों के लिए मदद मिलने की संभावना है। बोल्ट ने न्यूजीलैंड की परिस्थितियों को लेकर कहा, 'अक्तूबर के अंत में यह दौरा होगा, लिहाजा मौसम काफी ठंडा रहने वाला है। उम्मीद है कि विकेटों पर घास रहेगी, जिससे हमारे गेंदबाजों को मदद मिलेगी।' ऐसे में भारतीय बल्लेबाजों की तकनीक और धैर्य की कड़ी परीक्षा हो सकती है। खासकर नई गेंद के खिलाफ शुरूआती ओवरों में बल्लेबाजों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी।

न्यूजीलैंड के लिए कई वर्षों तक ट्रेंट बोल्ट और टिम साउदी ने नई गेंद की जिम्मेदारी संभाली। हालांकि, बोल्ट का मानना है कि मौजूदा न्यूजीलैंड टीम के तेज गेंदबाजों में भी काफी विविधता और क्षमता है।

## मुंबईः 'फिनटेक सेक्टर के लिए एक फेडरेटेड इंडस्ट्री प्लेफॉर्म बनाने की जरूरत', बोलीं वित्त मंत्री सीतारमण



एजेंसी न्यूज

**मुंबई।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुंबई में आयोजित ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 के अपने समापन भाषण में फिनटेक सेक्टर के लिए एक 'फेडरेटेड इंडस्ट्री प्लेटफॉर्म' बनाने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने फिनटेक सेक्टर की जबरदस्त ग्रोथ के बारे में बोलते हुए कहा, यह सेक्टर अभी तक बहुत अधिक संगठित नहीं रहा है, जैसे-जैसे इस सेक्टर की कंपनियां बड़ी और ज्यादा इंटरनेशनल होती जा रही हैं, वैसे-वैसे इस सेक्टर को एक भरोसेमंद और सामूहिक आवाज देने के लिए ऐसे प्लेटफॉर्म की जरूरत भी बढ़ रही है। अपने संबोधन में वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि एआई के बढ़ते प्रभाव के बीच सरकारों और नियामकों के लिए चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं।

उन्होंने कहा, "मैं मानती हूं कि यह एक ऐसा उद्योग है जो पारंपरिक रूप से इसलिए फला-फूला है क्योंकि यह बहुत अधिक संगठित नहीं रहा है। लेकिन जैसे-जैसे कंपनियां बड़ी और ज्यादा इंटरनेशनल होती जा रही हैं, सामूहिक जुड़ाव से उस आजादी को कम करने की जरूरत नहीं है। इसलिए, एक ऐसे फेडरेटेड इंडस्ट्री प्लेटफॉर्म पर विचार करना फायदेमंद हो सकता है जो व्यापक भारतीय टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम को एक साथ लाए। इसका उद्देश्य अलग-अलग कंपनियों की जगह बोलना नहीं, बल्कि सेक्टर को एक भरोसेमंद सामूहिक आवाज देना है।

**क्या होता है फेडरेटेड इंडस्ट्री प्लेटफॉर्म ?**

वित्त मंत्री ने कहा कि फेडरेटेड प्लेटफॉर्म दुनिया भर की विदेशी सरकारों और रेगुलेटर्स के साथ जुड़ेगा। यह ऐसा मंच होगा जो एक सामूहिक अंतरराष्ट्रीय आवाज दे सके और नियामक स्थितियों के बाजार पहुंच में बाधा बनने से पहले विदेशी सरकारों और नियामकों के साथ बातचीत कर सके। फेडरेटेड इंडस्ट्री प्लेटफॉर्म एक ऐसा डिजिटल या तकनीकी ढांचा होता है, जहां कई स्वतंत्र कंपनियां, संस्थान या संगठन एक केंद्रीय नेटवर्क से जुड़े होते हैं, लेकिन अपने डेटा और सिस्टम पर उनका पूरा स्वायत्त नियंत्रण रहता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामण ने भारत का जनसांख्यिक लाभ अब कोई सपना नहीं रह गया है, बल्कि यह युवा आबादी द्वारा बनाए जा रहे व्यवसायों, प्रौद्योगिकी और प्लेटफॉर्म्स से स्पष्ट दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि भारत की जनसांख्यिकीय लाभ का वास्तविक रूप से अनुभव कर रहा है, जिसमें युवा भारतीय अपनी क्षमता को आर्थिक गति के रूप में बदल रहा है। भारत की फिनटेक क्षमताएं डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और यूपीआई में प्रगति कर रही हैं। देश सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में उभरते हुए अंतरिक्ष अन्वेषण में भी लगातार प्रगति कर रहा है।






## बैंकिंग नियामक का बड़ा एक्शनः आरबीआई ने किया एक लाख करोड़ रुपये की ओएमओ बिक्री का एलान

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकिंग प्रणाली में मौजूद 10.43 लाख करोड़ रुपये के लिक्विडिटी सरप्लस को नियंत्रित करने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये की ओएमओ बिक्री की घोषणा की है।

बैंकिंग प्रणाली में नकदी (लिक्विडिटी) के भारी सरप्लस को संतुलित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को एक बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय बैंक ने तीन अलग-अलग किस्तों में ,ि लाख करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी प्रतिभूतियों की ओपन मार्केट ऑपरेशन (ओएमओ) बिक्री नीलामी आयोजित करने की घोषणा की है। आरबीआई की इस



कार्रवाई का पहला चरण 17 सितंबर 2026 से शुरू होने जा रहा है। एफसीएनआर बी) जमाओं में भारी बढ़ोतरी और सरकारी खर्चों के चलते बैंकिंग तंत्र में तरलता का स्तर 10.43 लाख करोड़ रुपये के विशाल आंकड़े तक पहुंच चुका है। ऐसे में वित्तीय बाजार में स्थिरता बनाए रखने और अतिरिक्त तरलता को सोखने के लिए रिजर्व बैंक की यह पहल बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

रिजर्व बैंक ने अपने आधिकारिक बयान में स्पष्ट किया कि वर्तमान और भविष्य की लिक्विडिटी स्थितियों की गहन समीक्षा के बाद ही 1,00,000 करोड़ रुपये की भारत सरकार की प्रतिभूतियों की ओएमओ बिक्री करने का निर्णय लिया गया है। आंकड़ों के मुताबिक, 10 सितंबर तक बैंकिंग प्रणाली में लिक्विडिटी का अधिशेष लगभग 10.43 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया है।






## विजय माल्या को राहत नहींः ईडी ने हाईकोर्ट में कहा, कर्ज वसूली से आरोप खत्म नहीं होते

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** शराब कारोबारी विजय माल्या को भारत में कानूनी प्रक्रिया से बचने के बावजूद राहत नहीं मिलेगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बॉम्बे हाईकोर्ट में यह बात कही है। ईडी ने कहा कहा है कि बैंकों की ओर से कर्ज वसूली से माल्या पर लगे मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप खत्म नहीं होंगे। यह जवाब माल्या की 2020 में दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान आया है।

माल्या ने अपनी याचिका में आपराधिक मामलों को बंद करने की मांग की थी। उनका तर्क था कि बैंकों के साथ उनका विवाद कर्ज वसूली के बाद सुलझ गया है। ईडी ने 8 सितंबर को अपना हलफनामा दाखिल किया। ईडी ने बताया कि एसबीआई के नेतृत्व वाले बैंक संघ को 14,131.6 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति सौंपी गई है। एजेंसी ने कहा कि इससे माल्या के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप रद्द नहीं होंगे। माल्या मार्च 2016 में भारत छोड़ गए थे। बार-बार समन के बावजूद वे जांच प्राधिकरण के सामने पेश नहीं हुए। उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट भी जारी किया गया था। नवंबर 2016 में उन्हें भगोड़ा अपराधी घोषित किया गया। ईडी ने कहा कि माल्या अभी भी कानून की प्रक्रिया से बच रहे हैं और भारत नहीं लौटे हैं।

ईडी ने हाई कोर्ट को बताया कि माल्या ने भारत लौटने या सक्षम आपराधिक अदालत के अधिकार क्षेत्र में पेश होने से इन्कार किया है। हाई कोर्ट की पूछताछ के बावजूद माल्या ने अपने जवाबों में अस्पष्टता बनाए रखी। एजेंसी ने जोर देकर कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत शुरू किया गया आपराधिक अभियोजन अप्रभावी नहीं होता। यह केवल इसलिए नहीं रुकता क्योंकि बैंकों ने बाद में संपत्ति से पर्याप्त राशि वसूल कर ली है। पीएमएलए के तहत संपत्ति की बहाली वैध दावेदारों के नुकसान की वसूली के लिए एक वैधानिक तंत्र है।

माल्या पर मनी लॉन्ड्रिंग और कम से कम 3,500 करोड़ रुपये के गबन का आरोप है। यह राशि उनकी अब बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस को दिए गए 9,000 करोड़ रुपये के बैंक ऋण का हिस्सा थी। ईडी ने 2016 में माल्या की संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया था।










जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।